
बोकारो, मंगलवार
28.01.2025
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 11, अंक : 352

हिन्दी दैनिक
# राष्ट्रीय मुख्यधारा

mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
RNI : JHAHIN/2014/54374
www.rashtriyamukhyadhara.com
अख़बार भी, आन्दोलन भी

राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# वक्फ संशोधन विधेयक : जेपीसी में सरकार की ओर से पेश संशोधनों में 14 बदलावों को मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



संसद की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने सोमवार को वक्फ संशोधन विधेयक से जुड़े संशोधनों पर खंडवार चर्चा की और कुल 14 बदलावों को संस्तुति प्रदान की। 1995 के वक्फ अधिनियम में सरकार की ओर से कुल 44 संशोधनों का प्रस्ताव था। बैठक में इन संशोधनों में बदलाव किए जाने पर चर्चा की गई। विपक्ष की ओर से दिए गए सभी संशोधन वोटिंग के बाद अस्वीकृत कर दिए गए। संयुक्त संसदीय समिति की बैठक के बाद समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने पत्रकारों से कहा कि 44 संशोधनों पर चर्चा की गई। छह महीने तक चर्चा के बाद हमने सभी सदस्यों से संशोधन मांगे थे। यह हमारी अंतिम बैठक थी, इसलिए बहुमत के आधार पर समिति ने 14 संशोधनों को स्वीकार किया। विपक्ष ने भी संशोधन सुझाए थे। हमने उनमें से प्रत्येक संशोधन को आगे बढ़ाया और उस पर मतदान हुआ लेकिन उनके समर्थन में 10 और विरोध में 16 वोट पड़े। इस कारण उसे मंजूर नहीं किया गया। वक्फ संशोधन विधेयक पर जेपीसी को संसद के बजट सत्र के दौरान अपनी रिपोर्ट पेश करनी है। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान जेपीसी का कार्यकाल बढ़ा दिया गया था।

समिति की सदस्य भाजपा नेत्री अपराजिता सारंगी ने कहा कि बैठक की कार्यवाही लोकतांत्रिक ढंग से हुई। सभी को अपना पक्ष रखने की अनुमति दी गई। कल संशोधित रूप में विधेयक सदस्यों के बीच वितरित किया जाएगा। 29 जनवरी (जनवरी) को समिति विधेयक को अपनाने पर चर्चा के लिए फिर से बैठक करेगी। उधर, विपक्ष ने बैठक के बाद आरोप लगाया कि खंडवार चर्चा की बजाय समिति में केवल संशोधनों पर मतदान किया गया। विपक्षी नेताओं ने समिति की आज की कार्यवाही को हास्यास्पद बताया और कहा कि यह लोकतंत्र का काला दिन है। तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि हमें चर्चा के लिए समय नहीं दिया गया। किसी भी चर्चा या स्पष्टीकरण के बिना बदलावों पर वोटिंग की गई। पूरी प्रक्रिया को वोटिंग के जरिये हराया गया। सभी प्रक्रियाओं को दरकिनार कर दिया गया और अध्यक्ष ने विधेयक में मामूली बदलाव कर इसे आगे बढ़ा दिया, कोई चर्चा नहीं हुई। जबकि जेपीसी के गठन के बाद से हितधारकों को बुलाकर इन पर चर्चा की गई है। 95-98 प्रतिशत हितधारकों ने विधेयक का विरोध किया है। द्रमुक नेता ए राजा ने कहा कि जेपीसी की आज की बैठक में खंड दर खंड विचार होना था। हमने इस बात का मुद्दा उठाया कि दस्तावेजों के अभाव में ऐसा कैसे संभव है।

समिति ने लखनऊ, पटना, कोलकाता का दौरा किया। इसमें हितधारकों ने अपने विचार रखे। उससे जुड़े दस्तावेज हमें नहीं मिले हैं। अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि सभी दस्तावेजों को सात दिनों के भीतर सदस्यों तक पहुंचाया जाना चाहिए और सात दिन हो गए हैं। शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि विपक्ष अपनी ओर से दिए संशोधनों पर चर्चा चाहता था। हमने संशोधन किसी कारण से दिए थे। उन पर विचार होना चाहिए था। अब हमें कहा गया है कि अंतिम ड्राफ्ट रिपोर्ट 29 जनवरी को दी जाएगी। सपा सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने कहा कि जेपीसी की बैठक में देश के अल्पसंख्यकों के साथ मजाक हुआ है। यह वक्फ बोर्ड को लूटने की एक प्रक्रिया है। संसदीय प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था। आज जेपीसी की बैठक से पहले एनडीए के नेताओं ने केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू के निवास पर उनसे मुलाकात की। इस दौरान शिवसेना सांसद नरेश महस्के ने विपक्ष पर अल्पसंख्यकों का मसीहा दिखने के लिए नाटक करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं में आपस में प्रतिस्पर्धा है कि कौन अधिक विरोध करेगा। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को जेपीसी बैठक में फिर हंगामा हुआ था। इसके चलते विपक्ष के 10 सदस्यों को समिति की कार्यवाही से एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया था।

## अमृतसर में आंबेडकर की मूर्ति तोड़ने पर बवाल, कांग्रेस ने बताया संविधान पर हमला

**पंजाब के जरिये भारत के खिलाफ प्रॉक्सी वार छेड़ रहा पाकिस्तानः रंधावा**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने कहा है कि अमृतसर में कल बाबा साहेब आंबेडकर की मूर्ति पर जो हमला हुआ है, वह हमला सिर्फ एक मूर्ति पर नहीं बल्कि उनकी विचारधारा और हमारे संविधान पर हमला है। पार्टी ने कहा है कि पंजाब की मौजूदा आम आदमी पार्टी (आआपा) सरकार वहां पर आतंकी गतिविधियों में शामिल तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय देश की एकता और अखंडता को खतरे में डाल रही है। इसलिए दिल्ली विधानसभा चुनाव में यहां के लोगों को बहुत सोच विचारकर अपने लोकतांत्रिक अधिकारों (मतदान) का प्रयोग करने की जरूरत है। कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमृतसर में बाबा साहेब की मूर्ति को खंडित करने का प्रयास महज एक घटना नहीं है, बल्कि इसकी पूरी कड़ी है। माकन ने पंजाब के पूर्व डीजीपी केपीएस गिल की 2 फरवरी 2017 की उस टिप्पणी को उद्धृत किया, जिसमें गिल ने कहा था कि अगर पंजाब में आआपा की सरकार आएगी तो आतंकवाद और



उग्रवादियों को बढ़ावा मिलेगा। माकन ने कहा कि आज यह बात अब सच साबित हो रही है। अमृतसर में आंबेडकर की प्रतिमा से तोड़-फोड़ की घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आआपा और केजरीवाल हमेशा से ही बाबा साहेब और उनके संविधान का अपमान करते आए हैं। पंजाब हो या दिल्ली, इनकी संविधान विरोधी सोच ने हर बार लोगों की भावनाओं को आहत किया है। इसलिए केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को इस पाप के लिए पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। इस मौके पर पंजाब के पूर्व गृह मंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि केपीएस गिल ने जो आशंका जतायी थी, आआपा संयोजक केजरीवाल उससे भी ज्यादा खतरनाक हैं। उन्होंने कहा, "खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू के समर्थकों द्वारा 25 मार्च 2024 को रोपड़ से लेकर मनाली तक दीवारों पर खालिस्तान जिन्दाबाद के नारे लिखे गए। तब हमने कहा था कि गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उस समय पन्नू ने पंजाब सरकार को धमकाते हुए कहा कि उसकी ओर से 128 करोड़ रुपये की चुनावी फंडिंग की गई है। भगवंत मान में हिम्मत है तो कार्रवाई करें लेकिन भगवंत मान ने कुछ नहीं किया। हमने चिट्ठी लिखी, विधानसभा में भी उठाया लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। उन्होंने कहा कि पंजाब में आआपा शासन में अबतक कुल 11 थानों पर ग्रेनेड हमले हो चुके हैं। ये उसी किस्म के ग्रेनेड थे, जो मुंबई हमले और संसद पर हुए हमले में इस्तेमाल किए गए थे। इसके बावजूद आआपा का कोई नेता इन मामलों पर नहीं बोला। पंजाब के जरिये पाकिस्तान भारत के खिलाफ प्रॉक्सी वार छेड़ रहा है। रंधावा ने बताया कि उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री को पंजाब में हुए इन ग्रेनेड हमलों के बारे चिट्ठी लिखी थी लेकिन अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई। 2008 में कैप्टन अमरिंदर सिंह के मुख्यमंत्रित्वकाल में एक बम हमला हुआ था, उस समय पंजाब पुलिस से पहले एनआईए पहुंच गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान के मुल्तान में एलपीजी टैंकर में विस्फोट, पांच की मौत, 31 घायल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मुल्तान के हामिदपुर कनोरा इलाके के औद्योगिक एस्टेट में आज सुबह एलपीजी टैंकर में हुए विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई और 31 अन्य घायल हो गए। मृतकों में एक नाबालिग लड़की और दो महिलाएं भी हैं। बताया गया है कि विस्फोट के बाद टैंकर में आग लग गई और टूटे हुए टैंकर का मलबा आसपास के रिहायशी इलाकों में जा गिरा। मुल्तान पाकिस्तान का सातवां सबसे बड़ा शहर है। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, बचाव अधिकारियों ने कहा कि 10 से अधिक दमकल वाहनों की मदद से घंटों के प्रयास के बाद आग बुझा दी गई। मुल्तान के पुलिस अधिकारी सादिक अली ने बताया कि इस घटना में कई घर नष्ट हो गए और कई पशुओं की जान चली गई। उन्होंने खुलासा किया कि औद्योगिक एस्टेट में खड़े टैंकर के एक वाल्व से गैस लीक हो रही थी। टैंकर में विस्फोट होने से पहले ही गैस की गंध आने के बाद इलाके में मौजूद कुछ लोग वहां से हट गए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों में 13 की हालत गंभीर है। जिला आपातकालीन अधिकारी ने कहा कि एहतियात के तौर पर इलाके में बिजली और गैस की आपूर्ति निलंबित कर दी गई है।

### रुका वेतन मिलने से खुश इमामों ने दिल्ली के उपराज्यपाल का किया जोरदार स्वागत

**नई दिल्ली।** दिल्ली वक़्फ़ बोर्ड की मस्जिदों में नियुक्त इमामों और मोअज्जिन की तरफ से आज दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना का एंग्लो अरेबिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल अजमेरी गेट में जोरदार स्वागत किया गया। हाल ही में दिल्ली वक़्फ़ बोर्ड के इमाम और मोअज्जिन के रुके हुए 18 महीने का वेतन जारी होने के बाद उपराज्यपाल का शुक्रिया अदा करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर आइंदा इमामों के वेतन न रुके, इसके लिए उपराज्यपाल से ठोस रणनीति बनाए जाने की मांग भी की गई। कार्यक्रम में दिल्ली वक़्फ़ बोर्ड के इमाम और मोअज्जिन के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता, उलेमा और बुद्धिजीवी भी मौजूद थे। इस मौके पर उपराज्यपाल ने अपने स्वागत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली में विधानसभा चुनाव चल रहे हैं, इसलिए यहां पर कोई ऐसी बात नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव बाद इस समस्या के समाधान के लिए ठोस रणनीति बनाने के लिए कार्य किया जाएगा। आपकी जो मांगें है, उस पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। गौरतलब है कि दिल्ली वक्फ बोर्ड के इमाम और मोअज्जिन गत डेढ़ वर्षों से वेतन न मिलने से काफी परेशान थे। उनके सामने अपने बच्चों के स्कूल फीस न जमा कर पाने समेत परिवार का भरण-पोषण तक का घोर संकट आ गया था। अपनी मांगों के लिए उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर के चक्कर लगाए और प्रदर्शन भी किया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी।

## ममता कुलकर्णी के संन्यास पर बोले बाबा रामदेव- किसी को भी महामंडलेश्वर बना दे रहे

**देहरादून।** योग गुरु बाबा रामदेव ने पूर्व फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बनाए जाने पर आपत्ति व्यक्त की है। इसके साथ ही महाकुंभ के नाम पर रील्स के जरिए फैलाई जा रही फूहड़ता पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि यह ठीक नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा है कि एक दिन में कोई संत नहीं बन सकता है। इसमें सालों की साधना की जरूरत होती है। साथ ही उन्होंने अभिनेत्री रहीं ममता कुलकर्णी के महामंडलेश्वर बनने पर भी प्रतिक्रिया दी है। पत्रकारों से बात बात करते हुए बाबा रामदेव ने कहा, कि कुछ महामंडलेश्वर बन गए। किसी के भी नाम के आगे बाबा जोड़ देना। किसी भी प्रकार के ओछी हरकतों को, रील्स को कुंभ के नाम पर लोगों तक पहुंचाना ठीक नहीं है। जब सवाल किया गया है कि हाल ही में एक अभिनेत्री महामंडलेश्वर बनी हैं, तो इसपर बाबा रामदेव ने कहा, एक दिन में कोई संतत्व को उपल्बध नहीं हो सकता। उसके लिए वर्षों की साधना लगती है। ...हम लोगों को



इस साधुता को पाने में 50-50 वर्षों का तप लगा है। इसको संतत्व कहते हैं। साधु होना बड़ी बात है। महामंडलेश्वर होना तो बहुत बड़ा तत्व है। आजकल मैं देख रहा हूं कि किसी की भी मुंडी पकड़कर महामंडलेश्वर बना दिया। ऐसा नहीं होना चाहिए। किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरि उर्फ टीना मां ने को बताया कि ममता कुलकर्णी ने गंगा में डुबकी लगाई और गंगा के तट पर अपना पिंडदान किया। उनके मुताबिक, शाम करीब आठ बजे किन्नर अखाड़ा में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महामंडलेश्वर के रूप में उनका पट्टाभिषेक किया गया।

## समुद्री संबंधों को मजबूत करने पर भारत और इंडोनेशियाई नौसेना ने जताई सहमति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**▪ भारत और इंडोनेशिया ने रक्षा, आर्थिक संबंधों को मजबूत करने का संकल्प लिया**



गणतंत्र दिवस परेड में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने आए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो इस समय भारत की यात्रा पर हैं। भारत और इंडोनेशिया ने राष्ट्रपति सुबियांटो की यात्रा के दौरान व्यापार, सुरक्षा और नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग का वचन देते हुए रक्षा और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने का संकल्प लिया। इंडोनेशियाई नौसेना के चीफ ऑफ स्टाफ एडमिरल मुहम्मद अली ने सोमवार को नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी के साथ वार्ता करके करीबी दो समुद्री पड़ोसियों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए द्विपक्षीय बातचीत की। दोनों नौसेना प्रमुखों के बीच वार्ता के मुख्य बिन्दुओं में अभ्यास समुद्र शक्ति जैसी संयुक्त पहल को आगे बढ़ाना, परिचालन सहयोग को मजबूत करना और समुद्र में समुद्री डकैती, अन्य अवैध गतिविधियों सहित साझा समुद्री चुनौतियों का समाधान करना शामिल था। इंडोनेशियाई नौसेना के चीफ की इस यात्रा में प्रमुख समुद्री प्रतिष्ठानों जैसे कि सूचना संलयन केंद्र हिंद महासागर क्षेत्र (आईएफसी-आईओआर), हथियार और इलेक्ट्रॉनिक्स प्रणाली, इंजीनियरिंग प्रतिष्ठान में भी बैठकें होनी हैं, जिसमें क्षेत्रीय सहयोग और समुद्री डोमेन जागरुकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इंडोनेशियाई नौसेना प्रमुख को साउथ ब्लॉक में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। एडमिरल मुहम्मद अली ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बीएपीएल) का भी दौरा किया। इंडोनेशिया ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली हासिल करने के लिए भारत के साथ बातचीत कर रहा है और दोनों पक्ष सौदे के मूल्य निर्धारण पर व्यापक सहमति पर पहुंच गए हैं, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 450 मिलियन डॉलर है। एडमिरल अली ने रक्षा एवं रणनीति के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत बनाने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। भारतीय नौसेना और रक्षा हितधारकों के साथ एडमिरल मुहम्मद अली की बातचीत क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने और सुरक्षित और शांतिपूर्ण समुद्री वातावरण सुनिश्चित करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## विमान कंपनियों ने सामान्य श्रेणी का किराया 200 से 700 प्रतिशत तक बढ़ाया : विनोद बंसल

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से आयोजित भव्य महाकुंभ में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। बस, ट्रेन और हवाई मार्ग से श्रद्धालु पवित्र संगम में स्नान करने के लिए आ रहे हैं। इस बीच विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के प्रवक्ता विनोद बंसल ने दावा किया कि विमान कंपनियों ने सामान्य श्रेणी के किराए में 200 प्रतिशत से 700 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है। विहिप प्रवक्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को टैग करते हुए लिखा कि प्रयागराज की पावन धरा पर हो रहे महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा, सुरक्षा और सुविधाओं का राज्य सरकार तो पूरा ध्यान रख ही रही है, अनेक धार्मिक, सामाजिक व सेवाभावी संगठन व लोग भी निस्वार्थ भाव से सेवा में जुटे हैं। लेकिन, कुछ विमानन कंपनियां यात्रियों की बढ़ती संख्या का अनुचित लाभ लेते हुए हवाई किराए में बेतहाशा वृद्धि कर अनाप-शनाप किराया वसूल कर रही हैं। जो सर्वथा अनुचित और अनैतिक है। यह अवसर आतिथ्य सेवा, समर्पण और श्रद्धा भाव से सत्कार का है, न कि अनुचित किराया वसूली का।

## एनवीएस-2 की लॉन्चिंग 29 जनवरी कोः इसरो



**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) का जीएसएलवी-एफ15 सैटेलाइट एनवीएस-दो के साथ आसमान में उड़ान भरने के लिए तैयार है। एनवीएस-2 उपग्रह को 29 जनवरी को शाम 6 बजकर 23 मिनट पर लॉन्च किया जाएगा। सोमवार को इसरो ने एक्स पोस्ट में यह जानकारी दी। इससे पहले इसरो ने रविवार को बताया कि उसके रॉकेट जीएसएलवी-एफ15 का सैटेलाइट एनवीएस-02 के साथ इंटीग्रेशन पूरा हो गया है। यह रॉकेट जिसमें स्वदेशी क्रायोजेनिक स्टेज है, 29 जनवरी को लॉन्च किया जाएगा। इस रॉकेट पर सैटेलाइट एनवीएस-02 होगा। यह श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 100वां मिशन होगा। नेविगेशन विद इंडियन कंस्टेलेशन भारत का स्वतंत्र क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम है। इसका उद्देश्य भारत और भारतीय जमीन से 1,500 किमी तक फैले क्षेत्र में उपयोगकर्ताओं को सटीक पोजीशन, वेलोसिटी और टाइमिंग सेवाएं प्रदान करना है। उल्लेखनीय है कि जीएसएलवी-एफ12 ने एनवीएस-01 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में सफलतापूर्वक लॉन्च किया था।

## अमित शाह ने लगाई महाकुंभ में डुबकी, पोते को दिलवाया संतों से आशीर्वाद

**एजेंसी। अहमदाबाद**



प्रयागराज के महाकुंभ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संगम में डुबकी लगाई वहीं दूसरी तरफ अपने बेटे जय शाह के पुत्र को संतों से आशीर्वाद दिलाया। अमित शाह ने पिछले हफ्ते गुजरात दौरे में 27 जनवरी को महाकुंभ जाने का ऐलान किया था। अमित शाह के बेटे जय शाह पिछले साल पिता बने थे। उनके दो बेटियां भी हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बेटे जय शाह पिछले साल ही आईसीसी के चेयरमैन बने थे। यह दूसरा मौका है जब अमित शाह अपने पोते के साथ दिखे। इससे पहले वह जब इस साल की शुरुआत में मकर संक्रांति पर अहमदाबाद पहुंचे थे। तब उन्होंने जगन्नाथ मंदिर में गौ पूजा की थी। जब जय शाह ओवर प्रोटेक्टिव हो गए थे। तब उन्होंने बेटे जय शाह को मीठी डांट लगाई थी और कहा था कि अरे कुछ नहीं होगा। अमित शाह का दादा वाले रूप की तारीफ हुई थी। दरअसल तब अमित शाह गौ पूजा के बाद आरती दीये से पोते को आरती देने की कोशिश कर रहे थे। शाह ने पिछले दिनों बताया था कि वह नौ बार कुंभ में डुबकी लगा चुके हैं। ऐसे में यह 10वां मौका है जब अमित शाह ने कुंभ में स्नान किया है। महाकुंभ पहुंचे शाह ने खुद अपनी गोदी में बेटे को लिया। इसके बाद कई संतों ने अपना आशीर्वाद दिया और पोते को दुलारा।

## अज्ञानता और राजनीतिक लाभ के लिए हो रहा यूसीसी का विरोधः उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि अज्ञानतावश कुछ लोग समान नागरिक संहिता की आलोचना कर रहे हैं। यूसीसी संविधान और राष्ट्र निर्माताओं का आदेश है, जिसका उद्देश्य लैंगिक समानता लाना है। लेकिन राजनीतिक लाभ के लिए कुछ लोग राष्ट्रवाद को तिलांजलि देने में समय नहीं लगाते। उपराष्ट्रपति ने आज राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रतिभागियों के पांचवें बैच के उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता की और उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन पोर्टल का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, "कोई



समान नागरिक संहिता लागू करने का विरोध कैसे कर सकता है? आपको संविधान सभा की बहसों का अध्ययन करना चाहिए, अध्ययन करना चाहिए कि देश की सर्वोच्च अदालत ने कितनी बार ऐसा संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान को अपनाने के बाद अब जाकर 'देव भूमि' उत्तराखंड के माध्यम से समान नागरिक संहिता एक वास्तविकता बनी है। संविधान के अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि देश अपने नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता बनाने का प्रयास करेगा। आज एक राज्य ने इसे किया है। उन्हें यकीन है कि वह समय दूर नहीं जब पूरे देश में समान नागरिक संहिता लागू होगी। राष्ट्र-विरोधी आख्यानों को बेनकाब करने की अपील करते हुए उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि बहुत कम संख्या में कुछ लोग देश की संस्थाओं को बदनाम कर रहे हैं। इनका राष्ट्रवाद से बेहद कम जुड़ाव है। ऐसी परिस्थिति में इन विचारों को कुचलना होगा। उन पर प्रतिघात करना, कुठाराघात करना आज के नवयुवकों और नवयुवतियों के ऊपर सबसे बड़ा दायित्व है। उन्हें ऐसे लोगों को बेनकाब करना होगा।

## एप्पल के वॉच बैंड्स में खतरनाक कैमिकल होने का दावा, मुकदमा हुआ कायम

**कैलिफोर्निया।** एप्पल की वॉच बैंड्स में खतरनाक कैमिकल होने का दावा किया गया है। इस दावे को लेकर एप्पल पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें कंपनी के ऑशियन, नाइक स्पोर्ट और स्पोर्ट वॉच बैंड्स में खतरनाक केमिकल्स की मौजूदगी का आरोप लगाया गया है। इन बैंड्स में परफ्लुओरोआल्किल और पॉलीफ्लुओरोआल्किल सब्स्टेंस (पीएएफएएस) पाए गए हैं, जिन्हें फॉरएवर केमिकल्स के नाम से जाना जाता है। इन केमिकल्स का प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर गंभीर हो सकता है और इन्हें कैंसर, प्रजनन समस्याओं, और अन्य स्वास्थ्य संबंधित बीमारियों से जोड़ा जाता है। इस आरोप के बाद एप्पल की प्रतिष्ठा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। वहीं एप्पल का कहना है कि उनकी वॉच बैंड्स पूरी तरह सुरक्षित हैं और वे न केवल अपने स्तर पर बल्कि स्वतंत्र लैब्स द्वारा भी अपने उत्पादों की गुणवत्ता और सामग्री की जांच करवाते हैं। लेकिन याचिकाकर्ताओं का कहना है कि एप्पल ने ग्राहकों को यह जानकारी नहीं दी कि उनके वॉच बैंड्स में पीएफएएस जैसे खतरनाक केमिकल्स मौजूद हैं। याचिका में यह भी आरोप है कि एप्पल ने अपने प्रोडक्ट्स के निर्माण में ऐसे सामग्रियों का इस्तेमाल किया जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती हैं, जबकि वह अन्य सुरक्षित विकल्प का इस्तेमाल कर सकते थे।

## बांग्लादेश में जनरल फैज-उर रहमान कर सकते हैं सेना में तख्तापलट, बना रहे प्लान

**ढाका।** बांग्लादेश में बीते साल 5 अगस्त को तख्तापलट के बाद पीएम शेख हसीना को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। हिंसा के बीच वह विमान से भारत चली गई थीं। उसके बाद से ही बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार सरकार सत्ता में है। इस बीच खबर आ रही है कि बांग्लादेशी कट्टरपंथी अब सेना पर भी अपनी पकड़ मजबूत करने की फिराक में हैं। लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद फैज-उर रहमान की लीडरशिप में ऐसा हो सकता है। बांग्लादेश की सेना में वह फिलहाल क्वार्टर मास्टर जनरल हैं और कट्टर इस्लामिक विचारधारा वाले माने जाते हैं। जानकारी के मुताबिक मौजूदा आर्मी चीफ जनरल वकार-उज-जमां को उनके पद से हटा सकते हैं। पिछले सप्ताह जब आईएसआई के चीफ ढाका आए तो उनसे मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व फैज-उर-रहमान ने ही किया था। कहा तो यहां तक जा रहा है कि आईएसआई की शह पर बांग्लादेश की सेना को ढालने की कोशिश की जा रही है।

संक्षिप्त समाचार

## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से मिले भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज ईशान किशन



**एजेंसी । रांची ।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज ईशान किशन ने जमशेदपुर में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से मुलाकात की। रघुवर दास ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को ईशान किशन की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है कि भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज ईशान किशन, झारखंड क्रिकेट टीम के कप्तान विराट सिंह और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ी मोनू सिंह ने जमशेदपुर स्थित आवास पर मुलाकात की। मैंने उन्हें उनके सफल और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## पैनम कोल माइंस के अवैध खनन मामले में सीबीआई जांच की मांग

### झारखंड हाईकोर्ट ने सरकार को दिया निर्देश

**एजेंसी । रांची।** पैनम कोल माइंस के अवैध खनन की सीबीआई जांच की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान खनन विभाग के सचिव कोर्ट के आदेश पर सशरीर उपस्थित हुए। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल किया गया जिस पर कोर्ट ने प्रार्थी को इस पर प्रतिउत्तर देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने अगली सुनवाई में खान विभाग के सचिव के सशरीर उपस्थित होने पर छूट प्रदान की। पिछले सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार के जवाब पर असंतोष जताया था। उल्लेखनीय है कि पैनम माइंस पर लीज से ज्यादा खनन का आरोप है। झारखंड सरकार ने दुमका और पाकुड़ जिले में पैनम माइंस नाम की कंपनी को कोयला खनन का लीज सौंपा था लेकिन आरोप है कि कंपनी ने लीज से ज्यादा कोयला खनन किया है जिससे राज्य सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ है। इस मामले में हाईकोर्ट के अधिवक्ता राम सुभग सिंह ने जनहित याचिका दाखिल की है।

## भूमि अधिग्रहण जनहित याचिका पर हाईकोर्ट सख्त, मुख्य सचिव को अवमानना नोटिस जारी

**एजेंसी । रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में भूमि अधिग्रहण विस्थापित और पुनर्वास किसान समिति की ओर से दायर जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने पूछा कि पूर्व के आदेश का अनुपालन किया गया है या नहीं। इस पर प्रार्थी की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि अदालत के आदेश का अनुपालन अब तक नहीं किया गया है। इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए अदालत ने राज्य की मुख्य सचिव को अवमानना का नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। याचिका में खनन विभाग में एक ही व्यक्ति को दो पदों पर रखने को नियम विरुद्ध बताते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच में हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने पक्ष रखा।

## कुष्ठ रोगियों के लिए चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

**एजेंसी । लोहरदगा।** लोहरदगा जिला मे कुष्ठ रोगियों की पहचान और कुष्ठ रोग के प्रति लोगों में जागरूकता के लिए 30 जनवरी से 13 फरवरी 2025 तक जिला में अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षा में आयोजित हुई। बैठक में अभियान के स्टेट कॉर्डिनेटर डॉ गौतम ने बताया कि यह अभियान उक्त तिथि में जिला के सभी प्रखण्डों में ग्राम स्तर पर चलाया जाएगा। इसमें सहिया, आंगनवाड़ी सेविका-सहायिकाओं की मदद से घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की पहचान की जाएगी। ग्राम सभाएं भी होंगी। डॉ गौतम ने कुष्ठ रोग के फैलने के कारण, ईलाज, अभियान के लिए बनाये गये कार्यक्रम के स्वरूप की जानकारी दी। बैठक में उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिला में कुष्ठ रोगियों की पहचान के लिए जो अभियान चलाया जाएगा। उसे सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग मिलकर कार्य करें। जहां पहले से कुष्ठ रोगियों की पहचान होती रही है वहां विशेष ध्यान देने की जरूरत है। रोगियों के लिए पहचान के लिए सही से उसकी रूपरेखा तैयार करें। जिन रोगियों के बाद ईलाज चलेगा उन पर निरंतर नजर बनाये रखना जरूरी है। स्कूलों में जो बैठक अभिभावकों के साथ होती है। उसमें भी बच्चों के माता-पिता को जागरूक किया जाए। किसी भी संभावित मामले को नजरअंदाज नहीं किया जाए। बैठक में सिविल डॉ शंभूनाथ चौधरी, डॉ डीएन सिंह, सुलामी होरो, डीपीएम नाजिश अख्तर, एपिडेमोलॉजिस्ट प्रशांत चौहान समेत सभी चिकित्सा प्रभारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## पूर्व एसडीओ की गिरफ्तारी को लेकर थाना पहुंचे परिजन

**एजेंसी । हजारीबाग।** हजारीबाग के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार पर पत्नी अनीता देवी की हत्या का गंभीर आरोप लगा है। मृतका के भाई राजू कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सोमवार को महिलाओं ने लोहसिंघना थाना में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने विरोध स्वरूप सिर पर लाल रिबन बांधा था। घटना पिछले महीने की है। जब सरकारी एसडीओ आवास में आग लगने से अनीता देवी गंभीर रूप से झुलस गईं। उन्हें रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका के भाई ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें एसडीओ अशोक कुमार पर अपनी बहन को जलाकर मारने का आरोप लगाया है। राजू कुमार गुप्ता ने पूर्व में भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि एसडीओ के अवैध संबंध इस घटना का मुख्य कारण है। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि इतनी गंभीर धाराओं में मामला दर्ज होने के बावजूद अभी तक आरोपित की गिरफ्तारी क्यों नहीं की गई। उनका कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। स्थानीय प्रशासन ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है। यह घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है और लोग दोषियों पर त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## तपकरा में दो फरवरी को शहीद दिवस, बंद रहेंगे सभी पिकनिक स्थल

**एजेंसी । खूंटी।** तोरपा प्रखंड के तपकारा में दो फरवरी को आयोजित होनेवाले शहीद दिवस को लेकर कोईल कारो जनसंगठन की शीर्ष कमेटी की बैठक सोमवार को तपकारा के शहीद भवन में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षत कमेटी के उपाध्यक्ष अनाक्लेतुस कंडुलना ने की।‹बैठक में निर्णय लिया गया कि शहीदों की स्मृति में दो फरवरी को मौन जुलूस निकाला जाएगा, जो शहीद स्थल से प्रारम्भ होकर तपकरा गांव का भ्रमण कर शहीद स्थल पर समाप्त होगी। इसके बाद शहीदों की कब्र पर पारम्परिक विधि विधान से पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी और शहीद स्थल के समीप श्रद्धांजलि सभा होगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि मौन जुलूस के समय तपकरा के व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। साथ ही शहीद दिवस के दिन डूब क्षेत्र के सभी पिकनिक स्थल चंचला घाघ, पेरवां घाघ और पांडूपुडिंग आदि बंद रहेंगे। बैठक में जोन जुरसेन गुड़िया, सहदेव बड़ाईक, मसीहदास गुड़िया, जीवन हेमरोम, अमृत गुड़िया, एरियल कंडुलना, सुगड़ गुड़िया, मदन सिंह, नमजन कंडुलना, रोयलेन गुड़िया, जेवियर गुड़िया, हाबिल भेंगरा, रामजीबोल कंडुलना, पूरन प्रसाद गुड़िया, जेम्स गुड़िया, झिरगा कंडुलना आदि उपस्थित थे।

# सांस्कृतिक और धार्मिक विभाजन को बढ़ावा दे रहे हैं स्वास्थ्य मंत्री : बाबूलाल मरांडी

### भाजपा प्रदेश अध्यक्षने स्वास्थ्य मंत्री पर साधा निशाना

एजेंसी | रांची



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पर निशाना साधा है। सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इरफान अंसारी जैसे लोगों को रिम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थान की जिम्मेदारी दी गई है। उनकी सांप्रदायिक विचारधारा और फैसले सांस्कृतिक और धार्मिक विभाजन को बढ़ावा दे रहे हैं। ताजा मामला सरस्वती पूजा को लेकर उठाए गए सवालों का है। पोस्ट में आगे लिखा है कि सरस्वती पूजा कोई साधारण धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, यह हमारी शिक्षा, ज्ञान और संस्कृति की आत्मा है। यह वह परंपरा है जो पीढ़ियों से हमारे समाज को एक सूत्र में पिरोती आयी है। लेकिन आज इसे रोकने की कोशिशें हो रही हैं। सवाल यह है कि अगर आज सरस्वती पूजा पर आपत्ति की जा रही है, तो क्या कल हमारी संस्कृति और देवी-देवताओं के अस्तित्व पर भी सवाल उठाए जाएंगे? मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि वे इस बेहद संवेदनशील मामले का खुद से संज्ञान लें। हालांकि बाद में रिम्स प्रशासन द्वारा पूजा की परमिशन मिलने की जानकारी मिलने पर एक अन्य पोस्ट में लिखा, रिम्स प्रशासन ने रिम्स के डाक्टरों, छात्रों एवं वहां के जनभावना का सम्मान करते हुए सरस्वती पूजा का आयोजन नहीं करने देने का अपना आदेश अब वापस ले लिया है। अब वहां पहले से चली आ रही परम्परा का निर्वहन करते हुए विधिवत सरस्वती पूजा का आयोजन होगा। शासन का यह कदम स्वागत योग्य है। वहीं दूसरी ओर मरांडी ने सोशल मीडिया पर कहा है कि गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर, जब पूरा देश संविधान और लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था प्रकट कर रहा था, तब पंजाब के अमृतसर में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की सबसे बड़ी मूर्ति तोड़े जाने की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस कायराना हरकत ने न केवल बाबा साहब के सम्मान को ठेस पहुंचाई, बल्कि भारतीय संविधान और दलित समाज का भी अपमान किया है। यह घटना सीधे-सीधे आम आदमी पार्टी और इंडी गठबंधन की नीयत और बाबा साहब के प्रति उनकी कथित निष्ठा पर गंभीर सवाल खड़े करती है। हाथ में संविधान लेकर हर जगह घूमने वाले राहुल गांधी और हर मंच पर दलितों के अधिकारों की बात करने वाले इंडिया गठबंधन के नेताओं की चुप्पी इस मामले में शर्मनाक है।

## मनरेगा घोटाले में झारखंड हाईकोर्ट ने जनहित याचिका निष्पादित कर बंद की




एजेंसी | रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने खूंटी में हुए मनरेगा घोटाले में खूंटी की तत्कालीन डीसी पूजा सिंघल की भूमिका की जांच के संबंध में स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई पूरी कर सोमवार को जनहित याचिका निष्पादित करते हुए मामला बंद कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अब इसमें कोई मुद्दा शेष नहीं है, पुलिस और एसीबी की ओर से मामले में जांच की गई है। मामले में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने बहस की। उल्लेखनीय है कि खूंटी में मनरेगा योजनाओं में 200 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय गड़बड़ी का आरोप लगाया गया था। उस दौरान पूजा सिंघल खूंटी की डीसी थी। इस मामले में खूंटी जिला के विभिन्न पुलिस थानों में 16 प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। बाद में खूंटी पुलिस से जांच लेकर एसीबी को सौंपा गया। अरुण कुमार दुबे ने आरोप लगाया था कि एसीबी से पूरे मामले की जांच करायी गयी, लेकिन उसमें तत्कालीन उपायुक्त पूजा सिंघल की भूमिका की जांच नहीं की गयी। उपायुक्त के द्वारा ही चेक पर हस्ताक्षर किया जाता था। उनकी भूमिका की ईडी से जांच कराने का आग्रह किया गया। अरुण कुमार दुबे ने जनहित याचिका दायर कर खूंटी की तत्कालीन उपायुक्त पूजा सिंघल की भूमिका की जांच कराने की मांग की थी। बाद में हाईकोर्ट ने इस मामले में स्वत संज्ञान लिया था।

## राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला 11 फरवरी से, तैयारी शुरू

एजेंसी | पलामू




जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के सदर प्रखंड के दुबियाखाड़ में राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 11 एवं 12 फरवरी को होगा। मेले के सफल आयोजन को लेकर सोमवार को उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभागों के स्टॉल लगाने, परिसंपत्तियों का वितरण करने, सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपायुक्त ने मेले में आने वाली भीड़ को बेहतर तरीके से नियंत्रण करने को लेकर योजना बनाने की बात कही। उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर सीओ व संबंधित को इस विषय पर प्लान बनाने की बात कही। उन्होंने मेला समिति के प्रतिनिधियों को आवश्यकतानुसार वॉलिंटियर्स की नियुक्ति करने और उनके बीच आई कार्ड का भी वितरण करने की बात कही। उन्होंने फायर एक्सटिंग्विशर पर्याप्त मात्रा में रखने पर बल दिया। नगर आयुक्त को आयोजन स्थल पर समुचित साफ-सफाई रखने पर बल दिया। रंग-रोगन और सुंदरीकरण पर भी चर्चा की गयी। यातायात व्यवस्था एवं चिकित्सा व्यवस्था के लिये अलग से योजना बनाकर कार्य करने की बात कही। बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम कुमार को सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के माध्यम से मेले में होने वाली गतिविधियों का प्रचार-प्रसार कराने पर बल दिया। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी, सदर एसडीएम, सिविल सर्जन, सहायक पुलिस अधीक्षक, जिला कल्याण पदाधिकारी सह खेल पदाधिकारी, मेला समिति के अध्यक्ष और सचिव समेत अन्य उपस्थित थे।

## पांच सूत्री मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे कांग्रेसी नेता



एजेंसी | हजारीबाग

जिला कांग्रेस कमिटी के बैनर तले सहयोगी दलों के समर्थन के साथ डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा के निकट पांच सूत्री मांग को लेकर कांग्रेसी नेता संजय तिवारी सोमवार को आमरण अनशन पर बैठ गए हैं । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि पांच सूत्री मांग बिलकुल जायज है । उन्होंने कहा कि निजी अस्पताल और निजी स्कूलों मनमानी ढंग से फीस लेने के खिलाफ ये आमरण अनशन का आगाज है । जिले के कुछ सरकारी पदाधिकारी झारखंड के गठबंधन सरकार तथा लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रहें है। इस बात को हम किसी हालत में सहन नहीं कर सकते । हजारीबाग के पूर्व सांसद और सीपीआई के वरिष्ठ नेता भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि बड़कागांव और केरेडारी में पब्लिक कंसनिग रोड से हाइवा से कोयला ढुलाई कर अबतक कितने लोगों की जान जा चुकी है। पूर्व विधायक गौतम सागर राणा ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक स्थित जिला परिषद के बिल्डिंग में अवैध ढंग से चल रहे आरोग्यम अस्पताल को आजतक खाली नही किया गया । सीपीआईएम के जिला सचिव गणेश कुमार सीटू ने कहा कि हजारीबाग में आपराधिक घटनाओं में दिनोदिन बढ़तोरी हो रही है जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन इसे रोकने में नाकाम है । राजद के वरिष्ठ नेता अर्जुन यादव ने कहा कि भवन प्रमंडल हजारीबाग में टेंडर में करोड़ो का घोटाले की आजतक जांच नही हो पाई है । कार्यक्रम का संचालन महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने की।आमरण अनशन कार्यक्रम में कांग्रेस के यमूना यादव, अशोक देव सीपीआई के वरिष्ठ नेता महेंद्र राम, कांग्रेस के निसार खान, गोविंद राम सहित कई मौजूद थे।

# रोजगार सृजन मेला में 217 युवाओं को मिली नौकरी

एजेंसी | खूंटी



नगर भवन, खूंटी में चौथे जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला का आयोजन किया गया। पलाश, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में आयोजित इस मेले का उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवाओं को बेहतर भविष्य प्रदान करना और उन्हें रोजगार के विभिन्न अवसरों से जोड़ना था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खूंटी के विधायक राम सूर्या मुण्डा, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि तोरपा और विधायक प्रतिनिधि तमाड़ के अलावा राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, स्किल्स एंड जॉब्स हसनैन वारसी उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जुड़ने में सहायता मिलेगी। यह रोजगार मेला युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे युवाओं को उनकी क्षमताओं के अनुरूप रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। डीसी ने कहा कि सिर्फ शिक्षा ही नहीं, कौशल विकास भी आज के समय में बेहद जरूरी है। यह मेला न केवल रोजगार, बल्कि युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के जरिए अपने सपनों को साकार करने का मंच प्रदान करता है। सरकार और जिला प्रशासन युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं को सशक्त बनाने की हमारी मंशा है। यह मेला दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें 700 से युवाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर 25 से अधिक विभिन्न कंपनियों के नियोक्ताओं और प्रशिक्षण संस्थानों ने स्टॉल लगाकर रोजगार और प्रशिक्षण के लिए युवाओं को अवसर प्रदान किए। इसमें 217 युवाओं को विभिन्न क्षेत्र के नौकरी के लिए ऑफर दिया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, मनीषा सांचा, बीडीओ खूंटी, जिला प्रबंधक स्किल्स एंड जिब्स, बिनीता बारला, जिला समन्वयक मो वली उल्लाह आदि उपस्थित थे।

## मालवाहक ट्रक ने चार को कुचला, दो की मौत

एजेंसी | गिरिडीह



जिले देवरी थाना इलाके के मंडरो और चितरोकुरो में सिमेन्ट लोडेड एक ट्रक ने चार लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में एक बच्चें सहित दो लोगों की मौत हो गयी। आक्रोशित लोगों ने ट्रक का पीछा कर उसमें आ लगा दी । हालांकि ट्रक का चालक मौके से भाग निकला । घटना सोमवार दोपहर की है । ट्रक में आग लगाने की घटना जमुआ के मिर्जागंज की है। जानकारी के अनुसार सीमेंट लदे ट्रक ने देवरी प्रखंड अंतर्गत हीरोडीह थाना के मंडरो में एक 4 वर्ष के बच्चे को धक्का मार दिया । इस घटना में बच्चे की मौत हो गई। मृतक तिसरी थाना इलाके के बेलवाना निवासी शहबाज अंसारी का चार वर्षीय पुत्र था । घटना उस वक्त घटी जब पिता - पुत्र दुकान से सामान खरीद कर निकल रहे थे। घटना के बाद ट्रक को लेकर चालक भागने लगा। भागने के क्रम ट्रक ने देवरी थाना इलाके के चितरोकुरो में सुखदेव यादव नामक व्यक्ति को कुचल दिया। दुर्घटना की जानकारी के बाद दोनों स्थानों पर पुलिस पहुंची और ट्रक में लगी आग को बुझाने के प्रयास किया। दूसरी तरफ लोगों ने मंडरो में सड़क को घंटो जाम कर दिया । मौके पर पहुंचे एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया है कि ट्रक के धक्के से एक बच्चे और एक व्यक्ति की मौत हुई है। दो लोग घायल है। आक्रोशित लोगों ने ट्रक में आग लगा दी थी। आग पर काबू पा लिया गया है। आक्रोशित लोगों को समझाने के बाद सड़क जाम भी हटा लिया गया है। चालक की तलाश की जा रही है।

## विद्यालय स्तर पर बांटे जाएंगे सहायक आचार्य के लिए सृजित 345 पद

एजेंसी | रामगढ़




रामगढ़ जिले में प्रारंभिक शिक्षा को और मजबूती प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन ने कार्य प्रारंभ कर दिया है। सोमवार को डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रारंभिक शिक्षा समिति की बैठक हुई। इस दौरान डीएसई संजीत कुमार के द्वारा जानकारी दी गई कि विभागीय निर्देशानुसार रामगढ़ जिला के लिए सहायक आचार्य के वर्ग एक से पांच के लिए 345 एवं वर्ग छह से आठ के लिए 429 पदों का सृजन किया गया है। जिसके विरुद्ध पूर्व में वर्ग एक से पांच तक के लिए सृजित कुल 345 पदों का प्रत्यर्पण किया जाना है। बैठक के दौरान उपायुक्त के जरिये समिति के अन्य सदस्यों के साथ पूर्व में सृजित कुल 345 पदों के विद्यालय स्तर पर प्रत्यर्पण को लेकर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इन सब के अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने मर्जर के उपरांत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खाली पड़े स्कूल के भवनों के सकारात्मक उपयोग को लेकर भी सभी के साथ चर्चा की । जिला शिक्षा अधीक्षक को 15 फरवरी तक इस संबंध में योजना बनाने का निर्देश दिया। बैठक में रामगढ़ विधायक ममता देवी, बढकागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, डीडीसी रोबिन टोप्पो, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।




हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 28 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### विभिन्न विभागों की झांकियां रहीं आकर्षक, पीआरडी रहा प्रथम




**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारोः** समारोह में विभिन्न विभागों की झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। नगर निगम चास, बियाडा, स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, सहकारिता विभाग, आपूर्ति विभाग, गव्य एवं पशुपालन, कल्याण विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कृषि, सड़क-सुरक्षा – परिवहन, समाज कल्याण, शिक्षा विभाग, अग्निशमन विभाग, पुलिस विभाग, जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, जेएसएलपीएस आदि ने संचालित योजनाओं व उपलब्धियों की झांकी प्रस्तुत की। झांकियों में प्रथम स्थान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को मिला।

### पंडित मनोज मुखर्जी के निधन से कसमार में शोक की लहर

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो** : कसमार प्रखंड मुख्यालय से सटे सुरजुडीह गांव निवासी 52 वर्षीय पंडित मनोज मुखर्जी का निधन सोमवार सुबह उनके पैतृक आवास में हो गया। वे लगभग एक सप्ताह से बीमार थे। स्थानीय स्तर पर इलाज चल रहा था, इसी बीच उनकी तबियत बिगड़ी और सोमवार सुबह उनका निधन हो गया। वे कसमार, तेलमुंगा, गर्री, धधकिया, सुरजुडीह, चट्टी समेत आसपास के कई गांव में घूम घूमकर पूजा पाठ करते थे। इसके अलावा हर रोज पूजा अर्चना के बाद हाथों में बेलपत्र व फूल लेकर कसमार मेन रोड के सभी दुकानों व राहगीरों को प्रसाद देते थे। वह बहुत ही नेकदिल व सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उनके निधन की खबर मिलते ही सुरजुडीह समेत आसपास के गांव के 120 से ज्यादा लोग उनके अंतिम दर्शन को पहुंचे। उनका अंतिम संस्कार खांजो नदी के स्थानीय श्मशान घाट में किया गया। वे आजीवन अविवाहित रहे, इसलिए उनके भतीजे ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस अवसर पर मनोज मुखर्जी के बड़े भाई माणिक मुखर्जी, भवानी प्रसाद मुखर्जी, ओमियो कांत मुखर्जी, निर्मल मुखर्जी, उत्तम मुखर्जी, काजल मुखर्जी, मलय मुखर्जी, देवाशीष मुखर्जी, श्यामल मुखर्जी, तपन मुखर्जी, अनाथ बन्धु मुखर्जी, संदीप मुखर्जी, भरत मुखर्जी, शरत मुखर्जी, राहुल मुखर्जी, धनंजय मुखर्जी, छोटकू मुखर्जी, आशीष मुखर्जी, निमाय मुखर्जी, टीटू मुखर्जी, हम्बू मुखर्जी समेत अन्य लोग उनके अंतिम संस्कार में शामिल थे।

### बीएसएल का बड़ा एक्शन प्लानः अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी


**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारोः** बोकारो स्टील प्लांट (BSL) ने अपनी क्वार्टर मैपिंग में अवैध गतिविधियों का खुलासा होने के बाद एक सख्त कार्रवाई की योजना बनाई है। अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा अलॉटेड क्वार्टरों को किराए पर देने का मामला कंपनी के लिए गंभीर बन चुका है, क्योंकि यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि कंपनी को आर्थिक और प्रशासनिक नुकसान भी हो रहा है।

बीएसएल प्रबंधन ने अवैध कब्जे और किराए पर दिए गए क्वार्टरों पर कार्रवाई के लिए विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर ली है और अब केवल प्रबंधन के आदेश का इंतजार है। रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 80 अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा क्वार्टर किराए पर दिए जाने की जानकारी सामने आई है, जबकि 5,600 क्वार्टर अवैध कब्जे में हैं, जिनसे बिजली और पानी की चोरी के कारण कंपनी को हर महीने करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है।

बीएसएल प्रबंधन ने यह स्पष्ट किया है कि इस मामले में कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। पहले चरण में नोटिस भेजे जाएंगे और इसके बाद भी यदि कब्जेदारों को नहीं हटाया गया, तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी और क्वार्टर खाली कराने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

यह कदम न केवल अवैध गतिविधियों को रोकने में मदद करेगा, बल्कि कंपनी के संचालन को भी सुचारू बनाएगा और अन्य कर्मचारियों के लिए एक कड़ा संदेश होगा।

### सेक्टर 6 में चोरी की घटना, खिड़की काटकर घर में घुसे चोर



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो** : शहर के सेक्टर 6-बी स्थित आवास संख्या 4040 में एक चौकाने वाली चोरी की घटना सामने आई। गृहस्वामी डीएन प्रसाद, जो बीएसएल में कार्यरत हैं, अपनी पत्नी के इलाज के लिए कोलकाता गए हुए थे। उनकी अनुपस्थिति का लाभ उठाकर चोरों ने घर को पूरी तरह से खाली कर दिया।

सुबह पड़ोसियों ने घटना की जानकारी दी, और तुरंत सिटी डीएसपी आलोक रंजन और सेक्टर 6 थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में पता चला कि चोर खिड़की काटकर घर में घुसे और सीसीटीवी कैमरे के तार भी काट दिए थे।

चोरी के दौरान लाखों रुपये का सामान, जिसमें कीमती गहने, टीवी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शामिल थे, चोरी हो गया। पुलिस ने बताया कि कम उम्र के अपराधियों का हाथ हो सकता है। डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम से जांच किया। पुलिस के अनुसार जल्द ही चोर पकड़ी जायेंगे।

# कसमार प्रखंड में गणतंत्र दिवस में सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में फहराया तिरंगा झंडा

## सरकारी स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, निकली झांकी


राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : कसमार प्रखंड के विभिन सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों समेत शैक्षणिक संस्थानों में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कसमार प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रमुख नियोति दे, कसमार थाना में प्रभारी थाना प्रभारी चंद्रदेव कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रफुल्ल महतो, सिंहपुर इंटर कॉलेज व उत्कर्ष आईटीआई, सिंहपुर में कॉलेज के निर्देशक सुजीत कुमार, रणविजय मेमोरियल संस्कार पब्लिक स्कूल में संस्कार एजुकेशनल सोसाइटी, बोकारो की सचिव विभा पांडेय, दांतू में भाजपा कार्यालय में पूर्व जिला बीस सूत्री कमिटी के उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक, देव इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी साइंसेस संस्थान ओरमो में प्रिंसिपल कुमारी हितुमी एवं प्रोफेसर रिशु कुमार, मधुकरपुर स्थित राजेंद्र इंडेन ग्रामीण गैस वितरक कार्यालय में संचालक राजेंद्र स्वर्णकार, मुरहुलसुदी पंचायत सचिवालय में मुखिया सरिता देवी, सिंहपुर मुखिया मंजू देवी, मधुकरपुर मुखिया राजेंद्र महतो, बरईकला मुखिया अनिता देवी, कसमार मुखिया परिपुषा देवी, दुर्गापुर मुखिया अमरेश कुमार महतो, गर्री मुखिया गीता देवी, मंजुरा मुखिया ममता देवी, पोंडा मुखिया हारू रजवार, खैराचातर मुखिया विजय कुमार जायसवाल, दांतू मुखिया चंद्रशेखर नायक, सोनपुरा मुखिया चंद्रशेखर हेम्ब्रम, हिसिम मुखिया बबीता देवी, टाँगटोना मुखिया सुमित्रा देवी, भाजपा प्रखंड कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो, कॉंग्रेस प्रखंड कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष रमेश चंद्र महाराज, प्लस टू हाई स्कूल कसमार में प्राचार्य मो फारूक अंसारी, चंद्रनारायन सरस्वती शिशु मंदिर कसमार में विद्यालय के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद प्रजापति, उत्क्रमित उच्च विद्यालय रघुनाथपुर में प्राचार्य दिनेश कुमार नायक ने झंडोत्तोलन कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इस दौरान प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम, बीडीओ नम्रता जोशी, सीओ प्रवीण कुमार, पंसस रवि कुमार, विनोद महतो, वर्षा देवी, शिशुपाल महतो, राजेश कपरदार, लोकेश दे, कपिल कुमार चौबे, डॉ रेखा, संतोष महतो, आलोक चंद्र झा, आनंद नायक, नयनेन्दू मुखर्जी, राजू चटर्जी व अन्य लोग मौजूद थे।






## कलाकार अरुण पाठक सहित कई लोग हुए सम्मानित



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** :समारोह में जिला प्रशासन की ओर से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई लोगों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में बोकारो के जाने-माने साहित्यकार, पत्रकार व गायक अरुण कुमार पाठक को सांस्कृतिक व साहित्यिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय कवि संगम, बोकारो महानगर इकाई के अध्यक्ष अरुण पाठक बोकारो में साहित्य, पत्रकारिता व कला-संस्कृति के क्षेत्र में एक सुपरिचित हस्ती हैं। झारखंड सरकार द्वारा आयोजित राजकीय भैरव महोत्सव, सुबह-सवेरे, सनिपरब सहित कई कार्यक्रमों में ये अपने सुरों का जादू बिखेर चुके हैं। मिथिला सांस्कृतिक परिषद्, संस्कार भारती, साहित्यलोक सहित कई संस्थाओं में सक्रियता से जुड़े रहे अरुण पाठक को इसके पूर्व साहित्य सेवा के लिए 'साहित्योदय साहित्य रत्न सम्मान', राष्ट्रीय संस्कृत प्रसार परिषद्, बोकारो द्वारा साहित्य व संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'महाकवि विद्यापति संस्कृत रत्न सम्मान', संपूर्ण विप्र समाज, बोकारो द्वारा 'विप्र गौरव सम्मान', मिथिला सांस्कृतिक परिषद्, बोकारो द्वारा संगीत व पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जा चुका है। पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान के लिए रोटरी क्लब, बोकारो द्वारा भी सम्मानित हो चुके हैं। उन्हें सम्मानित किए जाने पर बोकारो के साहित्यकारों व कलाकारों ने उन्हें बधाई दी है।

## डीपीएस चास ने हर्षोल्लास के साथ मनाया 76 वां गणतंत्र दिवस समारोह

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो** : डीपीएस, चास में 76 वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया, जिसमें डीपीएस चास की निदेशिका/प्राचार्या डॉ. मनीषा तिवारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। झंडोत्तोलन के बाद सभी शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों तथा छात्रावास के विद्यार्थियों द्वारा समवेत स्वर में गाए गये गीतों ने सभी के दिलों को देशभक्ति से भर दिया।

इस अवसर पर प्रेषित संदेश में विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस. मोहन ने कहा कि यह याद रखने का दिन है, जब 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था, जिस दिन हमारा देश एक स्वतंत्र गणराज्य बना था। यह देश के गौरवशाली अतीत के साथ-साथ महान स्वतंत्रता सेनानियों तथा देश को स्वतंत्र और प्रगतिशील बनाने के लिए उनके अथक संघर्ष की याद दिलाता है। उन्होंने एक-दूसरे का सम्मान करने और अपनी मातृभूमि की महिमा के लिए काम करने का संकल्प लेने की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका/प्राचार्या डॉ. मनीषा तिवारी ने दिन के महत्व और भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। हमारे अधिकारों और कर्तव्यों तथा लोकतंत्र के मूल्यों को बनाए रखने की आवश्यकता के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से एक मजबूत और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण का संदेश दिया। समारोह में विद्यालय के प्रो वाइस चेयरमैन एन मुरलीधरन तथा डीएस मेमोरियल सोसायटी चास के सचिव सुरेश अग्रवाल ने भी उत्सव में देशभक्ति के उत्साह को जोड़ने के लिए विद्यार्थियों व शिक्षकों को बधाई दी।

## केंद्रीय मंत्री और राज्य मंत्री का बोकारो दौरा, संयंत्र के विकास कार्यों का लिया अवलोकन

राष्ट्रीय मुख्यधारा






**बोकारोः** केंद्रीय मंत्री, भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्रालय एच.डी. कुमारास्वामी और राज्य मंत्री, भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्रालय भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा 27 जनवरी को बोकारो स्टील प्लांट के अपने पहले दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश भी थे। उनके आगमन पर बोकारो हवाई अड्डे पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी बी.के. तिवारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

अपने दौरे के दौरान दोनों मंत्रियों ने पहले इस्पात भवन स्थित मॉडल रूम में संयंत्र के लेआउट की जानकारी ली। इसके बाद, उन्होंने संयंत्र के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों का निरीक्षण किया, जिनमें कोक ओवन एंड कोक केमिकल्स, सिंटर प्लांट-2 परियोजना स्थल, ब्लास्ट फर्नेस नंबर-2 और हॉट स्ट्रिप मिल शामिल थे। उन्होंने इन इकाइयों में चल रही उत्पादन प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारास्वामी ने इस दौरान मेसर्स आइनॉक्स द्वारा निर्मित 2150 टन प्रतिदिन क्षमता के एयर सेपरेशन यूनिट का उद्घाटन भी किया। उद्घाटन समारोह में राज्य मंत्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा, सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश, आइनॉक्स के प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ जैन, बीएसएल के प्रभारी निदेशक बी.के. तिवारी, अधिशासी निदेशक, सीजीएम और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

दोपहर में, बोकारो निवास में आयोजित एक प्रस्तुति के माध्यम से बोकारो स्टील प्लांट की उत्पादन, परियोजनाओं, चिकित्सा सेवाओं, टाउनशिप और अन्य गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस दौरान सेल के अध्यक्ष, बीएसएल के प्रभारी निदेशक बी.के. तिवारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

दौरे के दौरान, दोनों मंत्रियों ने बीएसएल के विभिन्न ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों और बोकारो स्टील ऑफिसर्स एसोसिएशन के सदस्यों से भी मुलाकात की। यह दौरा 28 जनवरी को अपराहन समाप्त होगा।

## समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाने में डीवीसी की अग्रणी भूमिका



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**चंद्रपुराः** गणतंत्र दिवस पर डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र में वरिष्ठ महाप्रबंधक विजया नंद शर्मा ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। उन्होंने कहा कि डीवीसी समाज और राष्ट्र के सशक्तिकरण में अग्रणी है। निगम ने क्षेत्र के विकास, महिलाओं के उत्थान, और युवाओं के कौशल विकास के लिए कई कार्यक्रम चलाए हैं। समारोह में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और स्थानीय विद्यालयों ने परेड व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। डीवीसी पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शर्मा ने क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए सहयोग की अपील की।

## सड़क सुरक्षा पर जोरः गोमिया में फुटबॉल मैच का आयोजन, मंत्री ने की जागरूकता की अपील

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**बोकारोः** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत गोमिया स्थित आईईएल फुटबॉल मैदान में 27 जनवरी 2025 को फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य आम लोगों तक सड़क सुरक्षा का संदेश पहुंचाना और समाज में जागरूकता बढ़ाना था।

मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बॉल को किक मारकर मैच की शुरुआत की। इस मौके पर डुमरी विधायक जयराम महतो, जिला परिषद सदस्य गोमिया, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता, प्रखंड विकास पदाधिकारी गोमिया महादेव महतो, अंचल अधिकारी गोमिया, एमवीआई बोकारो, मुखियागण और पंचायत प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा, "समाज के बीच की दूरी को कम करने और सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाने के लिए इस प्रकार के आयोजन बेहद जरूरी हैं। इस मैच के माध्यम से हम सड़क सुरक्षा के महत्व को लोगों तक पहुंचा रहे हैं, ताकि यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके।"

**खिलाड़ियों और समाज के लिए संदेश-** इस जागरूकता कार्यक्रम में चार टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में ललपनिया पंचायत ने खंभरा पंचायत को हराकर विजेता का खिताब जीता। मंत्री ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल खेल भावना को बढ़ावा देते हैं, बल्कि समाज को सकारात्मक संदेश भी देते हैं।

**गुड समेरिटन पॉलिसी पर जागरूकता-** कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारियां साझा की गईं। हिट एंड रन मामलों, गुड समेरिटन पॉलिसी 2020, और दुर्घटनाओं के बाद "गोल्डन आवर" के महत्व पर प्रकाश डाला गया। लोगों को बताया गया कि किसी भी दुर्घटना पीड़ित की मदद करने पर न केवल कानूनी सुरक्षा मिलती है, बल्कि सरकार द्वारा 2000 से 5000 रुपये तक का पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भी दिया जाता है।

**समाज को जागरूक करने की पहल-** यह आयोजन न केवल खेल प्रेमियों के लिए उत्साहजनक रहा, बल्कि आम लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने में भी प्रभावी साबित हुआ। आयोजकों ने आशा व्यक्त की कि इस तरह की पहल भविष्य में सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन को बढ़ावा देगी और दुर्घटनाओं में कमी लाने में सहायक होगी।

## चिन्मय विद्यालय में धूमधाम से मना 76 वां गणतंत्र दिवस

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो** : चिन्मय विद्यालय बोकारो में रविवार को 76 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर स्वामिनी संयुक्तानंदा आचार्या चिन्मय मिशन बोकारो ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। विद्यालय के अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष आर एन मल्लिक, प्राचार्य सूरज शर्मा, उप प्राचार्य नरमेंन्द्र कुमार का विद्यालय छात्र परिषद द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्वामिनी संयुक्तानंदा ने कहा कि हम कुशल अभियंता, प्रौद्योगिकी, अन्वेषक, विधि विशेषज्ञ, प्रबंधक, चिकित्सक के साथ-साथ सजग राष्ट्र प्रहरी भी निर्माण करते हैं, जो विश्व मानव समाज की भलाई के लिए सतत संरचनात्मक योगदान दे रहे हैं। भारतीय गणतंत्र अपना सफलतम प्रभावोत्पादक 75वां वर्ष पूरा कर 76वें वर्ष में पूरी गरिमा के साथ प्रवेश कर रहा है। पूरा देश गणतंत्र दिवस पूरे जोश के साथ मना रहा है। चिन्मय विद्यालय बोकारो, जिसकी शिक्षा नीति ही वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिताः पर आधारित है, इसमें भारतीय संस्कृति के सभी रंगों को समेटे पूरे उत्साह एवं असीम ऊर्जा के साथ आज गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। इस अवसर पर सभी का स्वागत करते हुए प्राचार्य सूरज शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान एवं लोकतंत्र 76 वर्ष में पूरी दृढ़ता के साथ प्रवेश कर रहा है। यह हम भारतीयों के लिए बड़े ही गौरव की बात है। मुख्य अतिथि बिश्वरूप मुखोपाध्याय कहा कि हमारा गणतंत्र पूर्ण रूप से पुष्पित एवं पल्लवित होकर विश्व का विशालतम लोकतंत्र बना है। जहां आने वाले समय में 100 करोड़ से ज्यादा मतदाता होंगे। इसके साथ ही देश की आर्थिक, राजनीतिक एवं सामाजिक प्रगति हुई है। परम पूज्य गुरु जी स्वामी तेजोमयानंद सरस्वती जी की रचना एनसीईआरटी की पुस्तकों में सम्मिलित की जा रही है।

गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में विभिन्न प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। छात्र-छात्राओं के द्वारा बहुत ही मनमोहक एवं आकर्षक, लोक नृत्य, संगीत, मार्च-पास्ट, एरोबिक एक्सरसाइज पर आधारित नृत्य का आयोजन किया गया। अंत में विद्यालय के उप-प्राचार्य नरमेन्द्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन 11वीं की छात्राएं जाह्नवी एवं तनिषा ने किया। दुष्यंत सिंह राठौड़, हर्षित कुमार सिंह एवं अदिति सागर ने अपने जोशीले देश भक्ति भाषण से सभी में जोश भर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हरिहर पांडेय, सुब्रत गुप्ता, सोनाली गुप्ता, विशाल कुमार मोर्या, स्पंदिता, रेणु शाह, शिवेन चक्रवर्ती, जयकिशन राठौड़, रूपक झा, दिनेश कुमार ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में चिन्मय विद्यालय गीत के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

संक्षिप्त समाचार

# जैन पब्लिक स्कूल ने मनाया गणतंत्र दिवस समारोह



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो** : जैन पब्लिक स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद ने ध्वजारोहण किया और झंडे को सलामी दी। इसके पूर्व स्कूली बच्चों ने बैंड के साथ परेड किया। स्कूली बच्चों ने देश भक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जैन मिलन के सचिव आलोक जैन, श्याम सुंदर जैन, डॉ महेंद्र जैन, बजरंग लाल चौरडिया, विनोद चोपड़ा, सुभाष जैन, चंदन बांठिया, संजय जैन, मृत्युंजय कुमार एवं स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# ओएनजीसी, बोकारो में 76वें गणतंत्र दिवस का उत्सव



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो** : ओएनजीसी, बोकारो में 76वें गणतंत्र दिवस का आयोजन कार्यालय परिसर में किया गया। परिसंपत्ति प्रबंधक आदित्य जौहरी ने ध्वजारोहण किया और इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए संविधान पर अपने विचार साझा किए। श्री जौहरी ने ओएनजीसी द्वारा किए जा रहे विकासात्मक कार्यों और उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। इस कार्यक्रम में ओएनजीसी के अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

# जेईई मेन- 1 : आज से फिर शुरू हो रही परीक्षा, कुल 1416 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो** : राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से इंजीनियरिंग संस्थानों में नामांकन के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) के प्रथम सत्र के तहत 28 जनवरी 2025 (मंगलवार) से परीक्षाओं का सिलसिला लगातार तीन दिनों के लिए फिर शुरू हो रहा है। एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यहां बनाए गए दो केंद्रों पर 28, 29 और 30 जनवरी को कुल 1416 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

उन्होंने बताया कि चास के नवाडीह मूर्तिटांड़ स्थित आरआर टेक्नोलॉजी सेंटर पर 28 जनवरी को प्रथम पाली में 123 एवं दूसरी पाली में 130 तथा 29 जनवरी को पहली पाली में 114 और दूसरी में 115 कैंडिडेट शामिल होंगे। इसी प्रकार, चिकसिया (चास) स्थित अल्फा आईसीटी सेंटर में 28 जनवरी को दोनों ही पालियों में 220-220, 29 जनवरी को भी दोनों पालियों में 220-220 तथा परीक्षा के अंतिम दिन 30 जनवरी को केवल पहली पाली में 54 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इसके पूर्व, 22 से 24 जनवरी तक तीन दिनों की अवधि में उक्त दोनों केंद्रों पर कुल पंजीकृत 2069 में से 1986 अभ्यर्थी परीक्षा दे चुके हैं। डॉ. गंगवार ने बताया कि परीक्षा के सफल, सुचारू और कदाचारमुक्त संचालन की पुख्ता व्यवस्था की गई है।

# नेताजी समाज कल्याण संघ ने बच्चों के बीच किया कॉपी पेन का वितरण

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल** : गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को बोकारो थर्मल चांदनी मार्केट चौक पर नेताजी समाज कल्याण संघ के द्वारा बच्चों के बीच कॉपी पेन का वितरण किया गया। संघ के अध्यक्ष तपेश्वर ठाकुर ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय लोगों की मदद से संघ के द्वारा गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के बीच कॉपी एवं पेन का वितरण किया गया। मौके पर सन्नी सलोना, आशीष कुमार शर्मा, रामनाथ ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में सब्जी व्यवसायी का मौत

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः दुमका**। जिले के रानेश्वर प्रखंड के आसनबनी निवासी सब्जी व्यवसायी मार्शल मियां की सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गया। जानकारी के मुताबिक सब्जी कारोबारी अपने कार्य के लिए एक व्यक्ति के साथ बाइक पर सवार होकर पश्चिम बंगाल के सैथिया सब्जी मंडी जा रहा था। बाइक पर पीछे बैठा कारोबारी मार्शल मियां मोहम्मद बाजार के समीप गिर गये। एक ही जगह बने दो स्पीड ब्रेकर को पार करने के दौरान चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिसमें बाइक के पीछे बैठे मार्शल मियां के सिर पर गंभीर चोट आयी। परिजनों को सूचना मिलने पर कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया था। रविवार शाम 7 बजे के करीब इलाज के दौरन मार्शल मियां का निधन हो गया। मार्शल अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गया है। समाचार लिखे जाने तक मार्शल मियां के शव को आसनबनी उनके पैतृक आवास नही लाया गया था।

# 76वें गणतंत्र दिवस पर जेएफटीए ने देशभक्ति नाटकों का आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा





**रांचीः** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर झारखंड फिल्म और थिएटर एकेडमी (जेएफटीए) ने रविवार को दिनभर देशभक्ति से ओतप्रोत तीन नाटकों का मंचन किया। "पुनरुत्थान," "हमला," और "चक्रव्यूह" नामक ये नाटक सुबह 6:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक अलग-अलग स्थानों पर प्रस्तुत किए गए।

सुबह मोराबादी के ऑक्सीजन पार्क में "पुनरुत्थान" का मंचन हुआ, जिसमें स्वतंत्रता सेनानियों की वीरगाथा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। वहीं, शाम को कडरू स्थित जेएफटीए स्टूडियो थिएटर में "हमला" और "चक्रव्यूह" का मंचन किया गया। नाटक "हमला," जो लेखक चिरंजीत द्वारा रचित है, ने दर्शकों को भावुक कर दिया, जबकि "चक्रव्यूह" ने हास्य के माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया।

कार्यक्रम में युवा कलाकारों ने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्टूडियो थिएटर में हाउसफुल दर्शकों ने लाइव थिएटर का पहली बार आनंद लेते हुए इसे अविस्मरणीय बताया।

जेएफटीए के निदेशक राजीव सिन्हा ने कहा, "गणतंत्र दिवस पर नाटकों के मंचन का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति और गणतंत्र के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।"

इस आयोजन ने न केवल दर्शकों को मनोरंजन प्रदान किया, बल्कि उन्हें देशभक्ति का असली महत्व समझाने में भी सफलता प्राप्त की।

# झारखंड में ट्रांसफर- पोस्टिंग के नाम पर फर्जीवाड़ा, गिरोह का भंडाफोड़

राष्ट्रीय मुख्यधारा

रांचीः झारखंड में ट्रांसफर और पोस्टिंग के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। सूत्रों के अनुसार, इस गिरोह से जुड़े कई लोग पुलिस की गिरफ्त में आए हैं। यह गिरोह आईपीएस, डीएसपी, और दरोगा स्तर के अधिकारियों के साथ ही प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारियों से संपर्क में था।

खबर है कि कुछ पुलिस अधिकारी, धनबाद और अन्य जिलों में पोस्टिंग पाने के लिए इस गिरोह से संपर्क कर रहे थे। पुलिस को इस फर्जीवाड़े की सूचना मिली थी, जिसके बाद छापेमारी अभियान चलाया गया। दो दिनों तक पूछताछ के बाद पुलिस ने गिरोह के कई सदस्यों को रांची, गिरिडीह, जमशेदपुर, और घाटशिला से गिरफ्तार किया है।

सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए युवकों के मोबाइल चैट से एक दर्जन से अधिक अधिकारियों के नाम सामने आए हैं, जो इस गिरोह के संपर्क में थे। गिरोह के सदस्यों के बड़े रसूखदार व्यक्तियों से जुड़े होने का भी शक है।

इस मामले में पुलिस वरीय अधिकारियों के निर्देश पर जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि किन-किन अधिकारियों से कितनी रकम ली गई और गिरोह में कौन-कौन शामिल हैं। हालांकि, इस पूरे मामले की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है।

इस घटना ने झारखंड के प्रशासनिक और पुलिस विभाग में खलबली मचा दी है। जनता अब दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रही है।

# राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चिन्मय विद्यालय की टीम रवाना



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : सीबीए.ई नई दिल्ली की ओर से राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी 2024-25 में भाग लेने के लिए चिन्मय विद्यालय की टीम सोमवार को दिल्ली रवाना हो गई है। एमिटी इंटरनेशनल स्कूल गुरुग्राम, हरियाणा के तत्वावधान में सीबीएसई द्वारा आयोजित तीनदिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में चिन्मय विद्यालय बोकारो की चार सदस्यों की टीम व दो एस्कॉर्ट टीचर के साथ दिल्ली रवाना हो गई। अव्यान नारायण कश्यप, केशव अग्रवाल, आकर्षिता झा, आस्था शूक्ला के साथ दो शिक्षक श्रेया गुप्ता एवं शुभम कुमार गुप्ता भी टीम में शामिल हैं। ज्ञात हो कि 22 एवं 23 नवंबर को दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची में आयोजित क्षेत्रीय स्तरीय सीबीएसई राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में चिन्मय विद्यालय की टीम थी। दोनों वर्गों सीनियर एवं जूनियर कैटेगरी में टीम प्रथम आई थी।

# हमारा लोकतंत्र हमारी सबसे बड़ी ताकत : डॉ. गंगवार

## डीपीएस बोकारो परिवार ने धूमधाम से मनाया 76वां गणतंत्र दिवस, प्रभातफेरी भी निकाली गई

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो** : दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की सीनियर व प्राइमरी, दोनों ही इकाइयों में प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। उनके साथ-साथ सभी शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर राष्ट्रगान गाते हुए तिरंगे को सलामी दी। हर कोई राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत दिखा तथा पूरा विद्यालय परिसर वंदे मातरम और मां भारती के जयकारों से गूंजता रहा। प्राचार्य डॉ. गंगवार ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए भारत के लोकतंत्र को इसकी सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि हम सभी देशवासियों को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजग होकर राष्ट्र के प्रति पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अपना दायित्व निभाने की आवश्यकता है। इसके लिए बच्चों में छात्र-जीवन से ही राष्ट्रीय मूल्यों का विकास आवश्यक है। तभी हम अपनी लोकतांत्रिक धरोहर को अक्षुण्ण बनाए रख सकेंगे।

इसके पूर्व, विद्यार्थियों ने अपने प्राचार्य का तिरंगा बैज पहनाकर स्वागत किया। बच्चों ने उन्हें स्वनिर्मित आकर्षक शुभकामना-पत्र भी भेंट किए। सीनियर इकाई में राष्ट्र ध्वज फहराए जाने के बाद विद्यार्थियों ने जय जन भारत, जन मन अभिमत जन गणतंत्र विधाता..., भारत वंदे मातरम जय भारत वंदे मातरम्..., सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा... आदि देशभक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुति से देशप्रेम की भावना का संचार कर दिया। वहीं, प्राइमरी इकाई में झंडोत्तोलन के पश्चात विद्यालय की शिक्षिकाओं ने वंदे मातरम..., हिन्द देश के निवासी... व अन्य देशभक्ति गीतों की सुरीली सामूहिक प्रस्तुति से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पहले नन्हे छात्र-छात्राओं ने गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में मनभावन नृत्य-संगीत की भी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। इधर, सीनियर इकाई के छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए नारा लिखित तख्तियां लिए अपने शिक्षकों के साथ प्रभातफेरी भी निकाली, जो लक्ष्मी मार्केट के विभिन्न इलाकों से होकर लोगों में राष्ट्र प्रेम का संदेश देते गुजरी।

# बोकारो थर्मल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस समारोह

राष्ट्रीय मुख्यधारा



बोकारो थर्मल : बोकारो थर्मल में देश का 76वां गणतंत्र दिवस समारोह काफी हर्षोल्लास के साथ रविवार को मनाया गया। स्थानीय बोकारो क्लब स्थित स्वामी विवेकानंद मैदान में आयोजित केंद्रीय कार्यक्रम में डीवीसी के प्रोजेक्ट हेड सुशील कुमार अरजरिया ने झंडोत्तोलन किया। तत्पश्चात परेड कमांडर सीआईएसएफ के ए.एन.आई. अजीत कुमार शर्मा, परेड 2 आईसी कमांडर उप निरीक्षक कामेश्वर शर्मा, प्लाटून वन कमांडर एसआई कपिल भैरा, प्लाटून 2 (फायर) कमांडर जयपाल टुडू सहित स्थानीय कार्मेल, केंद्रीय विद्यालय, डीवीसी उच्च एवं मध्य विद्यालय के स्कूली बच्चों के प्लाटून बल एवं फायर विंग के जवानों के परेड का निरीक्षण किया। मौके पर एचओपी डीवीसी ने कहा कि विगत 77 वर्षों से अपने नेतृत्व की बदौलत देश के लाखों चेहरों पर डीवीसी ने मुस्कान बना रखी है। उन्होंने कहा कि बोकारो थर्मल के 500 मेगावाट वाले ए पावर प्लांट से लगातार बेहतर बिजली उत्पादन किया जा रहा है। दिन में सोलर बिजली के कारण थर्मल पावर प्लांटों को कम लोड पर चलाया जा रहा है, जबकि रात में डिमांड होने पर यूनिट को फुल लोड पर चलाया जाता है। कहा कि वक्त का तकाजा है कि सभी को स्मार्ट मीटर के तहत बिजली का कनेक्शन लेकर इसका उपयोग करना चाहिए। कहा कि डीवीसी का सीएसआर अपने परिधि क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पंचायत के 64 गांवों के ग्रामीणों की आधारभूत संरचनात्मक एवं सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। डीवीसी का निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) वर्ष 1981 से ही अपने प्रोजेक्ट के दस किलोमीटर की परिधि में स्थित गांवों के विकास के लिए पूरे समर्पण के साथ राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे रहा है। सिवेज ट्रीटमेंट प्लांट की ओएंडएम का कार्य जल्द ही आरंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने मंच से स्थानीय लोगों एवं बोकारो थर्मल वासियों को स्वच्छता बनाए रखने एवं गंदगी न फैलाने की अपील की। समारोह में पावर प्लांट के वरीय महाप्रबंधक एफजीडी एसएन प्रसाद, जीएम ओएंडएम मृत्युंजय प्रसाद, डीजीएम बीजी होलकर, सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट अरुण प्रसाद, प्रबंधक एचआर प्रबंधक सुनील कुमार, ए ए अशरफ, शाहिद इकराम, राजेश सिंह, शिवचरण, विनोद भाटिया सहित सभी अधिकारी, कामगार एवं आम आदमी मौजूद थे। समारोह का संचालन आरती रानी एवं डीवीसी के हिंदी अधिकारी रवि कुमार सिन्हा ने किया। जबकि राष्ट्रगान रत्ना समादार के साथ संत पॉल मॉडर्न स्कूल के छात्र एवं छात्राओं आदि के द्वारा गाया गया। इसके अलावा बोकारो थर्मल में अन्य सभी स्थानों पर राष्ट्रीय झंडे को सलामी दी गई।

# सीआरपीएफ अभियान रेंज में सोल्लास मना गणतंत्र दिवस



राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : स्वर्णिम भारत-विकसित और विकास थीम के साथ सीआरपीएफ, बोकारो ऑप्स (अभियान) रेंज में गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि डीआईजी ब्रजेश सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा शौर्य चक्र से सम्मानित बोकारो रेंज सीआरपीएफ के अधीन 203 कोबरा बटालियन के डिप्टी कमांडेंट विक्रांत कुमार एवं इंस्पेक्टर जेफरी हुमानछुलो को बधाई दी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में सभी जवानों एवं बच्चों के मुख्य अतिथि एवं उप समादेष्टा विनोद कुमार यादव ने मिठाई वितरित की। दोपहर में राजपत्रित अधिकारी द्वारा एट होम कार्यक्रम में अधीनस्थ अधिकारियों को निमंत्रित कर गेट-टुगेदर किया गया। शाम को खेलकूद कार्यक्रम की आयोजन किया गया, जिसमें सभी जवानों द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# गणतंत्र दिवस: एकता और विविधता का उत्सव

राष्ट्रीय मुख्यधाराः




बोकारो : संत जेवियर्स स्कूल, बोकारो में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य फादर अरुण मिंज, एस.जे. के द्वारा ध्वजारोहण से हुआ , जो इस कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण परंपरा है। ध्वजारोहण के समय सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रध्वज को सलाम किया व राष्ट्रगान गाया और देश के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की।

कार्यक्रम के अगले भाग में, हिंदी मीडियम के छात्रों ने एक मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने सभी दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद, हाई स्कूल के छात्रों ने भी एक उत्कृष्ट नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे पीस क्लब द्वारा समन्वयित किया गया। इन नृत्यों ने सभी को देशभक्ति की भावना से भर दिया और कार्यक्रम में एक उत्साह का माहौल बना दिया।

तत्पश्चात् शिक्षिका आशा नवीन ने इस शुभ दिवस पर अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में फादर अरुण मिंज एस.जे. ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपने देश की सेवा में हमेशा तत्पर रहें। उनके भाषण ने सभी को एकजुट होकर अपने देश के प्रति ज़िम्मेदारियों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस तरह, संत जेवियर्स स्कूल का गणतंत्र दिवस कार्यक्रम एक सफल और यादगार आयोजन रहा।

# बोकारो में शानो-शौकत से जगह-जगह लहराया तिरंगा

- भव्य समारोहों के साथ 76वें गणतंत्र दिवस की रही धूम

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो** : इस्पात नगरी बोकारो, उपशहर चास तथा आसपास के इलाके सहित पूरे जिले में 76वें गणतंत्र दिवस की धूम रही। जगह-जगह विभिन्न सरकारी, गैर-सरकारी और स्वयंसेवी संस्थाओं की ओर से भव्य समारोह आयोजित किए गए तथा राष्ट्र-ध्वज तिरंगा पूरी शानो-शौकत के साथ लहराया। जिला प्रशासन की ओर से सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में मुख्य समारोह आयोजित किया गया, जहां सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने झंडोत्तोलन किया। इससे पूर्व उन्होंने विभिन्न प्लाटूनों के परेड का निरीक्षण किया। अपने संबोधन में मंत्री श्री प्रसाद ने कहा कि आज ही के दिन सन 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था एवं भारत एक गणतांत्रिक राष्ट्र के रूप में विश्वपटल पर अपनी पहचान स्थापित की। आज जहां हमारा देश विकास की ऊंचाइयों को छू रहा है, वहीं झारखण्ड प्रदेश प्रगति के पथ पर बढ़ते हुए देश के मानचित्र पर भी सुशोभित हो रहा है। सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं ने जहां राज्य एवं जिले की तस्वीर बदली है, वहीं आम जनमानस के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

उन्होंने जिले के सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशानुसार झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव- 2024 शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने पर भी बधाई दी। उन्होंने राज्य की हेमंत सरकार को विकासोन्मुखी बताते हुए जिले में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और उनकी उपलब्धियों का विस्तृत लेखा जोखा प्रस्तुत किया। मौके पर उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के आईजी डॉ. माइकल राज एस., कोयला क्षेत्र के डीआईजी सुरेंद्र झा, बोकारो डीसी विजया जाधव, एसपी मनोज स्वर्गियारी, डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद, चास एसडीओ प्रांजल ढ़ांडा, डीटीओ वंदना शेजवलकर, जिला खेल व पर्यटन पदाधिकारी हेमलता बुन, डीईओ जगरनाथ लोहरा, डीएसई अतुल कुमार चौबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे। इसके पूर्व, 12 प्लाटूनों ने परेड प्रस्तुत की। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्लाटूनों - सीआरपीएफ, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चास एवं सीआईएसएफ की अगुवाई कर रहे प्लाटून कमांडर को पुरस्कृत किया गया।

इधर, डीसी श्रीमती जाधव ने गोपनीय कार्यालय एवं समाहरणालय परिसर, रेड क्रॉस भवन एवं जियाडा कार्यालय में झंडोत्तोलन किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी, डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद ने अपने आवासीय परिसर में, अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार ने अपने कार्यालय परिसर एवं अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा ने अपने गोपनीय कार्यालय परिसर, अनुमंडल कार्यालय चास व बाजार समिति चास में झंडोत्तोलन किया। इसी प्रकार, बेरमो चिल्ड्रेन पार्क में अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ ने झंडोत्तोलन किया। सभी प्रखंडों एवं अंचल कार्यालयों में बीडीओ व सीओ ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 28 जनवरी, 2025



# वेदांता ईएसएल ने देशभक्ति व जोश के साथ मनाया 76वां गणतंत्र दिवस

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** भारत में एक अग्रणी एकीकृत इस्पात वेदांता ईएसएल लिमिटेड ने भारत का 76वां गणतंत्र दिवस समारोह पूरे उत्साह और जुनून के साथ मनाया। सुबह 8:55 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में ईएसएल स्टील लिमिटेड के सुरक्षा विभाग के कर्मियों द्वारा एक शानदार परेड शामिल थी, जिसके बाद वेदांता ईएसएल के सीईओ आशीष गुप्ता द्वारा भारत का तिरंगा फहराया गया। इसके बाद पूरे वर्ष में उनके उत्कृष्ट कठिन परिश्रम और समर्पण के लिए व्यक्तियों के दो समूहों को सम्मानित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए वेदांता ईएसएल के सीईओ और डब्ल्यूटीडी आशीष गुप्ता ने कहा कि सामुदायिक विकास और व्यवसाय विकास एक साथ चलते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस कंपनी के भविष्य को लेकर न केवल प्रबंधन, बल्कि कर्मचारी भी उत्साहित और प्रेरित हैं। उन्होंने उत्साहजनक भाषण में कहा कि वेदांता ईएसएल सिर्फ इस्पात उत्पादन से आगे बढ़कर, संयंत्र के आसपास और बोकारो शहर में रहने वाले स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने पर गर्व करता है। वेदांता ईएसएल सीएसआर के क्षेत्र में अथक प्रयास कर रहा है। आस-पास के 12,253 छात्रों को शिक्षा में सहायता, आस-पास के 1,69,576 ग्रामीणों को बुनियादी स्वास्थ्य और 2071 लोगों को आजीविका प्रदान की है, जिसमें जीविका, वाडी और कौशल विद्यालय शामिल हैं।







उन्होंने अपने भाषण का समापन 500 से अधिक सुरक्षा कर्मियों को धन्यवाद देकर किया, जो हमेशा अपने काम में बहुत सतर्क और उत्कृष्ट रहे हैं। गणतंत्र दिवस समारोह वेदांता ईएसएल के सियालजोरी प्लांट क्षेत्र के अंदर आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय समुदायों और कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लगभग 10 अत्यधिक प्रशंसित कर्मचारियों को पूरे वर्ष हाउसकीपिंग, सुरक्षा, 5 एस पहल और इन-हाउस निर्माण परियोजनाओं, जैसे बेंचों के निर्माण में उनके उत्कृष्ट योगदान और समर्पण के लिए मान्यता दी गई और सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### रामगढ़ में महिला का हत्यारा गिरफ्तार, बात करने से इनकार करने पर प्रेमी ने ली जान!

**रामगढ़, एजेंसी।** जिला के गोला थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम एक महिला की निर्मम हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसके प्रेमी अफसर अंसारी उर्फ राजा को विशेष टीम ने पांच घंटे के अंदर मगनपुर के जगलों से गिरफ्तार कर लिया है। इसके पास से हत्या में इस्तेमाल चाकू, खून से सने कपड़े व जूते और मोबाइल बरामद किये गये हैं। बता दें कि शनिवार देर शाम गोला थाना क्षेत्र के गांव में महिला को घर में अकेला पाकर प्रेमी अफसर अंसारी उसके घर पहुंचा। दोनों में किसी बात को लेकर बहस हुई जिससे गुस्से में आकर अफसर ने धारदार हथियार से किचन में ही उसकी हत्या कर दी। मामला सामने आने के बाद रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में टीम गठित किया। इस टीम ने तकनीकी तौर पर मिले साक्ष्य के आधार पर हत्यारे को 5 घंटे के अंदर मगनपुर के जंगलों से दबोच लिया। रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि एसआईटी ने हत्या के आरोपी अभियुक्त अफसर अंसारी उर्फ राजा को गिरफ्तार किया है। इसके पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू खून से सने कपड़े और जूते बरामद किए गए हैं। आपसी रंजिश में पूरी वारदात को इसने अंजाम दिया है साथ ही महिला के साथ उसके प्रेम प्रसंग की बात सामने आ रही है। जब महिला ने आरोपी से बात करने से इनकार किया तब इसने बदला लेने के उद्देश्य से धारदार हथियार से महिला का गला काट दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। अभियुक्त अफसर अंसारी उर्फ राजा (पिता-अख्तर अंसारी, सा0-चास न्यू तेलगड़िया, थाना-चिरा चास) जिला बोकारो का रहने वाला है। अभियुक्त के पास से मोबाइल फोन, खून लगा हुआ शर्ट, जूता, जैकेट और कांड में प्रयुक्त खून लगा हुआ चाकू बरामद किया गया है। इस मामले में पुलिस अग्रतर कार्रवाई कर रही है। इस मामले में कार्रवाई को लेकर छापामारी दल में रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के साथ पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, रजरप्पा, नवीन प्रकाश पांडेय, पु0अ0नि0 अभिषेक प्रताप, थाना प्रभारी, गोला, पु0अ0नि0 कुमार प्रभात रंजन, पु0अ0नि0 अमित कुमार और गोला थाना के सशस्त्र बल शामिल रहे।

### झारखंड के शिक्षा मंत्री ने 800 छात्रों को पुरी के लिए किया रवाना, बोले- भविष्य में काम आएगा यह अनुभव

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जिले के टाटानगर स्टेशन से झारखंड के अलग-अलग जिलों से कुल आठ सौ छात्र स्पेशल ट्रेन से पुरी के लिए रवाना हुए हैं। झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को इस यात्रा से विशेष अनुभव होगा। साथ ही छात्रों को काफी कुछ सीखने को मिलेगा। दरअसल, झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से कुल 800 बच्चों को पुरी के शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा गया है, जिनमें 100 बच्चे पूर्वी सिंहभूम जिला के शामिल हैं। बच्चों के साथ प्रत्येक जिला से तीन-तीन शिक्षक भी इस यात्रा में शामिल हैं। इस यात्रा को लेकर बच्चों में काफी उत्साहित दिखाई दिया। ट्रेन के खुलने से पहले शिक्षा मंत्री ने ट्रेन के पैंट्री कार का निरीक्षण किया। इसके बाद बच्चों को दी जाने वाली मेन्यू की जांच की और बोगियों में जाकर बच्चों से मुलाकात भी की। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी इस यात्रा में शामिल हैं। इस यात्रा से स्कूली बच्चों को काफी कुछ नया सीखने को मिलेगा। उन्हें नया अनुभव मिलेगा जो आने वाले समय के लिए काम आएगा- रामदास सोरेन, झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन बताया कि राज्य सरकार सरकारी स्कूलों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण का निर्माण के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने को लेकर प्रतिबद्ध है। पूर्वी सिंहभूम जिला में भी बच्चों को विभिन्न निजी कंपनियों व जिला अंतर्गत अन्य दर्शनीय, पर्यटन स्थल का भ्रमण कराया जा रहा है। हमें पूरा विश्वास है कि राज्य सरकार का यह प्रयास सार्थक साबित होगा। इस दौरान झारखंड के शिक्षा मंत्री के अलावा पूर्वी सिंहभूम जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष के अलवा अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे।

### बोकारो में दर्दनाक सड़क हादसा, बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत

**ललपनिया (बोकारो), एजेंसी।** गोमिया-ललपनिया मुख्य मार्ग पर हरदियामो मोड़ के पास रविवार को दो बाइकों के बीच आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बाइक सवारों की मौत हो गई। मृतक में एक कोदवाटांड निवासी टीटीपीएस कर्मचारी 59 वर्षीय आनंद करमाली तथा दूसरा तुलबुल पंचायत के ग्राम बिरसा भोलाडीह निवासी सितल गोप का 32 वर्षीय पुत्र सुरेश कुमार यादव उर्फ मुकेश यादव बताया गया। गोमिया पुलिस ने दोनों शव तथा बाइक को कब्जे में लेकर जांच में जुटी है। वहीं दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आनंद करमाली कोदवाटांड से अपनी हीरो बाइक (छ्व II10 क्क-5895) से हरदियामो साइट बस्ती मजदूर खोजने जा रहा था। वहीं तुलबुल के बिरसा भोलाडीह से सुरेश कुमार यादव उर्फ मुकेश अपनी डिस्कवर बाइक से अपने भतीजे को डीएवी स्कूल ललपनिया पहुंचाने जा रहा था। इसी दौरान हरदियामो मोड़ के पास दोनों बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें आनंद करमाली की मौत मौके पर ही हो गई। वहीं सुरेश कुमार यादव को बोकारो बीजीएच ले जाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर कोलेबिरा( सिमडेगा) थाना क्षेत्र के सिजांग गांव के समीप सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल हो गए।

## आर्ट ऑफ गिविंग रांची इकाई की मैराथन का समापन




**रांची, एजेंसी।** केआइआइटी, केआइएसएस एवं आर्ट ऑफ गिविंग के प्रणेता प्रो।अच्युता सामंत की सोच को अमली जामा पहनाने की दिशा में आर्ट ऑफ गिविंग की रांची इकाई द्वारा आयोजित मैराथन का समापन शनिवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने मैराथन का उद्घाटन कर इसे ऐतिहासिक बनाने में अहम भूमिका निभाई। दौड़ की शुरुआत एचईसी क्षेत्र के सेक्टर 3 मैदान से हुई और धुर्वा गोलचक्कर, विधानसभा मार्ग होते हुए सेक्टर 3 मैदान के पास ही संपन्न हुई। मैराथन के आयोजन का उद्देश्य न केवल खेल भावना को बढ़ावा देना, बल्कि समाज में एकजुटता और जागरूकता का संदेश देना भी था।

इस दौरान प्रतिभागियों ने पूरे जोश वा उत्साह के साथ दौड़ में भाग लिया। इसमें रांची वासियों का भरपूर समर्थन वा उत्साह देखा गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने शिक्षाविद वा समाजसेवी प्रो।अच्युत सामंत के उल्लेखनीय कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रो।सामंत द्वारा शिक्षा वा समाज के क्षेत्र में किए गए अभूतपूर्व योगदान की सराहना की।

उन्होंने कहा कि उनका यह प्रयास युवाओं के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मौके पर कई प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। कार्यक्रम में सुनील सहाय, विकास वर्मा, विश्वजीत नंदी, संजय कुमार, उत्तम राज आदि शामिल थे। सभी ने आयोजन की सफलता के लिए आयोजकों को बधाई दी और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।यह आयोजन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि यह समाज में जागरूकता लाने वा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देने वाला एक मंच भी था। प्रतिभागियों वा आयोजकों ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

## एक महीने में बिजली विभाग के पास पहुंची 17 हजार से अधिक शिकायत, स्मार्ट मीटर को लेकर उठाया गया बड़ा कदम



**रांची, एजेंसी।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की ओर से उपभोक्ताओं को बिजली बिल से संबंधित परेशानियों से छुटकारा दिलाने के लिए विभाग की ओर से सहायता शिविर का आयोजन किया गया। यह सहायता शिविर 17 दिसंबर से लेकर 31 जनवरी तक चलेगी, लेकिन 23 जनवरी तक मात्र 17259 ही मामले पहुंचे है।

इसमें से 16446 मामलो का निपटरा हो चुका है, लेकिन 813 मामले लंबित है। विभाग का दावा है कि 813 मामले जल्द ही निपटा लिए जाएंगे।

इस सहायता शिविर में मोबाइन नंबर पंजीकृत, स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी, अधिक बिजली बिल पहुंचने से संबंधित परेशानी, बिजली बिल नही पहुंचने, सिक्युरिटी डिपोजिट, अकाउंट से संबंधित, ऑनलाइन पेमेंट नही होने समेत कई मामलों के निपटरे को होते है।

बता दें कि विभाग के अनुसार डेढ माह का सहायता शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें शहरी 3।5 लाख उपभोक्ताओं को जोड़ने का लक्ष्य लिया गया था, लेकिन शिविर के माध्यम से भी अबतक मात्र 30 प्रतिशत ही उपभोक्ताओं को जोड़ा जा सका है।

सर्किल के अधीक्षण अभियंता डीएन साहू ने बताया कि 31 जनवरी तक नियमित रूप से शिविर का काम चलेगा। लक्ष्य की प्राप्ति तक कार्यालय में स्मार्ट मीटर से संबंधित नंबर अपडेट किए जाएंगे।


साथ ही जरूरत पड़े तो शिविर का विस्तार भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली विभाग के लिए उपभोक्ताओं को सुविधा देना एक बड़ी चुनौती साबित हो रही थी, जिसे देखते हुए शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

पंचम वित्त आयोग के अध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आदित्यपुर जियाडा सभागार में बैठक आयोजित किया गया। इसमें नगर निगम और औद्योगिक क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं व समस्याओं को लेकर शुक्रवार बैठक किया गया। बैठक में जियाडा की समीक्षा के दौरान अध्यक्ष ने चाईबासा के नीमडीह में जियाडा द्वारा स्टील उद्योग के लिए अधिग्रहित 697 एकड़ भुखंड पर उद्योग नहीं लगने की वजहों को जाना।

वहीं सुझाव दिया कि स्टील उद्योग नहीं लग रहा तो अन्य उद्योगों के लिए भूखंड को आवंटित करें। कंपनी मालिकों की ओर से कहा गया कि जियाडा क्षेत्र में सड़क, पानी व स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था काफी खराब है। जिसको दुरूस्त किया जाएं। आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स को लेकर जियाडा और निगम को एक मंच पर बैठकर इसका समाधान करने की बात कही।

वहीं सुवर्णरिखा परियोजना द्वारा नगर निगम को आ सौ करोड़ पानी बिल बकाया मामले पर बकायेदार कंपनियों को दूसरी नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

## गिरने लगा प्रदेश का तापमान, फिर बढ़ी कनकनी



**रांची, एजेंसी।** झारखंड का तापमान एक बार फिर गिरने लगा है। इसके साथ ही कनकनी भी बढ़ गई है। अधिकतम तापमान 30 डिग्री से नीचे आ गया है। न्यूनतम तापमान 4 डिग्री के करीब पहुंच गया है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी है। हालांकि, दृश्यता (विजिबिलिटी) की समस्या दूर हुई है। झारखंड में सबसे कम विजिबिलिटी पूर्वी सिंहभूम के जमशेदपुर में रही। यहां की दृश्यता सोमवार (27 जनवरी) को 1800 मीटर रही।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की वेदर रिपोर्ट में बताया गया है कि झारखंड के तापमान में रविवार (26 जनवरी) से ही गिरावट आने लगी। रांची, जमशेदपुर, डाल्टेनगंज, बोकारो और चाईबासा के न्यूनतम तापमान में महज 24 घंटे के अंदर 3।4 डिग्री से 4।1 डिग्री सेंटीग्रेड तक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इससे लोगों को फिर से कनकनी वाली ठंडी लगने लगी। सोमवार को रांची के न्यूनतम तापमान में मामूली वृद्धि हुई है, लेकिन जमशेदपुर, डाल्टेनगंज और चाईबासा के न्यूनतम तापमान में बड़ी गिरावट आई है। जमशेदपुर का न्यूनतम तापमान 2।8 डिग्री घटा है जबकि चाईबासा के न्यूनतम तापमान में 3।4 डिग्री सेंटीग्रेड की गिरावट आई है। डाल्टेनगंज का पारा 0।7 डिग्री गिरा है। बोकारो के न्यूनतम तामपान में 0।1 डिग्री सेंटीग्रेड की मामूली गिरावट दर्ज की गई है। रांचा का न्यूनतम पारा 0।2 डिग्री सेल्सियस बढ़ा है।

अगर पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड में अधिकतम तापमान की बात करें, तो सरायकेला का पारा सबसे अधिक रहा। यहां उच्चतम तापमान 29।8 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान गुमला में 4।2 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया।

## महिला हॉकी लीग की विजेता बनीं ओडिशा वॉरियर्स, सीएम हेमंत बोले, खेल को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध




**रांची, एजेंसी।** हॉकी की नर्सरी कहे जाने वाले झारखंड की राजधानी रांची के जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में 26 जनवरी को खेले गए फाइनल मुकाबले में ओडिशा वॉरियर्स ने रोमांचक मुकाबले में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 2-1 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया है। दूसरे क्वार्टर में रुतुजा दादासो पिसल ने वारियर्स को बढ़त दिलाई। लेकिन इसके तुरंत बाद सूरमा की पेनी स्क्बि ने गोल दाग कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। लेकिन रुतुजा ने अंतिम क्वार्टर में फिर से गोल कर वारियर्स की जीत सुनिश्चित कर दी। विजेता टीम को डेढ़ करोड़ का चेक मिला है।

फाइनल मुकाबला देखने के लिए पूरा रांची का स्टेडियम हॉकी प्रेमियों से खचाखच भरा हुआ था। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार हर कदम उठा रही है। खेलों के आयोजन से युवाओं में ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई खेल आयोजन हो रहे हैं, जो खेल और खिलाड़ियों के लिए अच्छा संकेत है।

देश में पहली बार हुआ महिला हॉकी लीग

12 जनवरी को महिला हॉकी लीग का भव्य तरीके से आगाज हुआ था। आकर्षक आतिशबाजी से पूरी रांची दमक उठी थी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में झारखंड की झलक देखी थी। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन थीं। उस दिन अपने संबोधन में कल्पना सोरेन ने कहा था कि भारत में पहली बार हो रहा है, जब देश और विदेश की महिला हॉकी खिलाड़ी चार टीमों में बंटकर इस लीग में भाग ले रही हैं। आयोजन का पहला अवसर झारखंड को मिला है। झारखंड की बेटियां हॉकी के लिए जानी जाती हैं।

पहली बार खेले गए महिला हॉकी लीग में %बंगाल टाइगर्स, दिल्ली पाइपर्स, ओडिशा वॉरियर्स और सुरमा हॉकी क्लब% नाम की चार टीमें में शामिल थीं। इनमें झारखंड की 6 खिलाड़ी शामिल थीं। सुरमा हॉकी क्लब की ओर से झारखंड की स्टार हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान, दिल्ली की टीम से संगीता कुमारी और दीपिका सोरेंग जबकि ब्यूटी डुंगडुंग और विनिमा धान बंगाल टाइगर की तरफ से खेलने उतरीं थीं।

## धनबाद में चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों को करना होगा इन नियमों का पालन, आ गया नया ऑर्डर

**धनबाद, एजेंसी।** उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक की गई। उपायुक्त ने समिति के सदस्यों से कहा कि वह कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए उचित कदम उठाएं। सरकार के निर्देशानुसार प्रसव पूर्व लिंग जांच करवाना कानूनी अपराध है।

इसमें किसी अल्ट्रासाउंड केंद्र की संलिप्तता सामने आने पर उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करें। पीएनडीटी एक्ट के तहत कोई भी चिकित्सक लिंग जांच नहीं कर सकता।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समय-समय पर अल्ट्रासाउंड केंद्रों का टीम बनाकर निरीक्षण करने, रिन्यूअल समय पर करने और मेडिकल वेस्ट का निकास कहां किया जा रहा है, इसकी जांच करने का भी निर्देश दिया।





बैठक में नए रजिस्ट्रेशन के लिए समर्पित दो आवेदनों और रिन्यूअल के लिए आए चार संस्थानों द्वारा समर्पित आवेदनों पर विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि किसी भी अल्ट्रासाउंड केंद्र के नए रजिस्ट्रेशन और रिन्यूअल के आवेदन में फायर सेफ्टी अनापत्ति प्रमाणपत्र आवश्यक रहेगा।

रेडियोलॉजिस्ट या सोनोलॉजिस्ट को अल्ट्रासाउंड केंद्रों में उपस्थित रहने के समय की लिखित सूचना देनी होगी। सेंटर पर अल्ट्रासाउंड करने का निर्धारित समय प्रदर्शित करना होगा।

फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 से 25 फरवरी तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम चलाया जाएगा। 10 फरवरी को जिले के 2,248 बूथ पर 4,496 दवा प्रशासक द्वारा 26 लाख से अधिक लोगों को अपने सामने दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। अभियान को सफल बनाने के लिए 428 सुपरवाइजर भी क्रियाशील रहेंगे। वहीं छूटे हुए लोगों को 11 से 25 फरवरी तक दवा प्रशासक द्वारा घर-घर जाकर अपने सामने डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की खुराक खिलाई जाएगी।

अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर शनिवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में बैठक हुई।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के दौरान शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करें। मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन केंद्र एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों की कार्य शैली पर नाराजगी जताई।

सिविल सर्जन डॉ। चंद्रभानू प्रतापन ने बताया कि अभियान के दौरान सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा हेल्थ सब सेंटर, सदर अस्पताल, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हास्पिटल व धनबाद रेलवे स्टेशन पर लोगों को दवा खिलाई जाएगी।

बैठक में डब्ल्यूएचओ के सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डॉ। अमित तिवारी, एचओडी पीएसएम डॉ। रवि रंजन, वीबीडी पदाधिकारी डॉ। सुनील कुमार, वीबीडी सलाहकार रमेश कुमार सिंह मौजूद थे।

# 90 घंटे काम करने की अपेक्षा

कभी -कभी किसी विशिष्ट व्यक्ति के मुंह से कुछ इस तरह के बयान निकल कर बाहर आ जाते हैं जिनके बारे में तय करना मुश्किल हो जाता है कि इन्हें गंभीर मान कर इन पर समुचित ध्यान दिया जाए या हास्यास्पद मान कर दरकिनार कर दिया जाए। पिछले दिनों लार्सन एंड टूब्रो (एल एंड टी) के चेयरमैन एस. एन. सुब्रमण्यम ने जो बात कही उस पर पूरे देश में प्रतिक्रिया हुई। उन्होंने अपने कर्मचारियों की बैठक में कहा कि कर्मचारियों को सप्ताह में 90 घंटे और रविवार को भी काम करना चाहिए। अपनी पत्नियों का मुंह निहारने में समय नष्ट नहीं करना चाहिए। इससे पहले इंफोसिस के मालिक नारायण मूर्ति भी कर्मचारियों से सप्ताह में 70 घंटे काम करने का आह्वान कर चुके हैं। अगर इन टिप्पणियों को सचमुच गंभीरता से लिया जाए तो ये बहुत क्रूरता, नासमझी और असंवेदनशीलता से भरी हुई टिप्पणियां हैं। इनका निहित भाव यह है कि कर्मचारी न अपने परिवार पर ध्यान दें, न दोस्तों, मित्रों और रिश्तेदारों से संपर्क रखें और अपने सामाजिक जीवन को त्याग दें। भारत जैसे देश में जहां शिक्षित बेरोजगारों की दर बहुत ज्यादा है, और जिन्हें रोजगार मिला भी हुआ है, उन्हें भी अपने श्रम के अनुकूल वेतन नहीं मिलता। एक आंकड़े के अनुसार भारत के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगाररत लोगों में से 67 फीसद ऐसे हैं जो कार्य संबंधी कारणों से तनावग्रस्त रहते हैं जिससे उनके परिवारों में भी तनावग्रस्त वातावरण बन जाता है। तिस पर कार्यस्थलों का वातावरण उनके प्रति सहानुभूतिपूर्ण, संवेदनशील और समझदारी भरा न हो तो उनकी समस्याएं और अधिक बढ़ जाती हैं। ऐसे में उनसे सप्ताह में 90 घंटे कार्य करने की अपेक्षा करना उनकी सामाजिक और पारिवारिक जिंदगियों को नर्क में झोंक देने जैसा है। आजकल तो ऐसे भी संस्थान हैं जो अपने बड़े-बड़े अधिकारियों को ज्यादा वेतन इसलिए देते हैं कि वे छोटे कर्मचारियों का शोषण करें। वास्तव में बहस इस पर होनी चाहिए कि संस्थाओं में कर्मचारियों को उत्पादनक्षम वातावरण कैसे मिले जिससे पारिवारिक तथा व्यावसायिक जीवन में संतुलन आए न कि उनसे 90 घंटे काम करने की अपेक्षा की जाए। हालांकि अब एल एंड टी की एचआर हेड ने अपने चेयरमैन का बचाव करते हुए कहा है कि उनके बयान को गलत संदर्भ में लिया गया है। लेकिन सच तो यह भी है कि जब बात निकली है तो दूर तलक जाएगी।

# देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला बुलेट ट्रेन रूपी इंजन है यूपी

भारतीय अर्थव्यवस्था भारत के 28 राज्य 8 केंद्रशासित प्रदेशों की आर्थिक क्षमता का प्रतिनिधित्व करती है। भारतीय अर्थव्यवस्था 3-7 ट्रिलियन डॉलर का स्तर पार कर चुकी है जिसमें 15.7त्न के योगदान के साथ महाराष्ट्र प्रथम स्थान पर है तथा 9.2त्न के योगदान के साथ उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है। यह दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश राज्य आर्थिक दृष्टिकोण से देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला बुलेट ट्रेन रूपी इंजन है। उत्तर प्रदेश राज्य से देश की राजनीति का सीधा संबंध है क्योंकि लोक सभा में राज्यों में सर्वाधिक सीटें उत्तर प्रदेश की हैं परंतु 2017 से जब से प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनी है तब से देश की आर्थिक गतिविधियों के केंद्र में प्रदेश आ गया है। 2018 में यूपी इन्वेस्टर्स समिट के सफल आयोजन के साथ ही 2020 में 11वें डिफेंस एक्स्पो का सफल आयोजन राज्य में कराया गया। दिल्ली को छोड़ दिया जाए तो उत्तर प्रदेश में पहली बार किसी राज्य में डिफेंस एक्स्पो का आयोजन हुआ था। कोविड महामारी की आपदा के दौरान प्रधानमंत्री के आपदा में अवसर के मंत्र ने उत्तर प्रदेश को नई ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया। उत्तर प्रदेश सैनेटाइजर उत्पाद से लेकर सर्वाधिक कोविड वैक्सिनेशन करने वाला देश का पहला राज्य बना। 2023 में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हुआ। 2024 में देश ने जी-20 सम्मेलन की अध्यक्षता की। इस अवसर का लाभ उत्तर प्रदेश राज्य ने आर्थिक-सांस्कृतिक, दोनों दृष्टि से खूब उठाया। सांस्कृतिक शहरों वाराणसी, लखनऊ, आगरा जैसे शहरों में निवेशकों को निवेश के बेहतर विकल्प मिले तो पर्यटन, खानपान, लोक कलाओं और ओडीओपी योजना में शामिल उत्पादों को उपहारस्वरूप भेंट देकर निवेशकों का मन जीता तो वहीं प्रदेश के आर्थिक हब ग्रेटर नोएडा में सम्मेलन का आयोजन कर उत्तर प्रदेश की आर्थिक क्षमता से भी निवेशकों का परिचय कराया। 22 जनवरी, 2024 की तारीख पुनः उत्तर प्रदेश को देश के केंद्र में ला खड़ा करती है, मौका था भव्य राम मन्दिर के उद्घाटन का। संपूर्ण अयोध्या नगरी का कायाकल्प हो गया। सड़कों से लेकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक, रेलवे स्टेशन से लेकर बस स्टैंड तक, सड़कों के चौड़ीकरण से लेकर, भव्य चौराहों के निर्माण तक, सीवर लाइन से लेकर बिजली की व्यवस्था तक, धार्मिक स्थलों के कायाकल्प से लेकर, रोजगार, सुरक्षा, पर्यटन और स्वच्छता के क्षेत्र में, जो नये-नये कीर्तिमान रचे गए, उसका साक्ष्य प्रदेश की 24 करोड़ जनता बनी। असंख्य श्रद्धालु आज लाखों की संख्या में अयोध्या पहुंच रहे हैं, और देश के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान सुनिश्चित करा रहे हैं। आज प्रदेश अपने सु-शासन, जीरो टॉलरेंस ऑफ करप्शन तथा महिला सुरक्षा जैसे विषयों पर अपनी छवि को सकारात्मक कर चुका है, जिसका परिणाम है कि स्थल अवरुद्ध राज्य होने के बाद भी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना का संचालन हो या भारत की पहली फिल्म सिटी का निर्माण हो या प्रधानमंत्री मित्र योजना में शामिल 7 राज्यों में उत्तर प्रदेश का शामिल होना हो या सैमसंन कंपनी द्वारा विश्व की सबसे बड़ी मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग हब का नोएडा में स्थापित होना हो, उत्तर प्रदेश सर्वोत्तम प्रदेश के नये परसेप्शन के साथ आगे बढ़ रहा है। आज उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री के डिजिटल भारत के सपने को व्यावहारिक पटल पर स्वीकार्य बना रहा है। यूपी कृषि प्रधान तथा एमएसएमई प्रधान राज्य तो है ही वह दिन दूर नहीं जब यह सेवा प्रधान राज्य भी होगा। इसकी शुरुआत योगी सरकार द्वारा प्रदेश के 5 जिलों को 'पंच प्राण0 के रूप में विकसित करने से हुई है। कानपुर को रोबोटिक्स व ड्रोन सिटी के रूप में, लखनऊ को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी के रूप में, नोएडा को सूचना प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी जनित सेवा सिटी के रूप में तथा वाराणसी, प्रयागराज को इंजीनियरिंग अनुसंधान व विकास सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है जो दर्शाता है कि वर्तमान-भविष्य में जिन सेवाओं, तकनीकों व अनुसंधानों की जरूरत होगी उनकी तैयारी के लिए प्रदेश ने कमर कस ली है।

# राधा भट्ट : सम्मान से बड़ा प्रेरणादायक व्यक्तित्व



कुमार कृष्णन

अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त राधा भट्ट का नाम गांधी-विनोबा युग के गांधीवादियों में प्रमुखता से शुमार किया जाता है।इस बार उन्हें पद्म श्री सम्मान से सम्मानित किए जाने की घोषणा हुई है। सम्मान से बड़ा राधा भट्ट का कद है। उत्तराखंड के कौसानी क्षेत्र में पहाड़ी महिलाओं को सशक्त बनाने और महिला, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, शराब विरोधी आंदोलन के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनके जीवन का सात दशक पहाड़ और पर्यावरण के मुद्दे पर संघर्ष रहा है। उनका संघर्ष उन्हें प्रेरणादायक व्यक्तित्व के अग्रणी श्रेणी लाकर खड़े करती है। यात्राओं के क्रम में सुप्रसिद्ध गांधीवादी राधा भट्ट का सानिध्य मिलना काफी सुखद रहता है। उनसे बहुत कुछ सीखने का मौका मिलता है। वह है जीवन का अनुशासन। असम के कोकराझार से कश्मीर तक की साईकिल यात्रा में मुझे उनके साथ लगातार साथ रहने का अवसर मिला। उन्होने सर्व सेवा संघ, गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष पद को सुशोभित किया। लक्ष्मी आश्रम कौसानी की अध्यक्ष राधा भट्ट 70 साल से उत्तराखंड के पहाड़ के लिए लड़ रही हैं। 1957 में भूदान आंदोलन के साथ उनकी पदयात्रा शुरू हुई। बालिका शिक्षा, पर्यावरण, जल, जंगल और जमीन की चिंता जागी। ग्राम स्वराज, शराब आंदोलन, युवा महिला सशक्तिरण और सर्वोदय आंदोलनों में उनकी बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी रही है। राधा दीदी ने 18 साल की उम्र में घर छोड़ दिया। उनका जीवन पूरी तरह समाज के लिए समर्पित है। वे वर्तमान में 93 साल की हैं।राधा भट्ट का जन्म 16 अक्तूबर 1933 में कमलापति और रेवती भट्ट के घर हुआ। अल्मोड़ा के पास धुरका गांव में सेना के एक पारंपरिक परिवार में जन्मीं राधा भट्ट को अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा क्योंकि लोग लड़कियों को शिक्षित करने के खिलाफ़ थे। उनके मुताबिक मेरे पिता ने मुझे पाला-पोसा, जिन्होंने प्रचलित रूढ़िवादी मान्यता के खिलाफ़ विद्रोह किया कि चूँकि मैं गलत राशि में पैदा हुई हूँ, इसलिए उन्हें मुझे नहीं देखना चाहिए। उन्होंने मुझे भरपूर प्यार दिया। अपनी माँ के साथ मुझे पहाड़ी महिलाओं की कठिन दिनचर्या का एहसास हुआ, क्योंकि मैं उनके साथ चारा और जलाऊ लकड़ी इकट्ठा करने के लिए दूर-दूर तक जाती थी। उन्होने माध्यमिक शिक्षा पूरी करने के बाद वैवाहिक जीवन की बजाय समाज सेवा को चुना। वह 1951 में सरला बहन के संपर्क में आकर कौसानी आश्रम पहुंचे। वह सरला बहन द्वारा पहाड़ी महिलाओं में शिक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए स्थापित कस्तूरबा महिला आमंत्रण मंडल में शामिल हुईं।उनके मुताबिक , यह मेरे लिए स्वतः ही आकर्षण था क्योंकि सरला पहाड़ी महिलाएं आत्मनिर्भर, रूमानी और शिक्षित बनना चाहती थीं। मैं उस समय 17 साल की थी और मिशन के लिए काम करने के लिए पूरी ऊर्जा से भरी हुई थी। 1951 में वे 18 साल की उम्र में लक्ष्मी आश्रम कौसानी पहुंच गईं। गरीब घरों की बालिकाओं को पढ़ाना और उन्हें जीवन जीने की कला सीखाने लगीं।वह बालिकाओं में ऐसे रम गईं कि दस साल कब निकल गए। उन्होंने फिर घर की तरफ लौटकर नहीं देखा। सरला भवन की वे अनुयायी बन गईं। 1957 में भू-दान आंदोलन में भाग लिया। उत्तराखंड से पहली पदयात्रा शुरू की। उत्तर प्रदेश और असम में विनोबा भावे के साथ रहीं। 1961 से 1965 तक बंजर गांव, ग्राम स्वराज, शराब विरोधी आंदोलन, वन संरक्षण, युवा महिला सशक्तिकरण, गाय, बकरी चूंगाने वाली किशोरियों के उत्थान और सर्वोदय आदि कामों में व्यस्त रहीं। इस दौरान बौगाड़ में ग्रामीण नव निर्माण का काम किया । नशाबन्दी, वन, टिहरी बाँध तथा खनन विरोधी आन्दोलनों के बाद नदी बचाओ आन्दोलन में सक्रिय हिस्सेदारी रही। उत्तराखंड के पहाड़ों में 25 बाल मंदिर के जरिए राधा भट्ट ने 15000 बच्चों को फायदा पहुंचाया। इसके साथ ही 1 लाख 60 हजार पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण की मशाल भी जलाई। राधा भट्ट ने उत्तराखण्ड, हिमालय और शेष देश में लगातार यात्राएँ और जनान्दोलनों में शिरकत की। देश और विदेश में गांधी विचार, पर्यावरण, हिमालय, नयी तालीम, तिब्बत और जनान्दोलनों के साथ मानव तथा स्त्री अधकिार पर लगातार बोलती-लिखती रहीं। फिनलैंड डेनमार्क, नार्वे और फिनलैंड में व्यस्क शिक्षा और लोक हाई स्कूल प्रणाली में डिप्लोमा किया। बेरीनाग में स्वराज मंडल की स्थापित की। महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, खादी ग्रामोद्योग की गतिविधियों को बढ़ाया। 1975 सरला बहन के 75 वें जन्मदिन पर पद यात्रा शुरू की। 75 दिनों की लंबी यात्रा में वन संरक्षण, चिपको आंदोलन, शराब का विरोध और ग्राम स्वराज की स्थापना के लिए लोगों को जागरूक किया। 1976 में देवीधूरा ब्लाक से पदयात्रा शुरू की। 65 गांवों में यह यात्रा पहुंची। 40 बालवाड़ी, 30 महिला संगठन, 12 गांव को कृषि के लिए प्रेरित किया। 1980 में खनन के खिलाफ मोर्चा खोला। 2006 से 2010 तक राधा बहन में उत्तराखंड के हिमालय और नदियों का सर्वेक्षण किया। हाईड्रो पावर परियोजनाओं का विरोध किया। नदी में सुरंग बनाने, विस्फोटकों का इस्तेमाल आदि पर लोगों को जागरूक किया।1980 में कोपेहेगन, डेनमार्क में अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन, 1982 में अमेरिका में गांधी विचार, महिला एवं सामाजिक विकास सम्मेलन में भाग लिया। 1984 में सेंट जेवियर्स विश्वविद्यालय कनाडा में विकास और लोगों की पहल कार्यक्रम में भाग लिया। 1987 में रावलपिंडी, पाकिस्तान में दक्षिण एशिया ग्रामीण विकास सम्मेलन में भाग लिया।सभाओं को संबोधित किया।राधा बहन ने 1988 में स्वीडन में दो महीने तक 30 बैठकों को संबोधित किया। पर्यावरण, अहिंसा, महिला सशक्तीकरण पर चर्चा की। 1975 में डनेमार्क में अहिंसा पर तीन महीने का व्याख्यान दिया। 1998 में बीजिंग, चीन में विश्व महिला सम्मेलन में भाग लिया। वे लक्ष्मी आश्रम, हिमालय सेवा संघ, गांधी स्मारक निधि, कस्तूरबा ट्रस्ट, गांधी शान्ति प्रतिष्ठान, महिला





हाट, गुजरात विद्यापीठ आदि से आप सदा अभिन्न रहीं और संस्था निर्माता-पोषक बनीं। राधा बहन ने हिमालय की बेटी किताब भी लिखी है। जिसे जर्मन और डेनिस भाषा में भी प्रकाशित किया गया है। इसके अलावा वे दिन वे लोग भी पुस्तक हैं। यह यात्रा संस्मरण पर आधारित पुस्तक है। उन्हें जमनालाल पुरस्कार, बाल सम्मान, इंदिरा प्रियदर्शनी पर्यावरण, गौदावरी गौरव पुरस्कार आदि से भी सम्मानित किया गया है। उनका मानना है कि गांधी एक शाश्वत विचार है। वे कहतीं हैं गांधी ने एक सेवक की प्रार्थना लिखी थी,जिसे हम भी सायंकालीन प्रार्थना में गाया करते हैं ।हे नम्रता के सागर के विशेष संबोधन से आरंभ होनेवाली प्रार्थना की एक महत्वपूर्ण पंक्ति है तू तभी मदद को आता है ,जब मनुष्य शून्य बनकर तेरी शरण लेता है। मनुष्य के शून्य बनने की घडी की स्पष्ट पहचान और उसका प्रत्यक्ष एहसास मुश्किल से ही होता है,पर जब होता है तो मनुष्य अपनी अहं की शक्ति को भूलकर मदद के लिए पुकारता है। यह स्थिति व्यक्तिगत रूप से भी होती है और एक राष्ट्र के सामूहिक रूप से भी। उनके मुताबिक गांधी ने सिखाया और करके दिखाया कि आम जन की संगठित ,समर्पित प्रतिवद्ध अहिंसक शक्ति में वह ऊर्जा है कि वह हिंसक शक्ति को पराजित कर देती है। गांधी के विचार और दर्शन को समझने की स्थिति महत्वपूर्ण हो जाती है। जनतांत्रिक सरकारों की हिंसा , पूंजी जगत के अपराधियों की हिंसा ,देश की व्यवस्थाओं में लगी बची हिंसा और दलगत राजनीति में बढ़ती हिंसा से समाज निजात पाना चाहने लगा है। आज का जनतंत्र आम जन के हित से अधिक मुट्ठी भर पैसेवालों के पक्ष में चला गया है ।जनता को कोई राह नहीं दिखती ,ऐसे समय में जब मनुष्य शून्य बनकर अंधकार में कुछ खोजने टटोलने लगता है , तब कोई प्रकाश मिलना चाहिए। वह प्रकाश हैं गांधी। हमारा शरीर और जीवन समाज ने बनाया है, हम समाज को क्या दे सकते हैं, यह सिद्धांत होना चाहिए। आज देखे विश्व में हिंसा की पराकाष्ठा है। नशा, नशा का बोलबाला है। ऐसे में युवाओं की देनदारी बढ़ती जाती है। गांधी अपने अंतिम समय तक सोच, विचार और व्यवहार से युवा थे। इसलिए वे आज भी युवाओं के रोल मॉडल हैं। आज पूरी दुनिया कह रही है कि अगर धरती को बचाना है तो गांधी के रास्ते पर चलना होगा।

# चर्चा दिवस गणतंत्र की



डॉ. प्रशांत करन

रवि बाबू का दावा है कि उन्होंने छब्बीस जनवरी के ब्रह्ममुहूर्त में एक विचित्र, अनोखा सपना देख लिया। वे छब्बीस जनवरी को गणतंत्र दिवस की संध्या को विस्तार से बता गए। मैंने सुविधा के लिए उसे लिपिबद्ध भी कर लिया। अब उनके इस विस्तार से बताए गए स्वप्न को सुनकर मेरे पेट में जोर का दर्द उठा। ऐसा मेरे साथ होता है। मेरे पेट में बात पचती नहीं। अपच, अजीर्ण सा होने लगता है। मेरे मन में यह सब किसी से साझा करने की प्रबल इच्छा होने लगी, ताकि यथाशीघ्र ही इस दर्द से छुटकारा पाया जा सके। पर हाय रे भाग्य! कोई आ नहीं रहा। बढ़ती और असह्य पीड़ा से छुटकारा पाने का एकमात्र विकल्प यह बचा कि उसे आप पाठकों तक पहुँचा दूँ। किसी प्रकार से भी अपनी पीड़ा तो दूर हो। बाकी आपकी आप पाठक जानें!

सो अब रवि बाबू के द्वारा बताए गए स्वप्न को जैसा बताया गया, वैसा ही लिपिबद्ध किया गया और आपसे साझा कर रहा हूँ। पुनः बता दूँ, इसके एक-एक शब्द रवि बाबू के ही हैं, मेरे शब्द हैं ही नहीं। मैं तो मात्र अपनी उदरपीड़ा से उबरने के लिए इसे सार्वजनिक कर रहा हूँ।

रवि बाबू ने सपना देखा कि स्वर्ग में गणतंत्र दिवस पर तिरंगे के झंडोत्तोलन के लिए भगत सिंह, उनके अनेक साथी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, बाबा साहेब अंबेडकर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, महात्मा गाँधी, नेहरू के साथ इंदिरा गाँधी, संजय गाँधी, राजीव गाँधी, माउंटबेटन, एडविना माउंटबेटन, सरदार पटेल, लाल बहादुर शास्त्री, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, वीर सावरकर, नरसिम्हाराव, अटल बिहारी वाजपेयी आदि अनेक लोग एकत्रित हुए। तभी चित्रगुप्त जी ने घोषणा की कि एकत्रित लोग झंडे के स्थल से दाएँ-बाएँ हो जाएँ, ताकि देवाधिदेव महादेव और सारे देवतागण एवं देवियाँ, ऋषि-मुनि झंडा फहराने के स्थान पर सामने हो सकें।

दाईं ओर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ भगत सिंह, सभी साथी, बलिदानी, वीर सावरकर शीघ्रता से आ गए। उनके पीछे डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. अंबेडकर, सरदार पटेल, शास्त्री जी, अटल जी और नरसिम्हाराव आदि खड़े हुए। बाईं ओर माउंटबेटन, महात्मा गाँधी, नेहरू और उनके साथ एडविना माउंटबेटन खड़ी हुईं। उनके पीछे इंदिरा गाँधी, राजीव गाँधी खड़े हुए। संजय गाँधी उसी पंक्ति में अधिक दूर अकेले खड़े हुए। मथाई दाईं-बाईं पंक्ति के बीच दूर खड़े थे और उनके साथ नटवर सिंह, विद्वतजन आदि तटस्थ होकर खड़े हो गए।

देवाधिदेव महादेव ने माता पार्वती के साथ झंडोत्तोलन किया। भगवान विष्णु महादेव के ही साथ बगल में खड़े थे। झंडोत्तोलन के बाद राष्ट्रीय गान हुआ। फिर सभी अल्पाहार के लिए अन्य स्थल पर एकत्रित हुए। सबने तटस्थों से प्रश्न किया, "आप लोग गणतंत्र की विवेचना करें।"

एक आचार्य ने कहा, "गणतंत्र दो शब्दों की संधि से बना है - गण और तंत्र। गण का अर्थ छंद शास्त्र में भगण, यगण आदि तीन वर्णों के समूह के अतिरिक्त, शिव के परिषद तथा अक्षोहिणी सेना का एक विभाग होता है, जिसमें सत्ताईस रथ, सत्ताईस हाथी, इक्यासी घोड़े और एक सौ पैंतीस पैदल होते हैं।" यह सुनते ही भगवान विष्णु ने इसका करतल ध्वनि से स्वागत किया।

तभी दूसरे आचार्य ने कहा, "गण के और भी अर्थ हैं, यथा - वर्ग, जाति, श्रेणी, समान उद्देश्य वाले मनुष्यों का समूह, गिरोह, अनुचर या अनुयायी वर्ग, परिचारक, दूत, सेवक, अनुचरों का एक दल आदि।" तभी दाईं ओर से सुनाई पड़ा, "नेहरू ने गण का अर्थ गिरोह, अनुचर, अनुयायी वर्ग, अनुचरों का एक दल और सेवक समझा।"

नेहरू चुपचाप सुनते रहे। इंदिरा गाँधी ने दबंगता दिखाई और कहा, "चुप रहो।" तभी दाईं ओर वालों से सभी ने एक स्वर में ऊँचे स्वर में कहा, "नेहरू अकेले क्या, पूरी कांग्रेस ने अब तक यही समझ रखा है।" तटस्थों ने भी इसका पुरजोर समर्थन किया। इस पर बाईं ओर वालों को साँप सूँघ गया। नारद जी और सभी देवी-देवताओं ने भी सिर हिलाकर इसका समर्थन किया।

तभी तीसरे आचार्य ने कहा, "तंत्र का अर्थ वेद की एक शाखा, शिव-शक्ति की पूजा और अभिचार आदि का विधान करने वाला शास्त्र, वीणा आदि का तार, विज्ञान संबंधी सिद्धांत होता है।" ऋषियों ने सहमति दिखाई। अन्य विद्वान ने कहा, "तंत्र के अन्य अर्थ भी हैं - कौटुम्बिक नृत्य, शासन प्रबंध की विशिष्ट प्रणाली, सुख, धन, कुल-परिवार का भरण-पोषण, अधीनता आदि।"

अब तटस्थ रहे लोगों ने तालियाँ बजाकर कहा, "स्वतंत्रता के बाद दशकों तक नेहरू परिवार ने तंत्र का यही अर्थ लिया।" शिव के गणों ने नाचकर इसका समर्थन किया। महात्मा गाँधी को नेहरू और उनके परिवार जनों ने पकड़कर लाचार कर दिया था। वे लोग हंगामे पर उतर आए। ऋषियों ने उन्हें ऐसा घूरा कि उन सबकी सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई। नारद जी ने कहा, "नारायण! नारायण! देवाधिदेव महादेव, माता पार्वती की जय हो! प्रभु, आर्यावर्त अब पुनः जागृत हो रहा है।"

इतना सुनकर नेहरू एडविना के साथ पर्दे के पीछे चले गए। उनके परिवारजन गाँधी जी को अगवा कर ले जा रहे थे कि दाईं ओर वाले लोगों ने उन्हें छुड़ा लिया। इसके बाद घबराहट में रवि बाबू की नींद खुल गई।

मैंने जो भी सुना, उसे वैसा ही उगल दिया। अब मेरे पेट की पीड़ा समाप्त हुई। आपकी आप जानें।

## शब्द पहेली - 8386



### बाएँ से दाएँ

1. आस्तिक, अनुगामी, पूजक-2
2. रख-रखाव-2,3
6. देह, बदन-2
7. कारण-3
8. तपस्या-2
9. बंदूकधारी(अंग्रेजी-3)
11. पति की बहन-3
12. प्रतिज्ञा, वचन-3
14. पिता, डैडी-2
16. मन मोहने वाला-5
18. आनंदित-2
19. लवण, खार-3
21. बख्तरबंद, आवरण-3
23. पासों से भविष्य जानना-3
25. आमिर व काजोल की फिल्म-2
27. मुलायम, कोमल-3
28. उस समय-2
29. भ्रमण, घूमना-3,
30. कोलाहल-2

### ऊपर से नीचे

1. खतरनाक-4
2. सनम, बालम-3
3. रहने का तरीका-3,3
4. चावल-2
5. बिजली का कौंधना-5
6. कौवा, काग-2
10. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
13. मन को भाने वाला-5
15. सहयात्री-5
17. कटि-3
20. निम्न, न्यूनतम-4
22. उत्कर्ष-3
24. अधर, होठ-2
26. संबोधन-2

### शब्द पहेली - 8385 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore





**मेष राशि–** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके ऊपर भगवान की कृपा बनी रहेगी। आज आपका मन भावनात्मक तौर पर अधिक मजबूत रहेगा। आपका दिन परोपकार के कार्यों में लग सकता है। आज आप अपने सहकर्मी या मित्र की सहायता कर सकते हैं, जिससे आपको प्रसन्नता होगी।

**वृष राशि–** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर चल रही अनबन आज समाप्त होगी। परिवार के किसी सदस्य की सेहत में सुधार होने से आप राहत महसूस करेंगे। व्यापारी वर्ग के लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, आप अपने व्यापार में किसी प्रकार का फेर बदल ना करें।

**मिथुन राशि–** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज अपना कामकाज समय से पूरा कर लेंगे, जिससे आपको रिलेक्स फिल होगा। बहुत दिनों से जिस काम को लेकर परेशान थे वो आज पूरा होगा। राजनीति से जुड़े लोगों का मान सम्मान व प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आपको किसी प्रकार की बड़ी उपलब्धि प्राप्त हो सकती है, जिसमें आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आपका दिन महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में व्यतीत होगा।

**कर्क राशि–** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपको अपने खर्चों के प्रति सावधान रहना होगा। आप व्यर्थ के खर्चों पर अधिक ध्यान ना दें, अपने सामानों को खरीदने से पहले आवश्यक कार्यों की लिस्ट बनाएं, इससे आपका समय बचेगा। प्राइवेट नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यस्थल पर सीनियर्स से तारीफ सुनने को मिल सकती हैं जिससे आपका मन खुशी से झूम उठेगा।

**सिंह राशि–** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। अगर आपका मन किसी कारणवश उलझन में है, तो उसे शांत करने के लिए बच्चों के साथ थोड़ा समय बितायेंगे। यदि आप किसी प्रकार का मकान या दुकान खरीदना चाहते हैं, तो आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

**कन्या राशि–** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज व्यक्तिगत जिम्मेदारियों का निर्वाहन अच्छे से करेंगे। इस राशि के राजनीतिज्ञों को, लोगों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आयेगी। आपके दांपत्य जीवन में सुख और सौहार्द्र की वृद्धि होगी। कारोबार के सेल्स में बढ़ोतरी होगी, जिससे इनकम अच्छी खासी होगी। आज आपका स्वास्थ चुस्त दुरुस्त बना रहेगा।

**तुला राशि–** आज आपका दिन ख़ुशी से भरा रहेगा। आपके कामों की गति धीमी रहेगी, लेकिन मित्रों के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। आप परिवार में सबको खुश रखने की कोशिश में लगे रहेंगे। आज आपके अंदर त्याग और सहयोग की भावना रहेगी। आज बेटी के परीक्षा के अच्छे रिजल्ट से पारिवारिक माहौल खुशनुमा बनेगा।

**वृश्चिक राशि–** आज आपका दिन नयी उमंग लेकर आया है। काफी समय से चल रही किसी समस्या का आज समाधान ढूंढ लेंगे। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण... आप मन ही मन उलझन में रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढाई को लेकर उत्साहित रहेंगे। साथ ही ज्यादा समय पढाई में व्यतीत करेंगे। यह देखकर आपके घरवालों को भी ख़ुशी होगी।

**धनु राशि–** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी से बात करते समय अपनी वाणी में मधुरता रखें। पेट की समस्या से परेशान लोगों को ऑयली खाने से बचना चाहिए। आज संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। आज आपको आय के नए स्रोत मिलेंगे। दांपत्य जीवन के लिए थोडा समय निकालेंगे जिससे रिश्ते में अपनापन बढेगा।**मकर राशि–** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपको महत्वपूर्ण मीटिंग में शामिल होने का मौका मिलेगा, जिसमें आपकी सहभागिता अच्छी खासी रहेगी। आज प्रिय मित्र आपसे किसी विशेष विषय को लेकर बातचीत कर सकता है। आज नया काम आपको सोच विचार कर करना चाहिए। आपकी आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी।

**कुंभ राशि–** आज आपका दिन सुख शांति से भरा रहेगा। संतान पक्ष से आर्थिक सहयोग मिलेगा। आज पारिवारिक रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के लोगों के घर का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जायेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढेगा। लोग आपके कार्य से खुश होंगे। आज आपको प्रमोशन से जुडी खबर मिल सकती है।

**मीन राशि–** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज जिस भी क्षेत्र में आप मेहनत करेंगे उसमे सफलता हासिल होगी। आज आपकी सभी समस्याओं का समाधान निकलेगा। सफलता की नयी किरण दिखाई देगी। आर्थिक क्षेत्र में विकास के योग बन रहे हैं। काफी समय से वाहन लेने का मन बना रहे हैं तो आज वाहन लेने में समय आपका साथ देगा।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'***; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।** **रांची –** 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
**फोन–** 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ० यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

RNI : JHAHIN/2014/54374

संक्षिप्त समाचार

## पत्नी टीना के साथ गया पहुंचे अनिल अंबानी: अपने पूर्वजों का किया पिंडदान



**गया, एजेंसी।** रिलायंस कैपिटल और रिलायंस कम्युनिकेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल अंबानी रविवार को पत्नी टीना अंबानी के साथ गया पहुंचे। यहां उन्होंने अपने पूर्वजों का पिंडदान किया और विष्णुपद समेत अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने अमिताभ बच्चन के माता-पिता के लिए भी रस्में निभाई। अनिल अंबानी सुबह-सुबह गया पहुंचे। इसके बाद सबसे पहले विष्णुपद मंदिर में पूजा की, फिर मंगलागौरी और महाबोधि मंदिर पहुंचे। बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर में भगवान बुद्ध के दर्शन के बाद विशेष पूजा अर्चना की। पूजा करने के बाद अनिल और टीना ने विष्णुपद मंदिर में अपने पूर्वजों का पिंडदान किया। पिंडदान की तैयारी पहले से ही पुजारियों की ओर से की गई थी। पिंडदान की प्रक्रिया को तीर्थ पुरोहित शंभू लाल विठ्ठल ने पूरा कराया।

## डीडीई में जल्द शुरू हो नामांकन : रालोजपा

**दरभंगा, एजेंसी।** लनामिवि अंतर्गत संचालित दूरस्थ शिक्षा निदेशालय (डीडीई) में शनिवार को राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी की ओर से धरना-प्रदर्शन किया गया। आठ सूत्री मांगों के समर्थन में धरनार्थियों ने नारेबाजी की और अविलंब समस्याओं के समाधान की मांग की। धरने का नेतृत्व करते हुए जिलाध्यक्ष गगन कुमार झा ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा निदेशालय को चालू करने सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रहेगा। धरने को रालोजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष योगी राय, दलित सेना जिलाध्यक्ष राजकुमार पासवान, युवा प्रकोष्ठ के जिला प्रधान महासचिव धीरज पाठक, जिला उपाध्यक्ष शक्तिनाथ तिवारी उर्फ छोटू तिवारी ने भी संबोधित किया। धरने में मिलन राम आदि उपस्थित रहे।

## जनता की समस्याओं से कट चुकी है सरकार : दीपंकर

**दरभंगा, एजेंसी।** इंकलाबी नौजवान सभा की दो दिवसीय राष्ट्रीय परिषद की बैठक रविवार को लनामिवि परिसर में शुरू हुई। पहले दिन वक्ताओं ने राज्य व केंद्र केंद्र सरकार की विफलताओं पर जमकर प्रहार किया। बीपीएससी अभ्यर्थियों पर पुलिसिया दमन और परीक्षाओं में बढ़ते धांधली को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा को आतंक और अहंकार यात्रा करार देते हुए कहा कि वे 20 वर्षों से सत्ता पर काबिज हैं, लेकिन जनता की वास्तविक समस्याओं से पूरी तरह कट चुके हैं। बिहार में हर वर्ग भ्रष्टाचार से त्रस्त है। पोलित ब्यूरो सदस्य धीरेंद्र झा ने युवाओं से संगठित होकर अन्याय और दमन के खिलाफ संघर्ष करने की अपील की। एमएलसी शशि यादव ने कहा कि यह लड़ाई केवल अधिकारों की नहीं, बल्कि समानता और न्याय की है। आरवाईए के राष्ट्रीय महासचिव नीरज कुमार व राष्ट्रीय अध्यक्ष आफताब आलम ने भी विचार रखे। बैठक में उत्तर प्रदेश सचिव सुनील मौर्य, पश्चिम बंगाल के सचिव रणंजय सेनगुप्ता, बिहार के अध्यक्ष जितेंद्र पासवान, हरियाणा के सचिव गोपी रतिया, झारखंड के सचिव अविनाश कुमार, राधा कुमारी, दिव्या भगत, ओणम सिंह, सबा रौशनी, राज्य सह सचिव संदीप कुमार चौधरी, वतन कुमार सहित दर्जनों राज्य के राष्ट्रीय नेता शामिल हुए।

## तेज रफ्तार वाहन ने बुजुर्ग को कुचला, मौत, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** वैशाली में एक सड़क हादसा हुआ है। गरौल थाना क्षेत्र के मखदुमपुर दरिया गांव निवासी 65 साल के रामसेवक सिंह की तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब वे चाय पीकर अपने घर लौट रहे थे। मृतक के भतीजे विनोद कुमार सिंह के अनुसार, उनके चाचा रोजाना की तरह चौक पर चाय पीने गए थे। वापसी के दौरान एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें कुचल दिया और चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

# भाकपा माले ने निकाला संविधान बचाओ तिरंगा मार्च डेढ़ सौ फीट लंबा झंडा लेकर किया भ्रमण

### समस्तीपुर में सभा का भी हुआ आयोजन



**समस्तीपुर, एजेंसी।** संविधान बचाओ अभियान के तहत बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के अपमान के खिलाफ सार्वभौमिक मताधिकार और संविधान की रक्षा के लिए भाकपा माले ने रविवार को तिरंगा मार्च निकाला।

भाकपा माले कार्यकर्ता शहर के मालगोदाम चौक पर इकट्ठा हुए। अपने हाथों में डेढ़ सौ फीट लंबा तिरंगा झंडा लेकर निकले। मार्च के दौरान माले कार्यकर्ता संविधान बचाने को संघर्ष तेज करो, बाबा साहेब का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान आदि नारे लगाए।

भाकपा-माले कार्यालय से निकाला मार्च स्टेशन रोड, राम बाबू चौक, पुरानी पोस्ट ऑफिस रोड, औवरब्रीज, डीएम आवास, स्टेडियम गोलंबर, कलेक्ट्रेट से गुजरते हुए आंबेडकर प्रतिमा स्थल के पास पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता भाकपा माले जिला स्थाई समिति सदस्य सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने की। संचालन आइसा जिला अध्यक्ष लोकेश राज ने किया।

### भाजपा संविधान और लोकतंत्र पर हमला कर रही

सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि बाबा साहेब के निर्मित संविधान विश्व के बेहतर संविधानों में से एक है। लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, सार्वभौमिक मताधिकार से लेकर मौलिक अधिकार इसकी खूबसूरती है। आज भाजपा सिर्फ संविधान निर्माता बाबा साहेब को अपमानित ही नहीं कर रही है, बल्कि संविधान और लोकतंत्र पर हमला कर रही है। जनता के संविधान प्रदत्त अधिकारों को छिनकर गुलाम बनाने वाला मनुस्मृति थोपना चाहती है। इसके खिलाफ संविधान और लोकतंत्र प्रेमी को सजग रहना होगा?।

### सभा को इन लोगों ने किया संबोधित

सभा को भाकपा माले के जीबछ पासवान, अनील चौधरी, महेश पासवान, चंदेश्वर यादव, कृष्णदेव शर्मा, ऐपवा जिला सचिव मनीषा कुमारी, आइसा जिला सचिव अध्यक्ष सुनील कुमार, नीतीश राणा, निशु नयन, महिमा कुमारी, मो. तौशिफ, मो. फैयाज़, धीरज कुमार, मुकेश कुमार, हिमांशू कुमार, बबलू कुमार, मो. अफरोज, विवेक कुमार, अधिवक्ता द्रख्शां जबीं समेत बड़ी संख्या में उपस्थित माले, आइसा, आरवाईए, ऐपवा कार्यकर्ताओं ने सभा को संबोधित किया।

## सीएम नीतीश कुमार की तबीयत बिगड़ी:थकान और बुखार की शिकायत



**पटना, एजेंसी।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार की तबीयत बडिगड़ गई है। उन्हें हल्का बुखार और थकान की शिकायत है। डॉक्टरों की सलाह पर फिलहाल सीएम हाउस में रेस्ट कर रहे हैं। बिगड़ी तबीयत के कारण रविवार दोपहर के बाद सारे कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया। प्रगति यात्रा के शेड्यूल में बदलाव किया गया है। अब 28 जनवरी को प्रगति यात्रा के तीसरे चरण के तहत सीएम पूर्णिया जाएंगे। विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। उसी दिन देर शाम पटना लौट जाएंगे। फिर 29 जनवर को कटिहार और 30 जनवरी को मधेपुरा में कार्यक्रम है।

**1 फरवरी से चौथा चरण :** वहीं, प्रगति यात्रा के चौथे चरण की शुरुआत भागलपुर से 1 फरवरी को होगी। 2 फरवरी को बांका, 6 को मुंगेर, 8 को लखीसराय-शेखपुरा, 10 को जमुई और 11 फरवरी को नवादा में कार्यक्रम है।

**बिहार बिजनेस कनेक्ट में शामिल नहीं हुए थे :** इससे पहले 20 दिसंबर 2024 को सीएम नीतीश कुमार की तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें बुखार और सर्दी-जुकाम की शिकायत थी। जिसके चलते बिहार बिजनेस कनेक्ट में भी शामिल नहीं हुए थे। इसके अलावा राजगीर जाने का प्रोग्राम था। सीएम वहां सम्राट जरासंध स्मारक स्मृति पार्क का उद्घाटन करने वाले थे। साथ ही उद्यान में बनी सम्राट जरासंध स्मारक की मूर्ति के अनावरण का भी कार्यक्रम था। तबीयत खराब होने की वजह से सभी कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया था।

**15 जून को हॉस्पिटल में भर्ती होना पड़ा था :** 15 जून 2024 की सुबह भी अचानक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबीयत खराब हो गई थी। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। बताया जा रहा था कि सुबह उठने पर उन्हें हाथों में तेज दर्द की शिकायत हुई थी। दर्द बढ़ने पर उन्हें पटना के मेदांता अस्पताल भर्ती कराया गया था।

# नकाबपोश बदमाशों ने पंचायत समिति सदस्य पर की फायरिंग, गंभीर

### जयनगर से घर लौट रहे थे; पीछा कर किया हमला, साथ बैठे युवक को भी लगी बुलेट



**मधुबनी, एजेंसी।** मधुबनी के जयनगर थाना क्षेत्र में गणतंत्र दिवस के उत्सव के बीच दुल्लीपट्टी गांव के पास नकाबपोश अपराधियों ने रविवार की रात दो युवकों को गोली मार दी। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों की पहचान पंचायत समिति सदस्य सततो यादव और पप्पू कुमार(20) के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि दोनों बाइक से जयनगर से घर लौट रहे थे। तभी एनएच 527-बी स्थित कस्तूरबा विद्यालय के पास, दो बाइकों पर सवार चार नकाबपोश अपराधियों ने उनका पीछा करते हुए दोनों पर 12 से अधिक गोलियां चला दी।

### एक को तीन, दूसरे को लगी एक गोली

घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने दोनों को जयनगर अस्पताल पहुंचाया। जहां स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें मधुबनी के निजी नर्सिंग होम में रेफर कर दिया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। जिसमें सततो यादव के गाल,पीठ और पैर में तीन गोलियां लगीं, जबकि पप्पू कुमार के दाहिने हाथ में गोली लगी है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ विप्लव कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है।

### दोनों का चल रहा इलाज

डॉक्टर एनके यादव ने बताया कि सततो यादव की हालत नाजुक है, दोनों की गोलियों को निकालकर इलाज किया जा रहा है।

### गांव लौटने के दौरान किया हमला

घायल पप्पू कुमार ने बताया कि वे अपने गांव लौट रहे थे, तभी अपराधियों ने उनपर अचानक हमला कर दिया।

## लव मैरिज के 2 दिन बाद युवक की मौत:रेलवे ट्रैक के पास मिला शव

### मां बोली–शादी करवाने के बाद बनाया बंधक, फिर मार डाला

**बांका, एजेंसी।** बांका के रजौन थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार को उसका शव रेलवे ट्रैक के पास से बरामद किया गया। मृतक की पहचान रसलपुर गांव निवासी अनीश कुमार के रूप में हुई है। मृतक की मां बीना देवी ने बताया कि बेटे ने दो दिन पहले गांव की ही एक लड़की (16) से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद बेटे को लड़की पक्ष के लोगों ने अपने घर में बंधक बनाकर रख लिया था। रविवार शाम 4:30 बजे अनीश कुमार का शव बेला रेलवे हॉल्ट के पास मिला।

परिजनों ने गांव के 9 लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। जिसमें हलदर तांती (लड़की के बड़े पापा), संतोष तांती, धर्मेंद्र तांती, समाली तांती, मिथुन तांती और सरिता देवी का नाम शामिल है। मृतक की मां ने बताया कि लड़की के परिजनों ने अनीश को जान से मारने की धमकी दी थी। शादी के बाद बंधक बना कर रखा और मर्डर कर दिया।% लड़की का घर लड़के के घर से 100 मीटर की दूरी पर है। इस कारण लड़के के परिजनों ने घर पर रहने का विरोध भी नहीं किया। मृतक के परिजनों ने बताया कि लड़की के परिजनों ने दोनों को साथ में पकड़ा था। फिर खुद ही दोनों की शादी कराई थी।

**मामले की जांच में जुटी पुलिस :** रजौन थाना क्षेत्र के बेला रेलवे हॉल्ट के पास अज्ञात शव देखकर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रजौन थाना अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की शिकायत के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अब कुर्सी को लेकर भड़के जदयू विधायक गोपाल मंडल; गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में हंगामा

**भागलपुर, एजेंसी।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) विधायक गोपाल मंडल अक्सर अपनी बातों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। अब एक बार फिर गोपाल मंडल चर्चा में हैं। इस बार गोपाल मंडल कुर्सी को लेकर भड़क गए। कुर्सी को लेकर विधायक इतने नाराज हुए कि उन्होंने कुर्सी पर बैठे एक शख्स को उठा कर पीछे भेज दिया। विधायक काफी नाराज होकर युवक को डांटने लगे। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। दरअसल भागलपुर जिले में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान विधायक नाराज हो गए। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में नजर आ रहा है कि विधायक एक कुर्सी पर बैठे हैं और एक अन्य शख्स को उसकी कुर्सी से उठाते हुए डांटते हुए है और कहते हैं, 'जाइए, जहां बैठते हैं वहां बैठिए। इसके बाद वो जोर से चिल्लाते हुए कहते हैं कि फिर आगे बैठ रहे हैं, पीछे जाइए...पीछे जाइए। आदत से लाचार है। कोई कुर्सी खाली नहीं रखता है। इसको कहते हैं कि और कुर्सी लगाओ।'



बताया जा रहा है कि नवगछिया अनुमंडल के कचहरी मैदान में गणतंत्र दिवस के मौके पर झंडोत्तोलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, इस कार्यक्रम में जब विधायक गोपाल मंडल पहुंचे तब उनके लिए आगे की लाइन में कुर्सी खाली नहीं थी।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आठ युवाओं को मिला इपिक

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शनिवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम सुब्रत कुमार सेन ने आठ नये युवा मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र (इपिक) देकर सम्मानित किया। डीएम ने युवाओं सभी तरह के चुनावों में सक्रिय भागीदारी करने का आग्रह किया। मौके पर जिले के सभी 11 विस क्षेत्र के दो-दो सर्वश्रेष्ठ बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा जिले के सभी मतदान केंद्रों, प्रखंडों, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के कार्यालयों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सत्यप्रिय कुमार के विषय प्रवेश के साथ हुआ। डीएम ने निर्वाचक सूची लिंगानुपात में अपेक्षित बढोतरी, पात्र युवाओं विशेषकर महिलाओं का निर्वाचक सूची में निबंधन, युवाओं की मतदान प्रक्रिया में अधिकाधिक भागीदारी आदि संकल्पों को पूरा करने का आह्वान अतिथियों से किया। इसके पहले भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के संबोधन का प्रसारण किया गया। इसके बाद बरुराज विस के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह डीडीसी श्रेष्ठ अनुपम ने अतिथियों को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को डीएम ने प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। साथ ही, उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ दिलायी। कार्यक्रम में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी पूर्वी एवं पश्चिमी अनुमंडल, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, सिविल सोसायटीज के सदस्य, डीपीओ, आईसीडीएस की ममता वर्मा, डीपीएम जीविका अनिशा गांगुली, नेहरू युवा केंद्र की रश्मि सिंह, जिला स्वीप आइकन रंजना सरकार, अभ्युदय शरण, विभिन्न कॉलेजों के प्रतिनिधि, कलेक्ट्रेट के कर्मचारी व अन्य उपस्थित थे।

### प्रमंडलीय आयुक्त ने दिलाई शपथ

आयुक्त कार्यालय सभागार में प्रमंडलीय आयुक्त सरवणन एम? की अध्यक्षता में मतदाता दिवस का आयोजन हुआ। प्रमंडलीय आयुक्त ने कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मियों को शपथ दिलायी। उन्होंने लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखने के लिए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई।

# भोजपुर में जरूरतमंदों के बीच बांटी 1001 साड़ियां असहाय लोगों को भोजन भी कराया



### समाजसेवी की पुण्यतिथि पर पहल

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर के बगवां निवासी समाजसेविका परम सुंदरा देवी की दूसरी पुण्यतिथि मनाई गई। जिसका नेतृत्व भाजपा नेता गुड्डू सिंह बबुआन ने किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने परम सुंदरा देवी को नमन किया।

पुण्यतिथि को लेकर चंदवा दलित बस्ती, बगवा और गड़हनी में कई कार्यक्रम किए गए। जिसमें दलित बस्ती चंदवा में रोटी बैंक के माध्यम से सैकड़ों महिलाओं को साड़ी दिया गया और उपस्थित लोगों को भोजन कराया गया।

बागवा और गड़हनी में भी सैकड़ों महिलाओं को साड़ी दी गई। भोजन कराया गया। इस मौके पर परमसुनरा देवी के पौत्र गुड्डू सिंह बबुआन ने कहा कि दादी हमेशा से धार्मिक और सामाजिक कार्य करतीं थीं। उन्हीं के समय से गांव के कमजोर वर्ग के लोगों को मदद की जाती रही है। उन्हीं के प्रेरणा से आज भी हमारा परिवार, सामाजिक और धार्मिक कार्य लगातार कर रहा है। आज हमारी दादी की दूसरी पुण्यतिथि है। दादी की पुण्यतिथि पर 1001 साड़ी असहाय लोगों के बीच बांटने का काम किया है।

### लोग की सेवा करने से पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती

जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अभय विश्वास भट्ट ने कहा कि अपने पूर्वजों की पुण्यतिथि पर ऐसे वंचित समाज के लोग की सेवा करने से पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है। जो भी समर्थवान व सक्षम लोग हैं उन्हें इस प्रकार के सेवा कार्य जरूर करने चाहिए। मैं ऐसे कार्य के लिए इनके परिजनों का आभार व्यक्त करता हूं। इस मौके पर उपस्थित लोगों में अमित पिंटू, पिंकू सिंह, प्रीतम भारती, यशवन्त नारायण,सुनील पाठक, अभय विश्वास भट्ट, समाजेसवी संजय राय,पप्पू पांडेय, शाहिल,सम्मी, सोनू सिंह ,मुक्ति सहित रोटी बैंक के कई लोग थे।

## 31 जनवरी तक देनी होगी संपत्ति की जानकारी:नालंदा के 10 हजार सरकारी कर्मचारी देंगे ब्योरा

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा जिले के सभी सरकारी कर्मचारियों को 31 जनवरी तक अपनी संपत्ति की जानकारी देनी होगी। जिला प्रशासन ने इस संबंध में सभी विभागों को निर्देश जारी कर दिया है। जो कर्मचारी 31 जनवरी तक अपनी संपत्ति की जानकारी नहीं देंगे, उनका वेतन रोक दिया जाएगा। सरकार का मानना है कि सभी सरकारी कर्मचारी अपनी आय के स्रोत के बारे में पारदर्शी हों। संपत्ति की जानकारी देकर कर्मचारी यह साबित कर सकेंगे कि उनकी आय वैध है। इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। जिले में सेवारत 600 अधिकारी और 9400 कर्मचारियों को अपनी संपत्ति की जानकारी देनी होगी। इसमें सभी श्रेणी के कर्मचारी शामिल हैं, सिवाय चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के।

**कैसे देनी होगी जानकारी :** कर्मचारियों को अपनी संपत्ति की जानकारी ऑनलाइन देनी होगी। इसके लिए एक विशेष वेबसाइट बनाई गई है। ऑनलाइन जानकारी देने के बाद कर्मचारियों को एक कॉपी अपने विभाग के अधिकारी को जमा करानी होगी। विभाग के अधिकारी इस कॉपी पर हस्ताक्षर करके इसे जिला प्रशासन को भेजेंगे। जो कर्मचारी 31 जनवरी तक अपनी संपत्ति की जानकारी नहीं देंगे, उनका वेतन रोक दिया जाएगा।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 28 जनवरी, 2025



# पछुआ हवाओं से बढ़ी गलन, गिरा रात का पारा

## मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के लिए जारी किया पूर्वानुमान



**लखनऊ , एजेंसी।** प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। यूपी के पश्चिमी हिस्से से विक्षोभ के गुजरने के बाद प्रदेश में अब उत्तरी पछुआ हवाएं चलने लगी हैं। रविवार से पछुआ की रफ्तार और बढ़ी है। सोमवार को ये हवाएं पूरे प्रदेश में चल सकती हैं। इसके असर से धीरे-धीरे कोहरे के घनत्व में कमी आएगी।

साथ ही यूपी के अधिकांश हिस्सों में धूप खिलने से दिन के तापमान में बढ़त भी देखने को मिलेगी। 26 जनवरी को कुछ जिलों को छोड़कर पूरे प्रदेश में अच्छी धूप देखने को मिली।

### गिरेगा रात का पारा

पछुआ हवाओं के चलते आसमान साफ रहेगा और रात के पारे में गिरावट आएगी। मौसम विभाग के अनुसार तराई समेत कई जिलों में रात में घने कोहरे और ठंडी पछुआ की वजह से न्यूनतम तापमान में गिरावट के आसार हैं।

### कोई वेदर सिस्टम एक्टिव नहीं

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि प्रदेश में फिलहाल कोई वेदर सिस्टम एक्टिव नहीं है। उत्तरी पछुआ हवाओं के जोर से प्रदेश में कोहरे का असर कम होगा। आने वाले कुछ दिनों तक सुबह शाम हल्के से मध्यम कोहरे की मौजूदगी के साथ यूपी के अधिकतर इलाकों में दिन में धूप खिलेगी और मौसम लगभग स्थिर रहेगा।

## बरेली-पीलीभीत में सुबह 10 बजे तक छाया रहा कोहरा, लखीमपुर खीरी में भी बदला मौसम

**बरेली , एजेंसी ।** जनवरी के आखिरी सप्ताह में मौसम में उतार चढ़ाव जारी है । बरेली में बीते तीन चार दिन धूप निकलने के बाद फिर से कोहरा छाया । सोमवार को सुबह 10 बजे तक शहर से लेकर देहात तक कोहरे की चादर तनी रही । सुबह सात बजे कोहरा इतना घना रहा कि दृश्यता बेहद कम हो गई ।

कोहरे में लोगों को हेडलाइट जलाकर वाहन चलाने पड़े । न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया । कोहरे के कारण गलन का असर रहा । मौसम विभाग ने 30 जनवरी तक सुबह के वक्त हल्का कोहरा छाने की संभावना जताई है । दिन में मौसम साफ रहेगा । आसपास के जिलों में भी कोहरा छाया ।

**सुबह हल्के कोहरे के बाद निकली धूप :** बदायूं में सोमवार को सुबह हल्के कोहरे के बाद धूप निकल आई । धूप निकलने से सड़क पर चहल पहल भी रही । पिछले एक सप्ताह से जिले में मौसम ठीक है । अधिकतम तापमान 22 डिग्री से 25 डिग्री के बीच रह रहा है ।

पीलीभीत में दो दिन सुबह से धूप खिलने के सोमवार को मौसम फिर बदल गया । तड़के से ही कोहरा छाने लगा । कोहरे ने वाहनों की रफ्तार धीमी कर दी । दृश्यता 40 से 50 मीटर रही । मौसम में सर्दी का असर भी बढ़ गया । सुबह के समय सड़कों पर आवाजाही कम दिखी ।

**लखीमपुर में भी छाया रहा कोहरा :** लखीमपुर खीरी में कोहरे के साथ सर्द हवा भी चली, जिससे गलन थोड़ी बढ़ गई है । एक दिन पहले रविवार को भी दिन में खिली धूप बहुत तेज नहीं थी, जिससे तापमान में कुछ कमी आई थी और शाम होते ही फिर धुंध छाने लगी थी । इसका असर सोमवार सुबह से ही देखने को मिला । पूरा जिला कोहरे की चादर में लिपट रहा ।

**शाहजहांपुर में तापमान में गिरावट :** शाहजहांपुर में भी घना कोहरा दिखा । वहीं उत्तर दिशा से 10–12 किमी प्रति घंटे की गति से हवा चलने से ठिठुरन बढ़ गई है । सुबह के समय ग्रामीण क्षेत्रों में दृश्यता शून्य रही । इस दौरान न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री घटकर 6.8 डिग्री सेल्सियस रहा ।

## संक्षिप्त समाचार

### महाकुंभ 2025 : गोरखपुर शहर से अब तक एक लाख श्रद्धालु बसों से प्रयागराज गए

**गोरखपुर, एजेंसी।** प्रयागराज में महाकुंभ स्नान 13 जनवरी से शुरू हो गया है। परिवहन की बसों में यात्री प्रयागराज तक का सफर कर रहे हैं। रेलवे स्टेशन, कचहरी व नौसड़ बस स्टेशन से अब तक लगभग एक लाख के आसपास श्रद्धालु प्रयागराज की यात्रा रोडवेज बसों से कर चुके हैं।

परिवहन निगम की ओर से 13 जनवरी से ही प्रयागराज के लिए बसें चलाई जा रही हैं। शुरू में 100 बसें प्रतिदिन श्रद्धालुओं को प्रयागराज की यात्रा करने में मदद कर रहीं थी। इसके बाद मौनी अमावस्या को लेकर लगभग 250 बसें प्रयागराज के लिए चलाई जा रही हैं।

जो सात फरवरी तक यात्रियों की भीड़ को देखते हुए चलाई जाएंगी। परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक लव कुमार सिंह ने बताया कि महाकुंभ में यात्रियों को ले जाने की व्यवस्था की गई है। मौनी अमावस्या पर आगे भीड़ बढ़ेगी। इसको लेकर बसें भी बढ़ा दी गई हैं।

### 90 रुपये का विवाद: परमल का पैसा मांगने पर मनबढ़ों ने दुकानदार को पीटा, पुलिस ने हिरासत में लिया

**गोरखपुर , एजेंसी।** शाहपुर इलाके के फातिमा बाईपास स्थित बांस मंडी के पास शनिवार की शाम पैसा मांगने पर कार सवार मनबढ़ों ने परमल विक्रेता को पीट दिया। घटना देखकर भीड़ एकत्रित हो गई और कार चालकों की पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस कार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही हैं। कुशीनगर जिले के नेबुआ नौरंगिया निवासी मनोहर कुमार पादरी बाजार में किराए पर रहते हैं। वह शनिवार की शाम छह बजे फातिमा बाईपास स्थित बांस मंडी के पास परमल बेच रहे थे। आरोप है कि इसी समय कार से तीन युवक पहुंचे और 90 रुपये का परमल खाकर जाने लगे। जब पैसा मांगा तो आरोपियों ने गाली दी। विरोध पर उसे पीट दिया। घटना देखकर भीड़ जुट गई और आरोपी कार चालक को पकड़कर पिटाई कर दी। इस पर साथ के युवक भाग गए। कार चालक को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

### कार में मिली युवक की लाश, पिस्टल भी पड़ी मिली, दवा विक्रेता के बेटे का है शव

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के तालानगरी में एक कार के अंदर युवक की लाश मिली है। लाश के पास ही एक पिस्टल भी पड़ी मिली है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला हत्या का है या आत्महत्या, के लिए जांच में जुट गई है। शव दवा विक्रेता के बेटे का बताया जा रहा है। तालानगरी में डीपीएस स्कूल के सामने काले रंग की खड़ी हुई कार में एक युवक का शव मिला है। शव के पास ही एक पिस्टल भी मिली है। मृतक के गोली लगी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। शव की सूचना पर तालानगरी में घटनास्थल पर राहगीरों की भीड़ लगी हुई है। हालांकि शुरुआत में कई राउंड फायरिंग व हत्या का शोर मचा था, मगर फारेंसिक व पुलिस की शुरुआती जांच में आत्महत्या का मामला माना जा रहा है।

बताया जा रहा है कि मूल रूप से अकराबाद निवासी दवा विक्रेता राजू यादव का परिवार शहर के कावेरी वाटिका इलाके में रहता है। उनके बेटे समीर यादव का शव कार में बंद मिला है। जांच में आत्महत्या का अंदेशा जताया जा रहा है।

### आश्रम में दरिंदगी: पति को किया मजबूर, फिर महंत ने लूटी आबरू

**मैनपुरी , एजेंसी।** मैनपुरी के कुरावली में महिला ने आरोप लगाया है कि एक महंत और उसके साथियों ने उसके साथ बलात्कार किया। उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने कुरावली थाने में इस संबंध में एक शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि महंत अजयदास महाराज ने इलाज के बहाने उसे अपने आश्रम बुलाया। उसके साथ जबरदस्ती संबंध बनाए। इतना ही नहीं इस घिनौने काम का वीडियो भी बना लिया। इसके बाद पीड़िता को धमकी दी कि यदि इस बारे में किसी को बताया तो अश्लील वीडियो वायरल कर देंगे। इस वजह से पीड़िता दहशत में आ गई।

# प्रदेश में वसंत पंचमी को अवकाश का दिन बदलने की मांग, वाराणसी में पांच तक स्कूल बंद, ऑनलाइन होगी पढ़ाई

**लखनऊ , एजेंसी।** उप्र. माध्यमिक शिक्षक संघ संघटनों ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक को पत्र भेजकर वसंत पंचमी अवकाश के दिनांक में संशोधन की मांग की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने कहा है कि अवकाश तालिका में वसंत पंचमी का स्नान दो फरवरी को है, लेकिन यह स्नान पर्व तीन फरवरी को घोषित है। ऐसे में तीन फरवरी को अवकाश का आदेश जारी किया जाए। उन्होंने मौनी अमावस्या (29 जनवरी) पर भी अवकाश घोषित करने की मांग की है। शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी ने भी अवकाश दो फरवरी के बजाय तीन फरवरी को घोषित करने की मांग की है।

**तीन दिन का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए:** विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर 144 साल बाद पड़ रहे महाकुंभ में परिवार के साथ स्नान व धार्मिक अनुष्ठान के लिए प्रदेश के सभी कर्मचारियों व शिक्षको के लिए तीन दिन के सार्वजनिक अवकाश की मांग की है। एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संतोष तिवारी व प्रदेश सचिव संयुक्त मोर्चा दिलीप चौहान ने कहा कि हिंदू मान्यताओं में यह महाकुंभ 144 वर्षों बाद पड़ रहा है। ऐसे में आगे कई पीढ़ियों के लिए इसे देख पाना संभव नहीं होगा। इस ऐतिहासिक महाकुंभ में शामिल होने के लिए एसोसिएशन की इस मांग पर प्रदेश सरकार सकारात्मक विचार करे। संगठन के प्रांतीय मीडिया प्रभारी विनीत सिंह ने मुख्यमंत्री से मांग की आगामी महत्वपूर्ण स्नान मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघी पूर्णिमा में सार्वजनिक अवकाश दिया जाए ताकि सभी लोग इस अवसर पर महाकुंभ में डुबकी लगा सकें।

**कक्षा एक से 12वीं तक की पढ़ाई पांच फरवरी तक ऑनलाइन होगी :** प्रयागराज महाकुम्भ के पलट प्रवाह को देखते हुए वाराणसी में कक्षा एक से कक्षा 12वीं तक के सभी स्कूलों की पढ़ाई 5 फरवरी तक ऑनलाइन होगी। इस आशय के निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक ने जारी किए हैं। उनके मुताबिक जिलाधिकारी ने यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के मद्देनजर स्कूलों को बंद रखने और पढ़ाई ऑनलाइन कराने के निर्देश दिए हैं। प्रयोगात्मक परीक्षा पहले की तरह कराई जा सकेगी।

## मिल्कीपुर उपचुनाव: इकबाल अंसारी ने कैमरे के सामने भाजपा की जीत की दुआ की, बोले- अयोध्या की पहचान योगी जी

**अयोध्या , एजेंसी।** अयोध्या विवाद में बाबरी के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा की जीत की दुआ की। उन्होंने कहा कि अयोध्या में विकास हो रहा है। यहां सड़कें हैं। लोगों को रोजगार मिल रहा है। नगर की सूरत बदल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को सजाया संवारा है। अयोध्या की पहचान योगी जी से है। उन्होंने सभी मुसलमानों से मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा को वोट करने की अपील की है।

उन्होंने कैमरे के सामने भाजपा की जीत की दुआ की। कहा कि अयोध्या विवाद को पीछे छोड़ चुकी है और अब यहां विकास हो रहा है। अगर मिल्कीपुर में योगी जी की जीत हुई तो मिल्कीपुर में भी इसी तरह विकास होगा।

बता दें कि मिल्कीपुर में 5 फरवरी को मतदान होगा जबकि 8 फरवरी को परिणाम की घोषणा होगी। भाजपा ने चंद्रभानु पासवान को उम्मीदवार बनाया है जबकि सपा ने सांसद अवधेश प्रसाद के पुत्र अजीत प्रसाद को प्रत्याशी बनाया है।

## लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा, ट्रक से भिड़ी कार

**आगरा, एजेंसी।** आगरा के फतेहाबाद में लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सोमवार सुबह भीषण हादसा हो गया। कुंभ स्नान कर लौट रहे हाई कोर्ट के अधिवक्ता की कार हादसे का शिकार हो गई। बताया गया है कि कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई। इसके बाद कार दूसरी लाइन में चली गई और सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सवार पूरे परिवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने कार में फंसे पति-पत्नी के साथ मासूम बेटे और बेटी की लाश को बाहर निकाला। पुलिस ने शिनाख्त के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**दिल्ली का रहने वाला था परिवार:** दिल्ली के उत्तम नगर का रहेने वाले ओमप्रकाश आर्या दिल्ली हाईकोर्ट में अधिवक्ता थे। वे अपनी हुंडई कार से परिवार के साथ प्रयागराज कुंभ स्नान के लिए गए हुए थे। स्नान के बाद वे पत्नी पूर्णिमा सिंह उम्र 34 वर्ष, 12 वर्षीय बेटी अहाना और चार वर्ष के बेटा विनायक के साथ वापस दिल्ली जा रहे थे। उनकी कार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के 31 किमी पर पहुंची, तभी ये हादसा हो गया। बताया गया है कि कार पहले डिवाइडर से टकराई। इसके बाद कार उछलकर एक्सप्रेस-वे की दूसरी लाइन में पहुंच गई। इस दौरान सामने से आ रहे ट्रक में ये कार तेजी से जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तेज धमाके के साथ कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में ओमप्रकाश के साथ उनके पूरे परिवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद एक्सप्रेस वे पर वाहनों की रफ्तार भी थम गई। सूचना मिलते ही तत्काल थाना फतेहाबाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने कार में फंसे पूरे परिवार के शवों को बमुश्किल बाहर निकाला। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए एसएन अस्पताल की इमरजेंसी भेजा है।

**क्रेन की सहायता से हटवाए क्षतिग्रस्त वाहन:** वहीं हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों की वजह से जाम हो गया।

## कानपुर कार्डियोलॉजी में भी चर्चित डायरेक्टर राकेश वर्मा के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया 76वां गणतंत्र दिवस, फहराया तिरंगा



**76 वें गणतंत्र दिवस पर कार्डियोलॉजी में आयोजित भव्य समारोह में डायरेक्टर राकेश वर्मा ने झंडारोहण के साथ दिलाई सपथ, कर्मचारियों को पुरस्कार और मरीज को भी खिलाई मिठाई**

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** देश का 76 वां गणतंत्र दिवस यहां के हृदय रोग संस्थान में भी बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस के इस शुभ अवसर पर आयोजित भव्य समारोह को संबोधित करते हुए डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ राकेश कुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में सभी चिकित्सक एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए संस्थान में रोगी हित के लिए चल रही परियोजनाओं एवं विगत एक वर्ष की अभूतपूर्व और ऐतिहासिक उपलब्धियों के विषय में भी विस्तार से जानकारी दी।

इस मौके पर सैंकड़ों पुरस्कारों और प्रशंसा पत्रों से सम्मानित और अपनी नौकरी के अब तक के कार्यकाल में आज तक 1 दिन का भी अवकाश नहीं लेने वाले तथा सफल ऑपरेशन के रूप में सैकड़ों हृदय रोगियों की जान बचाने का रिकार्ड तोड़ने के भी एक मात्र प्रशंसनीय श्रेय धारक समर्पित सेवाभाव वाले और डायरेक्टर बनने के बाद भी कार्डियोलॉजी और उसके मरीजों के हित में अपने आप में ऐतिहासिक और अभूतपूर्व हर तरह के सफल प्रभावी कदम उठाने वाले डायरेक्टर प्रोफेसर डॉक्टर राकेश कुमार वर्मा ने अपने कर्तव्य का पालन निष्ठा और ईमानदारी से करने के साथ ही देशभक्ति की शपथ भी दिलाई।

साथ ही डॉ, उमेश्वर पाण्डेय एवं डॉ. अवधेश शर्मा द्वारा भी गणतंत्र दिवस के महत्व एवं स्वतंत्रता सेनानियों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन में निदेशक और अन्य चिकित्सक द्वारा संस्थान में भर्ती मरीजों को फल/ मिठाई वितरण भी किया गया।

## खेत पर गया था पति... घर में दोनों पत्नियों पर जानलेवा हमला... एक की मौत

**बलरामपुर, एजेंसी।** बलरामपुर नगर कोतवाली के कटरा शंकर नगर की एक बुजुर्ग महिला की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई वहीं दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई है। घटना रविवार की रात 10 बजे की है। गांव के जमील ने बताया कि वह रविवार की रात साढ़े नौ बजे खाना-खाने के बाद खेत की रखवाली के लिए चला गया। खेत के पास ही वह रात में रहता है। उसने दो शादी की है, दोनों पत्नियां घर में ही सो रहीं थीं।

अचानक कोई व्यक्ति घर में घुसा और दोनों महिलाओं पर हमला कर दिया। घायलावस्था में ही उसकी दूसरी पत्नी शबनम ने मोबाइल पर घटना की उसे सूचना दी। वह घर पहुंचा तो देखा कि पहली पत्नी समसुलनिशा (62) खून से लथपथ जमीन पर पड़ी है।

दूसरी पत्नी को भी चाकू लगा था वह भी कुछ देर चिल्लाती रही और फिर बेहोश होकर गिर गई। दोनों को एंबुलेस से जिला मेमोरियल अस्पताल लेकर गया जहां चिकित्सकों ने पहली पत्नी समसुलनिशा को मृत घोषित कर दिया। दूसरी पत्नी शबनम (41) का इलाज चल रहा है।

बताया कि यह जानकारी नहीं हो सकी है कि घर में कौन घुसा था। थाने में अज्ञात हमलावर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। नगर कोतवाल शैलेष सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। दोनों महिलाओं पर चाकू से हमला हुआ है। मौत की वजह का पता किया जा रहा है। पूछताछ की जा रही है।

# मैनपुरी जिला अस्पताल में हंगामा: महिला तड़पती रही और डॉक्टर मोबाइल में था व्यस्त

**मैनपुरी, एजेंसी।** मैनपुरी के जिला अस्पताल की इमरजेंसी में अंतिम सांसों में मरीज लेकर पहुंचे तीमारदारों और डॉक्टर में मारपीट हो गई। इस बीच मरीज की जान चली गई। तीमारदारों ने डॉक्टर पर मरीज देखने में देरी का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। करीब दो घंटे तक चले हंगामे की जानकारी पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने समझा बुझाकर मामले को शांत कराया।

नगर के देवी रोड निवासी 50 वर्षीय प्रवेश कुमारी कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। परिजन उनका निजी डॉक्टर के यहां उपचार करा रहे थे। रविवार की शाम चार बजे के करीब अचानक उनकी हालत बिगड़ी तो परिजन उन्हें जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड लेकर पहुंचे। उस समय वहां ड्यूटी पर ईएमओ डॉ. आदर्श सेंगर, फार्मासिस्ट अजय यादव सहित अन्य स्टाफ



मौजूद था। मरीज की जांच हो रही थी।

डॉक्टर की सलाह पर मरीज को उपचार दिया जा रहा था। इस बीच प्रवेश कुमारी की मृत्यु हो गई। मरीज न देखने का आरोप लगाकर तीमारदार और डॉक्टर के बीच कहासुनी होने। एक तीमारदार ने डॉक्टर का कालर पकड़ लिया, जिसके बाद हंगामा शुरू हो गया। तीमारदारों ने डॉक्टर की पिटाई करते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

हंगामे के दौरान इमरजेंसी में अफरा-तफरी मच गई। मृतका के पुत्र गुरु ने आरोप लगाया कि डॉक्टर मोबाइल पर व्यस्त थे। करीब 15 मिनट तक मरीज तड़पता रहा, बार-बार कहने के बाद भी डॉक्टर देखने के लिए नहीं आए। इलाज में देरी की वजह से उनकी मां की जान चली गई।

वहीं ईएमओ की ड्यूटी कर रहे डॉक्टर आदर्श सेंगर का कहना था कि वह खुद स्टाफ के साथ मरीज को उपचार दिलवाने का कार्य कर रहे थे। तीमारदारों ने उन लोंगों के साथ हाथापाई कर दी। जानकारी पाकर सीएमएस डॉ. मदनलाल और इंस्पेक्टर कोतवाली फतेह बहादुर सिंह भदौरिया पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे। हंगामा कर रहे परिजनों को समझा बुझाकर करीब दो घंटे तक चले हंगामे को शांत कराया गया। सीएमएस के निर्देश पर सरकारी एंबुलेंस से शव को घर भिजवाया गया।

जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. मदनलाल ने बताया कि कि डॉक्टर और तीमारदारों के बीच मारपीट की जानकारी पाकर वह मौके पर पहुंच गए थे। मामले की जांच के लिए वरिष्ठ चिकित्सकों की दो सदस्यीय टीम गठित कर दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध अप्रवासियों को ढूंढने गुरुद्वारे पहुंची अमेरिकी पुलिस, सिख संगठनों ने विरोध जताया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण के बाद बड़े पैमाने अवैध अप्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी दौरान अमेरिकी सुरक्षा विभाग (होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट) ने सोमवार को न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी के कई गुरुद्वारों की जांच की। सिख संगठनों ने गुरुद्वारे में घुसकर जांच करने पर विरोध जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां उनके धर्म की पवित्रता को नुकसान पहुंचाती हैं। सिख अमेरिकन लीगल डिफेंस एंड एजुकेशन फंड (SALDF) की निदेशक किरण कौर गिल ने कहा हम होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट के इस फैसले से बहुत परेशान हैं, जिसमें संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा खत्म कर दी गई है और गुरुद्वारों जैसे धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया गया है। इससे पहले US इमिग्रेशन एंड कस्टम इंफोर्समेंट (ICE) अधिकारियों ने रविवार को एक दिन में 956 अवैध अप्रवासियों को गिरफ्तार किया था। इन्हें गिरफ्तार कर उनके देश भेजने की तैयारी की जा रही है। गुरुद्वारे भोजन, आवास और आध्यात्मिक शांति देते हैं SALDF ने कहा कि गुरुद्वारे सिर्फ पूजा स्थल नहीं हैं, वे सामुदायिक केंद्र हैं जो सिखों और दूसरे समुदाय के लोगों को आवास, भोजन और आध्यात्मिक शांति देते हैं। इन स्थानों पर कार्रवाई करने से हमारी आस्था की पवित्रता को खतरे में पड़ती है। सिख संगठन ने कहा कि यह सोचना कि हमारे गुरुद्वारों पर सरकारी निगरानी हो सकती है और वारंट के साथ या बिना हथियार लेकर छापे मारे जा सकते हैं, यह हमारी सिख परंपरा के लिए स्वीकार नहीं है।

### चीनी विदेश मंत्री से मिले भारतीय विदेश सचिव, कहा- दोनों देशों ने तनाव को बेहतर मैनेज किया

**बीजिंग।** 26 जनवरी को दो दिवसीय चीन यात्रा पर पहुंचे भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने आज यानी सोमवार को चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक चीनी विदेश मंत्री ने दोनों देशों के बीच आपसी समझ और सहयोग बढ़ाने के लिए ठोस उपाय करने की बात कही। चीनी विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों को आपसी संदेह, मनमुटाव और थकावट से बचना चाहिए। वहीं, भारतीय सचिव ने कहा कि दोनों देशों ने लगातार डायलॉग के जरिए अपने विवादित मुद्दों को बेहतर तरीके से मैनेज किया। जल्द ही भारत और चीन के बीच डिप्लोमेटिक संबंधों की स्थापना को 75 साल पूरे होने वाले हैं। इस पर विक्रम मिस्री ने कहा कि हम इन संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ को संयुक्त रूप से मनाने के लिए चीन के साथ काम करने को तैयार है। इससे पहले रविवार को भारतीय विदेश सचिव ने बीजिंग में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना के इंटरनेशनल डिपार्टमेंट हेड लियू जियानचाओ से मुलाकात की। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने लद्दाख बॉर्डर एग्रीमेंट को लागू करने, आपसी डायलॉग मजबूत करने और कई लोकल और इंटरनेशनल मुद्दों पर बात की। छह हफ्ते से भी कम समय में यह भारत की तरफ से चीन के लिए दूसरी हाई-प्रोफाइल यात्रा है। इससे पहले भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अजीत डोभाल पिछले महीने भारत और चीन के बीच विशेष प्रतिनिधि स्तर की 23वीं बैठक में शामिल होने पहुंचे थे। विदेश सचिव की इस यात्रा में पूर्वी लद्दाख में बॉर्डर पर तनाव कम करने के तरीके और कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करना शामिल है। इसके अलावा दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें फिर शुरू करने और चीनी नागरिकों को आसानी से वीजा जारी करने जैसे मुद्दे शामिल हैं। साथ ही राजनीतिक, आर्थिक और पीपुल टू पीपुल कनेक्शन के मुद्दे पर भी बात होगी।



### लेबनान से इजराइली सैनिकों की वापसी 18 फरवरी तक बढ़ी, 25 जनवरी तक डेडलाइन थी

**बेरूत/तेल अवीव।** लेबनान से इजराइली सैनिकों की वापसी की समय सीमा 18 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। रविवार को अमेरिकी व्हाइट हाउस ने इसकी जानकारी दी। हिजबुल्लाह के साथ सीजफायर के लिए इजराइल-लेबनान में 27 नवंबर को सीजफायर साइन हुआ था। इसके तहत 60 दिनों में साउथ लेबनान से इजराइली सेना के वापस लौटने की डेडलाइन रखी गई थी, जो 25 जनवरी को पूरी हो गई। इजराइल ने सेना की वापसी की समय सीमा बढ़ाने की मांग की थी। दरअसल इजराइल, साउथ लेबनान के सभी इलाकों में लेबनानी सेना तैनात चाहता है, जिससे यहां हिजबुल्लाह के लड़ाकों की मौजूदगी न बन पाए। साउथ लेबनान में रविवार, 26 जनवरी को इजराइली सैनिकों की वापसी को लेकर प्रदर्शन हुए। ये प्रदर्शनकारी सीजफायर समझौते के तहत इजराइली सेना से वापस जाने की मांग कर रहे थे। इस दौरान इजराइली सेना ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इस गोलीबारी में 22 लोगों की मौत हो गई और 124 लोग घायल भी हुए हैं। मृतकों में 6 महिलाएं और एक लेबनानी सेना का सैनिक शामिल है। बॉर्डर इलाके के 20 गांवों के लोग इस गोलीबारी में घायल हुए हैं। CNN की रिपोर्ट के मुताबिक कई प्रदर्शनकारी हिजबुल्लाह के झंडे के साथ गांवों में घुसने की कोशिश कर रहे थे।

### कोलकाता रेप-मर्डर- पीड़ित पेरेंट्स दोषी की फांसी नहीं चाहते, बोले- हमारी बेटी की जान गई

**कोलकाता।** कोलकाता में मेडिकल स्टूडेंट से रेप-मर्डर के दोषी संजय रॉय की पीड़ित परिवार फांसी नहीं चाहता। पीड़िता के माता-पिता की वकील गार्गी गोस्वामी ने सोमवार को कलकत्ता हाईकोर्ट से कहा कि, 'हमारी बेटी की जान गई, इसका यह मतलब नहीं कि संजय की जान भी जाए।' सियालदह कोर्ट ने संजय रॉय को 20 जनवरी को उम्रकैद (मरते दम तक जेल) की सजा सुनाई थी और 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया था। पश्चिम बंगाल सरकार और CBI ने सेशन कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट से फांसी की सजा देने की मांग की है। कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस देबांशु बसाक ने CBI और बंगाल सरकार की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने फैसले की तारीख नहीं बताई। CBI ने बंगाल सरकार की याचिका का विरोध किया हाईकोर्ट में जस्टिस देबांशु बसाक और जस्टिस मो. शब्बार राशिदी की बेंच के सामने CBI के वकील ने बंगाल सरकार के याचिका दाखिल करने के अधिकार का विरोध किया। CBI के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल राजदीप मजूमदार ने कहा कि बंगाल सरकार के पास याचिका दाखिल करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने दावा किया कि जांच एजेंसी CBI थी, एजेंसी के पास ही यह अधिकार है कि वो सजा पर्याप्त न होने के आधार पर याचिका दाखिल करे। CBI ने ट्रायल कोर्ट के सामने भी फांसी की सजा देने की अपील की थी।

### दिल्ली में लिव-इन पार्टनर ने युवती का मर्डर किया, लाश सूटकेस में रखकर जलाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के गाजीपुर में 22 साल के लड़के ने अपनी चचेरी बहन का मर्डर कर उसकी बॉडी सूटकेस में रखकर उसे आग लगा दी। दोनों रिलेशनशिप में थे और पिछले साल अक्टूबर से साथ रह रहे थे। लड़की उस पर शादी का दबाव बना रही थी, जबकि लड़का रिलेशनशिप खत्म करना चाहता था। इसी बात पर दोनों के बीच लड़ाई होने के बाद लड़के ने अपनी कजिन का मर्डर कर दिया। रविवार को पुलिस को गाजीपुर में सुनसान जगह पर एक सूटकेस मिलने की खबर दी गई थी। वहां पहुंचकर पुलिस को सूटकेस के अंदर जली हुई बॉडी मिली। पुलिस ने मामले में मर्डर और सबूत मिटाने का केस दर्ज किया। ईस्ट दिल्ली के DSP अभिषेक धानिया ने बताया कि हमारे पास इस मामले में कोई सुराग नहीं था। हमने इलाके का CCTV फुटेज देखना शुरू किया। CCTV में उन्हें एक ह्युंडई वरना गाड़ी दिखी, जो बॉडी मिलने के कुछ घंटे पहले ही उस इलाके से गुजरी थी। पुलिस ने कार का रजिस्ट्रेशन नंबर ढूंढकर उसके ओनर से पूछताछ की। उस व्यक्ति ने बताया कि यह कार उसने अमित तिवारी नाम के शख्स को बेची थी। पुलिस ने 22 साल के अमित तिवारी को ढूंढा और उसे कस्टडी में लिया। वह गाजियाबाद में रहता था और कैब ड्राइवर के तौर पर काम कर रहा था। उसका दोस्त अनुज कुमार भी CCTV फुटेज में नजर आया था, इसलिए पुलिस ने उसे भी कस्टडी में लिया। अनुज वेल्डिंग मैकेनिक के तौर पर काम करता था और गाजियाबाद में ही रहता था।

# वक्फ संशोधन विधेयक को JPC की मिली मंजूरी, इसमें 14 बदलाव

## बोर्ड में 2 गैर-मुस्लिम मेंबर्स का नियम भी, विपक्ष के सारे सुझाव नकारे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वक्फ बिल में बदलावों को संसद की संयुक्त समिति (JPC) ने सोमवार को मंजूरी दे दी। JPC के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि इस फाइनल मीटिंग में सभी 44 संशोधनों पर चर्चा की गई। इनमें NDA सांसद के 14 सुझावों को मंजूरी दे दी गई है। विपक्षी सदस्यों ने भी कुछ प्रस्ताव रखे, लेकिन वोटिंग के दौरान इन्हें नकार दिया गया। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी बजट सत्र के दौरान अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान समिति का कार्यकाल बढ़ा दिया गया था। वक्फ संपत्तियों को रेगुलराइज करने के लिए बने वक्फ एक्ट 1995 की मिस-मैनेजमेंट, भ्रष्टाचार और अतिक्रमण जैसे मुद्दों के लिए आलोचना की जाती रही है। JPC के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बैठक के बाद कहा कि समिति द्वारा अपनाए गए संशोधन कानून को बेहतर और अधिक प्रभावी बनाएंगे। हालांकि विपक्षी सांसदों ने बैठक की कार्यवाही की निंदा की और पाल पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नष्ट करने का आरोप लगाया।



TMC सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि बैठकों का यह दौर हास्यास्पद था। हमारी बात नहीं सुनी गई। पाल ने तानाशाही तरीके से काम किया है। इस पर जगदंबिका पाल ने कहा कि पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक थी और बहुमत की राय को प्राथमिकता दी गई। JPC में हंगामे के बाद निलंबित हुए थे 10 मेंबर्स JPC की 24 जनवरी को दिल्ली में हुई बैठक में विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया था। उन्होंने दावा किया कि उन्हें ड्राफ्ट में प्रस्तावित बदलावों पर रिसर्च के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया। आरोप लगाया कि BJP दिल्ली चुनावों के कारण ध्यान में रखते हुए वक्फ संशोधन विधेयक पर रिपोर्ट को संसद में जल्दी पेश करने पर जोर दे रही है। TMC सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि समिति की कार्यवाही एक तमाशा बन गई है। समिति ने बनर्जी-ओवैसी सहित 10 विपक्षी सांसदों को एक दिन के लिए सस्पेंड कर दिया। हुर्रियत नेता बोले- संशोधन मुस्लिमों के खिलाफ 24 जनवरी की बैठक के बाद जम्मू-कश्मीर के हुर्रियत नेता मीरवाइज उमर फारूक ने कहा, 'इसमें कलेक्टर को मनमानी शक्तियां दी गई हैं। आदेश देकर और रेवेन्यू रिकॉर्ड्स में दर्ज एंट्रीज को बदलकर वक्फ प्रॉपर्टीज को सरकारी प्रॉपर्टी दर्शाने का पूरा अधिकार दिया गया है। ये संशोधन पूरी तरह से मुस्लिम समुदाय के खिलाफ हैं।'

# दावा- बांग्लादेशी सेना में तख्तापलट की साजिश

**एजेंसी, नई ढाका।**



◆ कट्टरपंथी अफसरों का भारत समर्थक आर्मी चीफ को हटाने का प्लान, इसमें पाकिस्तान भी शामिल

बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बाद अब वर्तमान सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान के तख्तापलट की भी साजिश रची जा रही है। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक बांग्लादेशी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद फैजुर रहमान सेना की बागडोर संभालने की तैयारियों में जुटे हैं। इस साजिश में कई कट्टरपंथी अफसर भी शामिल हैं। फैजुर रहमान ने पिछले हफ्ते ढाका में पाकिस्तान की सीक्रेट एजेंसी ISI के प्रमुख और उसके प्रतिनिधिमंडल से बातचीत की थी। इसके साथ ही वो बांग्लादेश की खुफिया एजेंसी DGFI से समर्थन जुटाने की कोशिश कर सकते हैं।

वकार-उज-जमान को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और भारत का समर्थक माना जाता है। उन्होंने 5 अगस्त को तख्तापलट के बाद शेख हसीना को बांग्लादेश से निकलने में मदद की थी। जबकि इसके उलट मोहम्मद फैजुर रहमान अपनी कट्टरपंथी सोच और पाकिस्तान समर्थक रुख के लिए जाने जाते हैं। 39 साल से आर्मी में हैं वकार-उज-जमान बांग्लादेश के आर्मी चीफ जनरल वकार-उज-जमान पिछले 39 साल से बांग्लादेश की सेना में हैं।

बांग्लादेश सैन्य अकादमी से ग्रेजुएशन करने के बाद उन्होंने नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ बांग्लादेश से डिफेंस स्टडी में मास्टर्स की डिग्री हासिल की है। इसके अलावा उन्होंने लंदन के किंग्स कॉलेज से डिफेंस स्टडी में MA की डिग्री ली है। नवंबर 2020 में उन्हें लेफ्टिनेंट जनरल के रूप में प्रमोशन किया गया था। वे इन्फेंट्री ब्रिगेड, स्कूल ऑफ इन्फेंट्री एंड टैक्टिक्स और आर्मी हेडक्वार्टर्स की कमान संभाल चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में भी वकार ने काम किया है।

# महाराष्ट्र के सोलापुर में GB सिंड्रोम से पहली मौत

**एजेंसी, पुणे**

महाराष्ट्र के सोलापुर में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (GBS) से पहली मौत की बात सामने आई है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि शख्स पुणे में काम करता था और अपने घर सोलापुर गया था। उसके गुइलेन-बैरे सिंड्रोम से पीड़ित होने का संदेह था। महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक 26 जनवरी तक GBS के 101 एक्टिव मरीज हैं। इसमें पुणे से 81 मरीज, पिंपरी चिंचवाड़ से 14 और 6 मरीज अन्य जिलों से हैं। इनमें 68 पुरूष और 33 महिला मरीज हैं। पुणे में 16 मरीज वेंटिलेटर पर हैं। पुणे में 9 जनवरी को अस्पताल में भर्ती मरीज GBS पॉजिटिव आया था, ये पहला केस था। अब पुणे में एक्टिव केसों की संख्या 101 हो गई है। इनमें 19 मरीज 9 साल से कम उम्र के हैं। 50-80 साल की उम्र वाले 23 मरीज हैं।



101 एक्टिव मरीज, इनमें 19 बच्चे

**महाराष्ट्र की मदद के लिए केंद्र ने टीम भेजी:** GBS के मामले में महाराष्ट्र सरकार की मदद के लिए केंद्र सरकार ने हाई लेवल की स्पेशलिस्ट टीम भेजी है। एजेंसी के मुताबिक स्वास्थ मंत्रालय ने 7 सदस्य वाली टीम भेजी है। एजेंसी के मुताबिक रिसर्च और दूसरे डिपार्टमेंट की स्पेशलिस्ट टीम ग्राउंड लेवल पर काम कर रही है।

# 15 महीने बाद उत्तरी गाजा में लौट रहे फिलिस्तीनी

**एजेंसी, तेल अवीव/रामल्ला**

इजराइल ने 15 महीने बाद हजारों फिलिस्तीनियों को गाजा के उत्तरी इलाके में लौटने की अनुमति दे दी है। इसके बाद से हजारों लोग अपने घरों की तरफ लौटने लगे हैं। सीजफायर डील के तहत यह तय हुआ था कि इजराइल, 25 जनवरी से उत्तरी गाजा में फिलिस्तीनी लोगों को लौटने की अनुमति देगा। हालांकि इजराइल-हमास के बीच विवाद की वजह से इसमें 2 दिन की देरी हुई। दरअसल इजराइल का आरोप था कि हमास ने आखिरी वक्त पर एक बंधक को नहीं रिहा किया। हजारों की तादाद में फिलिस्तीनी कई दिनों से सीमा पार करने का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही इजराइल की सहमति मिली हजारों लोग नेतजारिक कॉरिडोर से गाजा के उत्तरी हिस्से की तरफ बढ़ने लगे। इजराइल ने हमास जंग शुरू होने के बाद गाजा के उत्तरी हिस्से को खाली करा दिया था। इसके बाद 10 लाख से ज्यादा लोग उत्तरी गाजा से दक्षिणी गाजा की तरफ पलायन कर गए थे। इसके बाद इजराइली सेना ने वहां पर हमला किया और उस इलाके को सील कर दिया था। हमास इस हफ्ते 6 और इजराइली बंधकों को रिहा करेगा सीजफायर समझौते के तहत इस हफ्ते हमास, इजराइल के 6 नागरिकों को रिहा करेगा। इन्हें 3-3 के दो बैच में गुरुवार और शनिवार को रिहा किया जाएगा। इसके बदले में इजराइल आज यानी सोमवार, 27 जनवरी से नॉर्थ गाजा में फिलिस्तीनी नागरिकों को वापस लौटने की अनुमति देगा। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसकी जानकारी दी। रिहा होने वाले बंधकों में दो महिलाएं अर्बेल येहुद और अगर बर्गर शामिल हैं। इन्हें हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को बंधक बना लिया था। इजराइल ने पिछले हफ्ते शनिवार को रिहा हुई 4 महिला बंधकों के साथ अर्बेल येहुद को रिहा करने की मांग की थी। हालांकि हमास ने अर्बेल की शनिवार को रिहाई नहीं की। इसे इजराइल ने सीजफायर का उल्लंघन बताया था।



इजराइल ने दी इजाजत, अक्टूबर 2023 में 10 लाख लोगों ने इलाका खाली किया था

**इजराइल के 7 बंधक और 300 से ज्यादा फिलिस्तीनी रिहा:** सीजफायर समझौते के तहत अब तक हमास ने इजराइल के 7 बंधकों को रिहा किया है। ये सभी महिलाएं हैं। इनके बदले में इजराइल ने 300 से ज्यादा फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया है।


हमास ने रविवार को बचे हुए बंधकों की लिस्ट इजराइल को सौंप दी है। इजराइल हमास के बीच 19 जनवरी से सीजफायर शुरू हुआ है। सीजफायर का पहला फेज 42 दिन का है, इस दौरान इजराइल के सभी बंधकों को रिहा किया जाएगा। शनिवार तक इजराइल को ये लिस्ट नहीं मिली थी। इसे इजराइल ने सीजफायर का उल्लंघन बताया था। इसके चलते नॉर्थ गाजा में फिलिस्तीनियों की वापसी में देरी हो रही थी।

# ट्रम्प की टैरिफ धमकी के बाद पलटा कोलंबिया

**एजेंसी, बोगोटा/वॉशिंगटन**

कोलंबिया ने अमेरिका से निकाले गए अवैध अप्रवासियों को देश में लाने का फैसला किया है। कोलंबियाई राष्ट्रपति ने रविवार रात को कहा कि वे अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए सेंट्रल अमेरिकी देश होंडुरास में प्लेन भेजेंगे। इससे पहले कोलंबिया ने अवैध अप्रवासियों को लेकर आ रहे दो अमेरिकी सैन्य विमानों के देश में लैंड नहीं होने दिया था। कोलंबिया के इस रवैये से अमेरिका नाराज हो गया था। इसके बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को कोलंबिया के खिलाफ 25% टैरिफ और प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया। साथ ही उन्होंने अगले हफ्ते से 50% टैरिफ लगाने की धमकी भी दी। ट्रम्प की कार्रवाई के जवाब में कोलंबिया ने भी अमेरिकी सामनों पर 25% टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। इससे दोनों देशों के बीच टैरिफ वॉर जैसी स्थिति बन गई। हालांकि बाद में कोलंबिया अपने फैसले से पीछे हट गया।

ट्रम्प ने कोलंबिया पर 4 तरह के प्रतिबंध लगाए CNN की रिपोर्ट के मुताबिक कोलंबिया ने पहले अपने लोगों को वापस लेने पर हामी भर दी थी। हालांकि अमेरिकी अधिकारियों ने दावा किया कि प्लेन के लैंड होने से ठीक पहले कोलंबिया ने अपने लोगों को लेने से मना कर दिया। इसके बाद ट्रम्प ने कोलंबिया के सभी सामानों पर भारी टैरिफ लगाने, कोलंबियाई नागरिकों की अमेरिका यात्रा पर बैन लगाने, अमेरिका में मौजूद कोलंबियाई अधिकारियों का वीजा रद्द करने और कोलंबिया के अप्रवासी और गैर अप्रवासी निवासियों की वीजा प्रक्रिया को तत्काल सस्पेंड करने का आदेश दिया। फैसला बदलने पर मजबूर क्यों हुआ कोलंबिया कोलंबिया, अमेरिका एक अहम गैर-नाटो सहयोगी देश है। यह देश कई दशकों से दक्षिण अमेरिका में US का करीबी साझेदार रहा है। कोलंबिया, अमेरिका को तेल, कॉफी और फूल का निर्यात करता है। कोलंबिया में 5 लाख से ज्यादा परिवार कॉफी की खेती पर निर्भर हैं। पिछले एक साल में कॉफी की कीमतें पहले ही बढ़ चुकी हैं। अमेरिकी प्रतिबंध के बाद ये कॉफी और महंगा हो सकता था।अमेरिका अपनी कुल कॉफी का 20% कॉफी अमेरिका को बेचता है। अमेरिका ने साल 2022 में कोलंबिया को 1.8 बिलियन डॉलर (15.5 हजार करोड़ रुपए) की कॉफी बेची। अमेरिकी कृषि विभाग के मुताबिक यह ब्राजील के आयात का तेल के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है। रिपोर्ट्स के मुताबिक कोलंबिया के आर्थिक और विदेश नीति के जानकारों ने भी सरकार को अमेरिका के साथ उलझने से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस विवाद का कोलंबिया को ज्यादा नुकसान है। इससे देश की इकोनॉमी को काफी ज्यादा नुकसान हो सकता है।



◆ अवैध प्रवासियों को लेने प्लेन भेजेगा, ट्रम्प ने 25% टैरिफ लगाया

# राहुल बोले- दलित और पिछड़ों को गुलाम बनाया जा रहा

**एजेंसी, इंदौर/महू**


लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी जी जातिगत जनगणना कराने से डरते हैं। वे इसे कभी नहीं कराएंगे, लेकिन 50 फीसदी आरक्षण की दीवार को हम लोकसभा-राज्यसभा में तोड़ देंगे। कोई नहीं रोक सकता। हम पहले कांग्रेस शासित राज्यों में आरक्षण 50 परसेंट से ज्यादा करेंगे। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर कानून बनाकर इस दीवार को तोड़ेंगे। महू में आयोजित कांग्रेस की जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले इन्होंने (बीजेपी ने) संविधान को रद्द करने की कोशिश की। इन्होंने कहा कि 400 सीटें आएंगी तो हम संविधान बदल देंगे। उनके सामने हम खड़े हुए और लोकसभा में 400 पार छोड़ो उन्हें सदन में मत्था टेककर घुसना पड़ा। जिस दिन ये संविधान खत्म हो गया, उस दिन देश के गरीबों के लिए कुछ नहीं बचेगा। दलितों-आदिवासियों-पिछड़ों के लिए देश में कुछ नहीं बचेगा। इनका यही लक्ष्य है। सभा को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज जो लोग कांग्रेस को गालियां देते हैं, उन्होंने आजादी के लिए कुछ नहीं किया, सिर्फ अंग्रेजों की नौकरी की। इनका कोई योगदान देश की आजादी में नहीं था। क्या ऐसे लोगों को आप माफ करेंगे।



# केजरीवाल ने दिल्ली की सड़कों-यमुना पर माफी मांगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (AAP) ने सोमवार को दिल्ली के लिए पार्टी की 15 गारंटियों का ऐलान किया। पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने 2020 में किए यमुना की सफाई, यूरोप की तरह दिल्ली की सड़कें और पानी की सप्लाई का वादा पूरा नहीं कर पाने पर माफी भी मांगी। केजरीवाल ने कहा, 'आज कबूल कर रहा हूं कि पिछले 5 साल में ये वादे पूरे नहीं कर पाए। ढाई साल कोरोना चला, इसके बाद उन्होंने (केंद्र सरकार) जेल-जेल का खेल खेला। मेरी सारी टीम बिखर गई, लेकिन अब हम सारे जेल से बाहर आ गए हैं। मेरा सपना है कि दिल्ली में तीनों काम हों। अगले 5 साल में ये काम हम पूरे करेंगे। हमारे पास फंड भी है और इसके लिए प्लान भी है।' दिल्ली में 24 घंटे मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त शिक्षा, बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थ यात्रा, महिलाओं की मुफ्त बस यात्रा, अस्पतालों-मोहल्ला क्लिनिक में मुफ्त इलाज जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं-प्रवक्ताओं ने भाषणों में साफ कर दिया है कि उनकी सरकार बनी तो दिल्ली में मुफ्त योजनाएं बंद होंगी।




कहा- 2020 में किए वादे सरकार बनने पर पूरे करेंगे, दिल्ली के लिए 15 चुनावी गारंटियां दीं

# सुप्रीम कोर्ट बोला- देश में सांप के एंटी-वेनम की कमी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सांप काटने से मौतों में बढ़ोतरी पर सोमवार को केंद्र सरकार से जरूरी उपाय करने को कहा। कोर्ट ने कहा कि सरकार राज्यों के साथ मिलकर सांप काटने के बाद सही इलाज उपलब्ध कराने के लिए कुछ करे। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। याचिका में कहा गया है कि दुनिया भर में सांप काटने से सबसे ज्यादा मौतें भारत में होती हैं। यहां हर साल करीब 58 हजार मौत होती हैं। सांप के जहर के एंटी-वेनम की कमी की वजह से देश पब्लिक हेल्थ क्राइसिस का सामना कर रहा है।

बेंच ने केंद्र की ओर से पेश वकील से कहा- आप राज्यों का सहयोग ले सकते हैं क्योंकि यह समस्या पूरे देश में है। सभी राज्यों के साथ बैठक करके मामले में कुछ करने की कोशिश कीजिए। यह मुकदमेबाजी का मसला नहीं है। केंद्र के वकील ने कहा कि सरकार इस मामले में उठाए गए कदमों का रिकॉर्ड पेश करेगी। वहीं, कुछ राज्यों के वकीलों ने कहा कि वे अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करेंगे। मामले की अगली सुनवाई 6 सप्ताह बाद होगी। याचिका में डॉक्टरों को स्पेशल ट्रेनिंग देने की मांग सुप्रीम कोर्ट ने वकील शैलेंद्र मणि त्रिपाठी की याचिका पर पिछले साल 13 दिसंबर को केंद्र और अन्य संबंधित पक्षों से जवाब मांगा था। याचिका में स्वास्थ्य केंद्रों, सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में एंटी-वेनम और सांप काटने का इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में तर्क दिया गया था कि दुनिया में सबसे ज्यादा मौतों के बावजूद देश में एंटी-वेनम की कमी है। देश के कई ग्रामीण इलाकों में एंटी-वेनम का पर्याप्त स्टॉक नहीं है। इससे इलाज में देरी होती है। याचिका में सांप काटने से मौत के मामले रोकने के लिए ग्रामीण इलाकों में विशेष स्वास्थ्य मिशन और जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश देने की मांग की गई है। इसमें सरकारी जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों को स्पेशल ट्रेनिंग देने और इसके इलाज की अलग यूनिट स्थापित करने के निर्देश देने की भी मांग की गई है। हर सांप के काटने के बाद अलग लक्षण डॉ. त्रिशला सिंघवी बताती हैं कि आमतौर पर सांपों के जहर को दो भागों में बांटा जाता है, न्यूरोटॉक्सिक और हीमोटॉक्सिक। न्यूरोटॉक्सिक जहर हमारे मस्तिष्क और नर्वस सिस्टम को प्रभावित करता है। नर्वस सिस्टम ही हमारे शरीर के कई महत्वपूर्ण कार्यों को नियंत्रित करता है, जिसमें चलना, बोलना और अन्य गतिविधियां शामिल हैं। वहीं, हीमोटॉक्सिक जहर ब्लड और हार्ट से जुड़े शरीर के क्रियाकलापों को प्रभावित करता है। इसमें शरीर के पीड़ित के खून बहता है। कोबरा और करैत जैसे सांपों में न्यूरोटॉक्सिक जहर ही होता है।



◆ दुनिया में सालाना 58 हजार मौतें, केंद्र राज्यों से बात करे, ये मुकदमेबाजी का मसला नहीं

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 28 जनवरी, 2025



# ट्रैविस हेड ने दिया संकेत, श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में देखने को मिल सकता है ये बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के उप-कप्तान ट्रैविस हेड ने संकेत दिया है कि मेहमान टीम 29 जनवरी से गॉल में श्रीलंका के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों के लिए अपने बल्लेबाजी क्रम को बदलने पर विचार कर रही है।

हेड ने पत्रकारों से कहा, मुझे नहीं पता कि मैं इस समय कहां बल्लेबाजी करने जा रहा हूं। हम देखेंगे कि अगले कुछ दिनों में विकेट कैसा रहता है। पिछले कुछ समय से इस टीम में यह चर्चा का विषय रहा है कि ऑस्ट्रेलियाई पहली पारी, दूसरी पारी, क्रम क्यों नहीं बदलता? हम लचीले क्यों नहीं हो सकते? क्या कदम? हम कैसे बहादुर हो सकते हैं? ऐसा अभी तक नहीं हुआ है। क्या यह ऐसा करने का दौरा है? हम इंतजार करेंगे और देखेंगे। मुझे लगता है कि यह समूह काफी अनुभवी है और इसमें कुछ बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं जो खेल की विभिन्न भूमिकाओं और विभिन्न स्थितियों में खेल सकते हैं, हम अलग-अलग लोगों को शामिल कर सकते हैं।

इस बात पर चर्चा शुरू हो गई है कि ऑस्ट्रेलिया को शीर्ष पर उस्मान ख्वाजा के साथ किसे जोड़ना चाहिए - या तो हेड, जिन्होंने 2023 में भारत में टेस्ट में भूमिका निभाई थी या युवा सैम कोंस्टास, जिन्होंने अपने टेस्ट करियर की शानदार शुरुआत की है। हेड ने कहा, आप बस इतना करने की कोशिश कर रहे हैं कि टेस्ट मैच जीतने के लिए क्या लचीलापन हो सकता है, इस पर ध्यान केंद्रित करें। अगर यह पहले दिन अधिक पारंपरिक होने और जब यह चरम पर हो जाए तो क्या नहीं कहना है, यह क्रम बदल सकता है। इस समय बहुत से लोग मेरी ओर आकर्षित हो रहे हैं और मैं कहां बल्लेबाजी कर सकता हूं, लेकिन यह हर किसी के लिए अलग हो सकता है।

हेड ने कहा, मुझे लगता है कि लोग (टीम के भीतर) इसके लिए तैयार हैं। खेल विकसित हो रहा है। मुझे नहीं लगता कि किसी ने सैम कोंस्टास को टेस्ट मैच के पहले सत्र में लैप करते देखा होगा। खेल विकसित हो रहा है, इसलिए क्यों न हम यह देखना



जारी रखें कि हम कहां छलांग लगा सकते हैं और कहां हमें फायदा मिल सकता है? अगर यह अलग-अलग पदों पर लोगों का उपयोग कर रहा है, तो यह पारंपरिक रूप से बहुत ज़्यादा नहीं किया जाता है, हमने अभी तक ऐसा नहीं किया है, लेकिन क्या यह दौरा इसके लिए उपयुक्त है? मुझे लगता है कि यह टीम काफी अनुभवी है और एक बेहतरीन स्थिति में है, जहां खिलाड़ी जरूरत पड़ने पर इसके लिए तैयार रहेंगे। हम इंतजार करेंगे और देखेंगे।

ऑस्ट्रेलिया ने जब 2022 में श्रीलंका का दौरा किया था तब हेड ने तीन पारियों में बल्ले से सिर्फ 7.66 का औसत बनाया था और उन्हें नागपुर में भारत के खिलाफ शुरुआती टेस्ट से बाहर रखा गया था। लेकिन वह भारत में अगले तीन टेस्ट में 47 का औसत बनाने में सफल रहे जिसमें इंदौर में मैच जीतने वाली पारी भी शामिल है। अब श्रीलंका लौटने पर हेड ने कहा कि 2022 की तुलना में अब वह एक बदले हुए बल्लेबाज हैं।

उन्होंने कहा, मैं अभी यही कहूंगा कि मैं जिस स्थिति में हूं, उसमें कुछ अलग नहीं है (चाहे मैं 3/32 पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरूं और स्पिनर शीर्ष पर हों या 0/0 पर जब स्पिनर भी अपना स्पेल शुरू कर रहे हों)। लेकिन तीन साल पहले यह पूरी तरह से अलग था। मैं एक अलग मानसिक स्थिति में था और अपने करियर के एक अलग दौर में था, थोड़ा अलग तरीके से बल्लेबाजी कर रहा था। मैं उस दौरे के तरीके से खुश नहीं था। बिल्कुल भी अच्छा नहीं खेला। और फिर मुझे भारत में एक और मौका मिला और मैं कुछ और काम करने में सक्षम था।

हेड ने कहा, मैं पिछली बार यहां और पाकिस्तान में थोड़े बदलाव से गुजरा था। मैंने थोड़ा और पारंपरिक खेलने की कोशिश की, और वह भारतीय श्रृंखला ऐसी थी जो एक या दूसरे तरीके से जा सकती थी। मैं अच्छा नहीं खेलता, और शायद मैं फिर कभी उपमहाद्वीप का दौरा न देखूं। या मैं वहां जाकर वही करूं जो मैं पिछले कुछ सालों से कर रहा हूं और थोड़ा अधिक आराम से खेलूं और इस बारे में चिंता न करूँ कि परिणाम क्या हो सकता है। इसलिए मैं उसी पर ध्यान दूंगा। मैं टेस्ट जीतने के लिए जहां भी होना चाहिए वहां सहज महसूस करता हूं। मुझे अब इस बात की चिंता नहीं है कि मैं कहां बल्लेबाजी करूं। मैं कुछ समय से ऐसा नहीं कर रहा हूं।

## आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय क्रिकेटर चुनी गईं स्मृति मंधाना

**दुबई (एजेंसी)।** भारत की करिश्माई सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की 2024 की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर चुना गया। भारत की उप कप्तान मंधाना ने 2024 में 13 पारियों में



747 रन बनाए जो किसी कैलेंडर वर्ष में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2024 में सबसे अधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। उन्होंने इस दौड़ में दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट (697 रन), इंग्लैंड की टैमी ब्युमोंट (554 रन) और वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज (469 रन) को पीछे छोड़ा। उन्होंने इस दौरान वनडे में चार शतक जड़कर महिला क्रिकेट का नया रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने इसके साथ सौ से अधिक बार गेंद को बाउंड्री पार पहुंचाया। मंधाना ने 2024 में 95 चौके और छह छक्के जड़ें। इस 28 साल की बल्लेबाज ने 57.86 की शानदार औसत के अलावा 95.15 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से रन बनाये। उन्होंने बेहतर गेंदबाजी इकाई वाली टीमों के खिलाफ भी कई बड़ी पारियां खेली। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जून 2024 में उन्होंने लगातार दो शतक लगाये। भारत ने इस श्रृंखला को 3-0 से जीता था। उन्होंने अक्टूबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ भी श्रृंखला के निर्णायक मैच में शतक लगाया था। मंधाना ने दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में भी शतक जड़ा था लेकिन उनकी शानदार पारी के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में एक छोर से विकेटों के पतन के बीच मंधाना ने 14 चौके और एक छक्के की मदद से 105 रन बनाए थे।

## आईसीसी के साल के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय पुरुष क्रिकेटर चुने गए अजमतुल्लाह उमरजई

**दुबई (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के हरफनमौला खिलाड़ी अजमतुल्लाह उमरजई को सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का 2024 का साल का सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय पुरुष क्रिकेटर चुना गया। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज और आक्रामक बल्लेबाज उमरजई ने 2024 में अफगानिस्तान की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 24 साल के उमरजाई ने 2023 के अपने शानदार प्रदर्शन को आगे बढ़ाया और पिछले साल दुनिया के अग्रणी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में शामिल रहे। उमरजई ने टी20 अंतरराष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में भी शानदार प्रदर्शन किया लेकिन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वह सबसे प्रभावशाली साबित हुए। वह रहमानुल्लाह गुरबाज के बाद अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज और एएम गजनफर के बाद दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे।

अफगानिस्तान ने 2024 में अपनी पांच में से चार एकदिवसीय श्रृंखलाएं जीतीं। उमरजई ने पिछले साल 14 मैच में 17 विकेट लेने के अलावा 417 रन बनाए। उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन की बदौलत अफगानिस्तान ने आयरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और जिंबाबवे के खिलाफ लगातार चार श्रृंखला जीती। अफगानिस्तान के ऑलराउंडर उमरजई ने पूरे साल बल्ले और गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने 52.12 की औसत से रन बनाए और 20.47 की औसत से विकेट लिए। उमरजई ने अपने साल के पहले ही एकदिवसीय मैच में श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 149 रन की पारी खेली थी।

## भारतीय हॉकी को मैंने जितना दिया, देश ने मुझे उससे ज्यादा लौटाया है : पी आर श्रीजेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बोर्ड के इम्तिहान में ग्रेस अंक पाने के लिये हॉकी स्टिक थामने से लेकर मेजर ध्यानचंद के बाद पद्मभूषण पुरस्कार पाने वाले दूसरे हॉकी खिलाड़ी बनने तक पी आर श्रीजेश ने लंबा सफर तय किया है और अब उन्हें लगता है कि पिछले 20 साल में भारतीय हॉकी के लिए उन्होंने जो कुछ भी किया, उससे कहीं ज्यादा देश ने उन्हें लौटाया है। भारत के महानतम गोलकीपरों में शुमार श्रीजेश को पता ही नहीं था कि मेजर ध्यानचंद (1956) के बाद पद्मभूषण पुरस्कार पाने वाले वह दूसरे हॉकी खिलाड़ी है और इस उपलब्धि ने उन्हें भावुक कर दिया।

श्रीजेश ने पुरस्कार की घोषणा होने के बाद कह कि मुझे सुबह खेल मंत्रालय से फोन आया था लेकिन शाम तक आधिकारिक घोषणा होने का इंतजार था। इतने समय सब कुछ फ्लैशबैक की तरह दिमाग में चल रहा था। मैं राउरकेला में हॉकी इंडिया लीग का मैच देख रहा था जब पुरस्कारों की घोषणा हुई। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य जीतने के बाद खेल से विदा लेने वाले 36 वर्ष के इस महान पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि मैंने पहला कॉल केरल में माता पिता और पत्नी को किया जिनके बिना यह सफर संभव नहीं था। इसके बाद हरेंद्र सर (सिंह) को फोन किया जिनके मार्गदर्शन में मैने भारत की जूनियर टीम में पदार्पण किया था।

श्रीजेश ने कहा कि कैरियर से विदा लेने के बाद अब यह सम्मान मिलने से मुझे महसूस हो रहा है कि पिछले 20 साल में भारतीय हॉकी के लिये जो कुछ मैने किया है, देश उसके लिये मुझे सम्मानित कर रहा है। मैं देश को धन्यवाद बोलना चाहता हूं। जितना मैने दिया, देश ने मुझे उससे ज्यादा लौटाया है। यह पूछने पर कि ध्यानचंद के




बाद यह सम्मान पाने वाले दूसरे हॉकी खिलाड़ी बनकर कैसा लग रहा है, उन्होंने कहा कि वह इस बात से अनभिज्ञ थे लेकिन बाद में मीडिया के जरिए ही पता चला तो यकीन नहीं हुआ।

भारत की अंडर 21 पुरूष टीम के कोच बने श्रीजेश ने कहा कि मुझे पता नहीं था कि मैं ध्यानचंद जी के बाद यह पुरस्कार पाने वाला दूसरा हॉकी खिलाड़ी हूं।सपने जैसा लग रहा है। भारत का हॉकी में इतना सुनहरा इतिहास रहा है और हमने इतने महान खिलाड़ी विश्व हॉकी को दिए हैं। ऐसे में ध्यानचंद जी के बाद मुझे यह पुरस्कार मिलना मेरे लिए बहुत बड़ी बात है।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन में महिला एकल चैंपियन मैडिसन कीज ने सोमवार को जारी डब्ल्यूटीए विश्व रैंकिंग में अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करते हुए फिर से शीर्ष 10 में जगह बनाई जबकि पुरुष वर्ग के चैंपियन यानिक सिनर ने एटीपी सूची में अपनी महत्वपूर्ण बढ़त बनाए रखी। कीज ने शनिवार को शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका पर तीन सेट की जीत के साथ अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता।

इससे वह सात स्थान की छलांग लगाकर सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। कीज महिला वर्ग में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाली अमेरिका की चौथी खिलाड़ी है। उनके अलावा कोको गॉफ (नंबर तीन), जेसिका पेगुला (नंबर छह) और एम्मा



नवारो (नंबर नौ) शीर्ष 10 में शामिल अन्य अमेरिकी खिलाड़ी हैं। सबालेंका ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खिताब की हैट्रिक पूरी नहीं कर पाई लेकिन वह नंबर एक पर बनी हुई हैं। उनके बाद इगा स्वियातेक का नंबर आता है जो सेमीफाइनल में कीज से हार गई थी।

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग क्विनवेन तीन स्थान गिरकर आठवें स्थान पर खिसक गई है जबकि पाओला बडोसा मेलबर्न पार्क में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दो स्थान ऊपर चढ़कर शीर्ष 10 में पहुंच गईं। पुरुषों के वर्ग में चोटी के चार खिलाड़ियों की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पिछले साल जून से नंबर एक पर काबिज सिनर इस स्थान पर बने हुए हैं जबकि फाइनल में उनसे हारने वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

उनके बाद कार्लोस अलकराज और टेलर फ्रिट्ज का नंबर आता है। पांव की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण सेमीफाइनल से हटने वाले नोवाक जोकोविच एक पायदान ऊपर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि दानिल मेदवेदेव दो पायदान नीचे सातवें स्थान पर फिसल गए हैं।

## माथे पर बिंदी, दबी मुस्कान, मोहम्मद सिराज क्या इस हसीना को कर रहे डेट

**मुंबई (एजेंसी)।** सोशल मीडिया पर भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद सिराज और अभिनेत्री-गायिका जानाई भोसले के बीच डेटिंग की खबरें चल रही हैं। जानाई प्रतिष्ठित गायिका आशा भोसले की पोती हैं। जानाई ने बीते दिनों मुंबई के बांद्रा में अपने 23वें जन्मदिन समारोह की तस्वीरें साझा की जिसमें वह सिराज के साथ बेहद खुश नजर आ रही हैं। दोनों के बीच केमिस्ट्री देखकर फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि उनमें बीच दोस्ती से अधिक कुछ और भी है। दोनों एक-दूसरे को गर्मजोशी भरी मुस्कान के साथ देख रहे हैं जिसे नजरअंदाज करना बेहद मुश्किल दिखता है। उक्त पोस्ट में जानाई अपनी दादी आशा भोंसले, अभिनेता जैकी श्रॉफ और क्रिकेटर सिद्धेश लाड और श्रेयस अय्यर के साथ भी दिख रही हैं। अपनी दादी आशा भोंसले के साथ पिछले दिनों केक काटती दिखाई थी।



पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल होते ही क्रिकेअ फैंस के कमेंट्स की बहार आ गई। कुछेक प्रशंसकों ने तो हंसी मजाक में जानाई को 'भाभी' (भाभी) तक करार दे दिया। एक यूजर ने मजाकिया अंदाज में पूछा- क्या आप सिराज भाईजान से शादी करने जा रहे हैं? वहीं, दूसरे ने लिखा- डीएसपी साहब ऐसे हैं - यहां मैं पिगल गया। एक ने लिखा- यहां डीएसपी गिरफ्तार हो गए हैं। बता दें कि सोशल मीडिया पर मोहम्मद सिराज को डीएसपी भी कहा जाता है क्योंकि बीते साल ही टी20 विश्व कप 2024 जीतने के बाद तेलंगाना सरकार की ओर से डीएसपी बना दिया गया था। अक्सर मैच के दौरान जब सिराज विकेट लेते हैं तो सोशल मीडिया पर उनके डीएसपी से जुड़े मीम्स ही बनते हैं।

जानाई भोसले छत्रपति शिवाजी महाराज पर केंद्रित एक फिल्म से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं, और उनके जन्मदिन समारोह में क्रिकेटरों के साथ-साथ फिल्म और टेलीविजन उद्योग के सितारों सहित कई उल्लेखनीय अतिथि शामिल हुए। जानाई की बर्थडे पार्टी में भारत के स्टार क्रिकेटर श्रेयस अय्यर भी नजर आए। उनके जन्मदिन समारोह में उपस्थित लोगों में अभिनेता जैकी श्रॉफ सिद्धेश लाड, सुयश प्रभुदेसाई, पूर्व बिग बॉस प्रतियोगी आयशा खान और मुंज्या स्टार अभय वर्मा भी शामिल थे।



## कोल्डप्ले का जादू इंडिगो की एक फ्लाइट में भी दिखा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हम मान कर चल रहे हैं कि आप म्यूजिक कॉन्सर्ट कोल्डप्ले से परिचित होंगे। बीते सप्ताह इसने अहमदाबाद में अपना अब तक का सबसे बड़ा कॉन्सर्ट किया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इस प्रतिष्ठित ब्रिटिश बैंड की प्रस्तुति देखने के लिए हज़ारों लोग गुजरात आए। यह शो एक विजुअल और म्यूजिकल स्पेक्टेकल था, जिसमें प्रशंसक रंगीन प्रकाश के एक हुजूम के नीचे थिरकते हुए रातों को वास्तव में अविस्मरणीय बना रहे थे। लेकिन, जादू सिर्फ़ स्टेडियम में ही नहीं था - यह इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट में जमीन से करीब 40 हजार फुट की ऊंचाई पर भी दिखा।

**आसमान में कंसर्ट-** इस समय सोशल मीडिया पर एक वीडियो खूब चल रहा है। इसमें इंडिगो के कप्तान प्रदीप कृष्णन को कोल्डप्ले के प्रशंसकों से भरी पुणे-अहमदाबाद की उड़ान में यात्रियों से बातचीत करते हुए दिखाया गया है। आप में से कितने लोग कोल्डप्ले के संगीत कार्यक्रम में जा रहे हैं आप में से कितनों के पास दो अतिरिक्त टिकट हैं उन्होंने मज़ाक में कहा, जिससे उत्साहित यात्री खुशी से झूम उठे और हंसने लगे।

## 160 रुपये के पार जा सकते हैं विशाल मेगा मार्ट के शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विशाल मेगा मार्ट के शेयर सोमवार को बीएसई में गिरावट के साथ 100.85 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। विदेशी ब्रोकरेज हाउस मॉर्गन स्टैनली ने कंपनी के शेयरों का कवरेज शुरू किया है। मॉर्गन स्टैनली ने विशाल मेगा मार्ट के शेयरों को ओवरवेट रेटिंग दी है। ब्रोकरेज हाउस का कहना है कि विशाल मेगा मार्ट के शेयरों में अच्छी तेजी देखने को मिल सकती है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 117.50 रुपये है।

## कंपनी का नेट प्रॉफिट 19 प्रतिशत बढ़ा, क्वार्टर रिजल्ट के बाद 9 प्रतिशत चढ़ा शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में एक तरफ जहां भारी गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं, दूसरी तरफ डीसीबी बैंक के शेयरों की कीमतों में तूफानी तेजी देखने को मिल रही है। कंपनी के शेयरों की कीमतों में आज करीब 9 प्रतिशत की तेजी देखी गई। इस तेजी के पीछे की वजह तीसरी तिमाही में कंपनी का शानदार प्रदर्शन रहा है।

बीएसई में आज कंपनी के शेयर बढ़त के साथ 115.70 रुपये के लेवल पर खुले थे। कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 8.80 प्रतिशत की तेजी के साथ 123.55 रुपये के लेवल पर पहुंच गया था।

**नेट प्रॉफिट में 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी-** डीसीबी बैंक के नेट प्रॉफिट में सालाना आधार पर इस बार 19.60 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। अक्टूबर से दिसंबर 2024 के दौरान डीसीबी बैंक का नेट प्रॉफिट 151.40 करोड़ रुपये रहा था। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 126.60 करोड़ रुपये रहा था।

बैंक का नेट इंटरेस्ट इनकम 14.5 प्रतिशत बढ़ा है। दिसंबर तिमाही में यह 543 करोड़ रुपये रहा। बीते वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में यह 474 करोड़ रुपये रहा था। ग्रॉस नॉन परफॉर्मिंग एसेट 3.11 प्रतिशत रहा है। पिछले वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 3.29 प्रतिशत रहा।

## 46 एक्सपर्ट बोले- खरीद लो आईसीआईसीआई का शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीआईसीआई बैंक के शेयर सोमवार को बीएसई में तेजी के साथ 1234.40 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। मार्केट एक्सपर्ट्स बैंक के शेयरों पर बुलिश हैं। आईसीआईसीआई बैंक का कवरेज करने वाले 51 एनालिस्ट्स में से 46 ने बैंक के शेयरों को बाय रेटिंग दी है। वहीं, पांच एनालिस्ट्स ने आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों को होल्ड रेटिंग दी है। किसी भी एनालिस्ट ने बैंक के शेयरों को सेल रेटिंग नहीं दी है। यह बात सीएनबीसी-टीवी 18 की एक रिपोर्ट में कही गई है।

**बैंक के शेयरों को 1600 रुपये तक का टारगेट-** ग्लोबल ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए ने आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों पर आउटपरफॉर्म रेटिंग बनाए रखी है। ब्रोकरेज हाउस ने बैंक के शेयरों के लिए 1600 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। ब्रोकरेज हाउस जेफरीज ने बैंक के शेयर खरीदने की सलाह दी है। जेफरीज ने भी आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों के लिए 1600 रुपये का टारगेट दिया है। जेपी मॉर्गन ने आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों को ओवरवेट रेटिंग दी है और इसके शेयरों के लिए 1500 रुपये का टारगेट दिया है। घरेलू ब्रोकरेज हाउस मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने बैंक के शेयरों को बाय रेटिंग के साथ 1550 रुपये का टारगेट दिया है। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज ने बाय रेटिंग के साथ आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों को 1420 रुपये का टारगेट दिया है।

**करीब 15 प्रतिशत बढ़ा है बैंक का नेट प्रॉफिट-** प्राइवेट लेंडर आईसीआईसीआई बैंक का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट दिसंबर 2024 तिमाही में सालाना आधार पर 14.8 पर्सेंट बढ़कर 11,792 करोड़ रुपये रहा है। चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम सालाना आधार पर 9.1 पर्सेंट बढ़कर 20,371 करोड़ रुपये रही है।

## माधबी पुरी बुच के बाद सेबी की कमान किसे: सरकार ने मांगे आवेदन, 28 फरवरी को पूरा हो रहा है कार्यकाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) के अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को आवेदन मांगे हैं। सेबी की मौजूदा चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच का तीन साल का कार्यकाल 28 फरवरी को पूरा हो रहा है। बुच ने दो मार्च 2022 को सेबी प्रमुख का पदभार संभाला था। वित्त मंत्रालय के अधीन आर्थिक मामलों के विभाग ने सार्वजनिक विज्ञापन में उम्मीदवारों से 17 फरवरी तक आवेदन देने को कहा है।

मंत्रालय के अनुसार, ''नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अधिकतम पांच वर्ष की अवधि या नियुक्त व्यक्ति की 65 वर्ष की आयु होने तक (जो भी पहले हो) के लिए की जाएगी।'' विज्ञापन में कहा गया है कि चेयरपर्सन को भारत सरकार के सचिव के बराबर वेतन मिलेगा, जो 5,62,500 रुपये प्रति माह (मकान व कार के बिना) है।





मंत्रालय ने कहा, एक नियामक के रूप में सेबी की भूमिका तथा महत्व को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवार के पास ''उच्च निष्ठा, प्रतिष्ठा के साथ 50 वर्ष से अधिक का अनुभव तथा 25 वर्ष से अधिक का पेशेवर अनुभव होना चाहिए।''

इसमें कहा गया है कि उम्मीदवार के पास ''प्रतिभूति बाजार से संबंधित समस्याओं से निपटने की क्षमता होनी चाहिए या कानून, वित्त, अर्थशास्त्र, लेखाशास्त्र का विशेष ज्ञान या अनुभव होना चाहिए जो केंद्र सरकार की राय में बोर्ड के लिए उपयोगी होगा।''

विज्ञापन में कहा गया, चेयरपर्सन ऐसा व्यक्ति होना चाहिए, जिसका कोई ऐसा वित्तीय या अन्य हित न हो, जिससे उसके पद पर रहते हुए उसके कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका हो। इसमें कहा गया है कि सरकार वित्तीय क्षेत्र विनियामक नियुक्ति खोज समिति (एफएसआरएएससी) की सिफारिश पर सेबी प्रमुख की नियुक्ति करेगी। समिति योग्यता के आधार पर किसी अन्य व्यक्ति की भी सिफारिश करने के लिए स्वतंत्र है, जिसने पद के लिए आवेदन नहीं किया है।



# बच्चों में बढ़ रहा अकेलापन

**यदि हम स्वयं से एक प्रश्न पूछें कि क्या इस दौर के बच्चों और किशोरों में भावनात्मक अकेलापन बढ़ रहा है? तो जवाब होगा जी हां बिल्कुल! कहने को तो चारों तरफ बहुत हलचल है। ये रफ्तार का जमाना है। लिहाजा बच्चे भी कहीं खत्म न होने वाली एक अनंत दौड़ में शामिल हो गए हैं। स्कूल के घंटे खत्म हुए कि कोचिंग क्लास जाना है। परीक्षा खत्म हुई और लो फिर स्कूल शुरू।**

मस्ती में दिन गुजारने वाली छुटियां अतीत की बात हो गई। आज का बच्चा तो रथों की रेस का घोड़ा है जो हर दम जुता हुआ है। उसकी वल्गाएं अभिभावकों, शिक्षकों और उन शिक्षाविदों के हाथ में है जिन्होंने आज के बच्चों की जिंदगी में छुट्टी का पीरियड ही नहीं बनाया। बच्चे अपने दोस्त और सहेलियां पहले भी बनाते थे और अब भी बनाते हैं। आज भी उनका कोई एक मित्र होता है जो घनिष्ठ मित्र होता है या दो-तीन मित्रों का ऐसा समूह होता है जो एक दूसरे को समझते, जानते, चाहते हैं। मगर पढ़ाई का बोझ, कुछ कर गुजरने और शीर्ष पर रहने की अपेक्षाओं का बोझ दोस्तों से इनकी भावनात्मक निकटता को फलने-फूलने का समय नहीं देता। इनका समय एक दूसरे से नोट्स का आदान-प्रदान करने में जितना जाता है उतना समय वे एक-दूसरे से मन की बात करने में नहीं निकाल पाते। संयुक्त परिवार टूट गए हैं। अब घर पर भी बच्चे समूह में नहीं रहते। पिछले बीस वर्षों में जमाना इतना बदला है कि अक्सर पढ़े-लिखे माता-पिता का भी अपने बच्चों से स्पष्ट जनरेशन गैप होता है। अतः किशोर माता-पिता से मन की बात नहीं कह पाते। उन्हें पता है कि वे और माता-पिता संस्कारों के दो अलग छोरों पर खड़े हैं अतः उन्होंने मन की बात कह भी दी तो मां-बाप पचा नहीं पाएंगे। आज के किशोरों की दोस्ती वर्चुअल माध्यम पर भी चलती रहती है। बच्चे पर अच्छी प्रोफाईल बनाने और अच्छा स्टेटस डालने का भी दबाव रहता है। आज का बच्चा 'पीयर प्रेशर' में ही बहुत से काम करता है। उसे दोस्तों को दिखाना, मां-बाप की अपेक्षाएं पूरी करनी है, उपभोक्ता संस्कृति के अनुरूप जीवन जीना है। आज बचपन और किशोरावस्था जटिलताओं से भर गए हैं। लिहाजा हर दूसरे-चौथे दिन किसी किशोर अथवा किशोरी द्वारा आत्महत्या कर लेने की खबरें आती हैं। ये खबरें बाकी माता-पिता, शिक्षकों और समाज के लिए खतरे की घंटी होना चाहिए ताकि वे यह सोचें कि बच्चे के लिए कैरियर के जितनी ही महत्वपूर्ण परिवार से मिलने वाली भावनात्मक सुरक्षा, प्यार और हर हाल में अपनाए जाने का विश्वास भी है। कभी भी बच्चों को यह ताने नहीं मिलना चाहिए कि देखो हम तुम्हारे लिए कितना करते हैं और तुम हो कि अच्छा रिजल्ट नहीं लाते। बच्चों को बार-बार यह एहसास दिलाना उनमें ग्लानि भाव पैदा करता है और जो अंततः अवसाद में भी परिणित हो सकता है।



# आर्थिक प्रबंधन में रखें पूरी भागीदारी

**बदलते वक्त के साथ अब महिलाओं को आर्थिक प्रबंधन में भी पूरी भागीदारी रखनी चाहिए। गृहिणी हों या कामकाजी, दोनों ही स्थितियों में यह ज़रूरी है कि स्त्रियां अपने वित्तीय पक्ष को मज़बूत करें।**

## ख़ुद को जानकार बनाएं

सबसे पहले वित्तीय फैसलों में अपनी जानकारी बढ़ाएं। वित्त संबंधी किताबों, ख़बरों और ऑनलाइन विशेषज्ञों की मदद से जानकारी इकट्ठी करें।

## बजट प्रबंधन में भाग लें

परिजनों के मध्य आर्थिक और वित्तीय पहलुओं की चर्चा में शामिल रहें। बच्चों की उच्च शिक्षा, शादी-विवाह और घरेलू व्यय आदि, ये कुछ ऐसे बड़े ख़र्चे हैं, जिनके लिए धन जुटाने के लिए आपकी भी सहमति और सहयोग आवश्यक है। ध्यान रखें कि चर्चा से आप बेहतर विकल्प खोज सकती हैं और आर्थिक आपदा को भी लाभ के अवसर में बदल सकती हैं।

## बजट बनाएं, अमल करें

वित्तीय प्रबंधन की पहली सीढ़ी है, अपने आय-व्यय का ब्योरा रखना अर्थात बजट बनाना। बजट बनाने के बाद उस पर अमल करना भी ज़रूरी है। एक कहावत है कि 'तेते पांव पसारिए, जेती लांबी सौर' अर्थात आय के अनुसार ही ख़र्चों को सीमित करें। यदि अतिरिक्त ख़र्च अपरिहार्य हैं, तो उन्हें पूरा करने के लिए सुलभ विकल्पों पर विचार करें।

## आकस्मिक कोष बनाएं

मुसीबत कभी कहकर नहीं आती। अनपेक्षित आने वाले ख़र्चों के लिए एक आकस्मिक कोष का निर्माण करें। इससे आप कठिन परिस्थितियों में भी अपनी आर्थिक ज़िम्मेदारियों को पूरा कर सकेंगी। इसके लिए एकमुश्त अथवा धीरे-धीरे धन जमा करें और उसे एक अलग बैंक खाते में रखें।

## बचत भी आय है

कई गृहिणियां यह कहती हैं कि उनकी कोई आय नहीं है। वास्तव में बचत भी आय का एक स्वरूप है। छोटी-छोटी बचत लंबे समय में एक अच्छा कोष एकत्र करने में आपकी मदद कर सकती हैं।






# भूख लगने पर शिशु देता है कुछ ऐसे संकेत

शिशु बोलकर आपको अपनी बात या जरूरत नहीं समझा सकता है इसलिए इतने छोटे बच्चे की बात आपको ही समझनी पड़ती है। बड़े बच्चों को जब भी भूख लगती है, वो बोलकर आपको बता देते हैं लेकिन नन्हे शिशु की बात और जरूरत को समझना मुश्किल होता है क्योंकि ये सिर्फ रोकर ही अपनी बात कहते हैं और अभी इन्होंने बोलना शुरू नहीं किया होता है। नवजात शिशु बोलकर अपनी बात नहीं कह सकता है लेकिन वो कुछ संकेतों की मदद से आपको अपनी जरूरत के बारे में जरूर बताता है। अब आपको उसकी बात समझनी होगी।

## शिशु से मिलने वाले कॉमन साइन

अगर बच्चा जागा हुआ है और एलर्ट दिख रहा है, तो यह इस बात का साफ संकेत है कि उसे भूख लगी है। आपकी अटेंशन पाने के लिए शिशु अपने शरीर को हिलाता है। वो अपने पैर और हाथ इधर-उधर मारेगा।

## पहली बार पेरेंट बने

अगर आप पहली बार पेरेंट बने हैं, तो शिशु की भाषा को समझना आपके लिए थोड़ा मुश्किल हो सकता है। शुरुआत में आपको इसमें दिक्कत हो सकती है लेकिन धीरे-धीरे आप सब सीख जाएंगे। शिशु की बात समझने में सबसे ज्यादा दिक्कत आती है कि बच्चे को कब भूख लगी है। अगर आपका बच्चा यहां बताए गए कुछ संकेत दे रहा है, तो समझ लें कि उसे भूख लगी है।

## कैसे समझें शिशु के संकेत

यदि शिशु लगातार अपनी उंगलियों को मुंह में ले रहा है, तो समझ लें कि उसे दूध पीना है। जब बच्चे को बहुत तेज भूख लगती है, तब वो अपना सिर हिलाने लगता है। बेचैन होने पर बच्चा मुंह भी बनाने लगता है। तेज से रोने का भी यही मतलब है कि शिशु को भूख लगी है। भूख लगने का यह सबसे स्पष्ट संकेत होता है।

## दूध पीने के बाद भी रोए तो

नन्हा शिशु रोकर ही अपनी बात कहता है और भूख लगने का सबसे स्पष्ट संकेत भी वो रोकर ही देता है लेकिन कई बार शिशु के रोने की कोई और वजह भी हो सकती है। अगर दूध पीने के बाद भी बच्चा रो रहा है, तो इसके पीछे कोई और कारण हो सकता है। कई शिशु दूध पीने के बाद सोना चाहते हैं इसलिए दूध पिलाने के बाद बच्चे को सुलाने की कोशिश करें।

## शिशु के रोने के कारण

आमतौर पर शिशु दिन में सबसे ज्यादा बार भूख लगने पर ही रोता है। वो रोकर आपको यह बताने की कोशिश करता है कि उसे भूख लगी है और दूध पीना है। लेकिन हर बार या हर रोज शिशु भूख की वजह से ही रो रहा है, ये जरूरी नहीं है। पेट दर्द या गैस की वजह से भी शिशु रो सकता है। कई घंटों तक शिशु के रोने की वजह कोलिक पेन भी हो सकता है। अगर आपको शिशु के रोने की वजह समझ नहीं आ रही है तो एक बार डॉक्टर को दिखा लें।

## डॉक्टर को कब दिखाएं

अगर बच्चा कुछ दिनों से लगातार रोकर भूख लगने का संकेत दे रहा है, तो आपके एक बार पीडियाट्रिशियन को दिखा लेना चाहिए। वहीं अगर शिशु को बहुत ज्यादा नींद आ रही है या दूध पिलाने के लिए हर समय आपको उसे उठाना पड़ता है, तो भी आपको डॉक्टर से चेकअप करवाना चाहिए।

# स्टेनलेस स्टील से जंग हटाने के लिए अपनाएं यह आसान टिप्स

स्टेनलेस स्टील, एक ऐसा मैटीरियल है, जिसका लगभग हर घर में इस्तेमाल होता है। आपको अपने घर की किचन में ही स्टेनलेस स्टील के कई प्रॉडक्ट्स देखने को मिलेंगे और यह केवल बर्तनों तक ही सीमित नहीं है। न केवल रसोई में, बल्कि स्टेनलेस स्टील के कई अन्य महत्वपूर्ण उपयोग भी हैं जैसे कि इसे पानी के नल, कृषि उपकरण और कई चीजों को बनाने में भी इस्तेमाल किया जाता है। स्टेनलेस स्टील के व्यापक उपयोग का एक सबसे बड़ा कारण यह भी है कि इसमें न केवल लागत कम आती है, बल्कि यह जंग के लिए भी प्रतिरोधी है। दरअसल, इसकी सतह पर एक क्रोमियम फिल्म होती है, जिसके कारण यह जंग प्रतिरोधी है। यही कारण है कि स्टेनलेस स्टील पानी और ऑक्सीजन के संपर्क में आने के बाद भी चमकदार रहता है। लेकिन जैसे ही यह क्रोमियम फिल्म स्टेनलेस स्टील की सतह से हटती है, इसमें जंग लगना शुरू हो जाता है। तो चलिए आज हम यहां आपको कुछ ऐसे तरीकों के बारे में बता रहे हैं, जिनके जरिए आप स्टेनलेस स्टील से जंग हटा सकते हैं-

## बेकिंग सोडा का इस्तेमाल

बेकिंग सोडा की मदद से स्टेनलेस स्टील से जंग बेहद आसानी से हटाया जा सकता है। हालांकि इस तरीके को अपनाकर आप छोटे हिस्से से जंग को हटा सकते हैं। इसके लिए आपको 1 चम्मच बेकिंग सोडा 2 कप पानी, एक नरम साफ सूती कपड़ा और एक टूथब्रश की आवश्यकता होगी। इस तरीके को अपनाकर आप सबसे पहले 1 चम्मच बेकिंग सोडा को एक कप पानी में मिलाएं। अब टूथब्रश की मदद से, जंग से प्रभावित हिस्से को रगड़ें। बेकिंग सोडा को नॉन-एब्रेसिव होने के लिए जाना जाता है और इसलिए यह स्टील की सतह से जंग को धीरे से हटा देगा। एक बार जब जंग के दाग साफ हो जाएं तो आप इसे सामान्य पानी से धो सकते हैं और फिर कपड़े की मदद से इसे पोंछें। वहीं अगर एक बड़ा हिस्सा जंग से प्रभावित है तो यह स्टेप्स आपके काम नहीं आएंगे, बल्कि आप इन स्टेप्स को फॉलो करें। इसके लिए आप सबसे पहले सतह को धोएं जैसे कि स्टेनलेस स्टील से बने बड़े कंटेनर को सबसे पहले वॉश करें। सुनिश्चित करें कि आप किसी भी प्रकार के पदार्थ को इससे हटाते हैं। अब स्टेनलेस स्टील उत्पाद के प्रभावित क्षेत्र पर कुछ बेकिंग सोडा छिड़कें। सुनिश्चित करें कि प्रभावित एरिया बेकिंग सोडा के साथ कवर किया गया है। अब इसे 25-30 मिनट तक ऐसे ही रहने दें। अब



आपको बेकिंग सोडा वाले क्षेत्र को स्क्रब करने की आवश्यकता है। इसके लिए आप एक पुराने टूथब्रश का उपयोग कर सकते हैं। हालांकि, ध्यान रखें कि आपको बहुत अधिक आक्रामकता से नहीं, बल्कि धीरे से रगड़ना है। जब आप स्टील की सतह को छोड़ते हुए जंग को देखते हैं, तो आप इसे सामान्य पानी से धो दें। अंत में, इसे एक सूती कपड़े से पोंछ लें।

## सिरका का इस्तेमाल

यह एक और तरीका है जिसके द्वारा आप स्टेनलेस स्टील से जंग हटा सकते हैं। आपको बस इतना करना होगा कि प्रभावित जगह पर सिरका लगाएं और इसे सूखने दें। फिर आप टूथब्रश की मदद से इस क्षेत्र को धीरे से साफ कर सकते हैं। इसके बाद, आप सतह को सामान्य पानी से धो सकते हैं और कपड़े की मदद से इसे पोंछ सकते हैं। आप देखेंगे कि जंग पूरी तरह से साफ हो गया है।



# बचपन से सही हों खानपान की आदतें

**बच्चों की खानपान की आदतें अब कमोबेश हर घर में चिंता का विषय बनती जा रही हैं। बार-बार कहने पर भी फल-सब्जियां ना खाना और जंक फूड खाने की जिद करना आजकल आम है। जैसे-जैसे बच्चे बड़े होते हैं उनकी यह जिद और खाने की चीजों को लेकर किया जाने वाला चुनाव ज्यादा अजीबो-गरीब होता जाता है। अभिभावक चिंता तो करते हैं पर एक समय के बाद वे चाहकर भी बच्चों की खानपान की आदतें नहीं सुधार सकते। नतीजा यह होता है कि ये छोटी-छोटी आदतें आगे चलकर बीमारी की बुनियाद बन जाती हैं। इसलिए जरूरी है कि वे समय रहते चेतें। बचपन से ही खानपान की आदतों पर ध्यान दें ताकि आगे चलकर बच्चों की सेहत को नुकसान ना पहुंचे।**

## सही पोषण के बारे में बताएं

आजकल बच्चे जबरदस्ती थोपे जाने से कोई काम नहीं करते। इसलिए अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को जो कुछ भी करने को कहें उस काम के फायदे भी समझाएं। धैर्य और सूझबूझ के साथ उन्हें सही पोषण के बारे में बताएं। साथ ही खाने-पीने की अस्वस्थ आदतों को लेकर होने वाले नुकसानों की भी जानकारी दें। यह चिंता का विषय है कि आजकल कम उम्र में ही बच्चों को कई बीमारियां घेर रही हैं। जिसकी सबसे बड़ी वजह अस्वस्थ जीवनशैली ही है। इस अजब- गजब लाइफस्टाइल में खानपान की बिगड़ी आदतें सबसे अहम हैं। इसलिए बच्चों को सेहतमंद बनाने के लिए उन्हें सही पोषण वाला खाना खाने के लिए समझाइश दें।


बच्चों को स्नैक अटैक जैसी आदतों से बचाएं। जो आजकल आम हो चली हैं। छोटी उम्र में ही उन्हें सही और स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद खाने के बारे में जानकारी देना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि बचपन में जो स्वास्थ्य समस्याएं बच्चों को घेर लेती हैं वे जिंदगी भर पीछा नहीं छोड़तीं। इनमें मोटापे जैसी तकलीफ सबसे ऊपर है। अध्ययन बताते हैं कि बचपन में मोटे रहे लोगों में से 50 से 80 फीसदी बड़े होने पर भी मोटापे के शिकार रहते हैं। ध्यान रहे है कि उम्र कोई भी हो मोटापा अपने आप में कई दूसरी स्वास्थ्य समस्याओं की जड़ है। हाल ही में आ रही सभी रिपोर्ट्स कमोबेश यही बताती हैं कि दुनिया भर में मोटापे के मामले बढ़ रहे हैं। बच्चे खासतौर पर बढ़ते वजन की समस्या से प्रभावित हो रहे हैं। जाहिर है, इस वजह से कम उम्र में ही सेहत से जुड़ी तमाम परेशानियां भी बढ़ रही हैं।

## कीजिए सेहत के खतरों का जिक्र

बच्चे खुद अपने स्वास्थ्य और सेहत के लिए सजग नहीं हो सकते। ना ही वे खान-पान की गलत आदतों के खतरों को समझ सकते हैं। उनका मासूम मन केवल स्वाद जानता है। इसलिए उन्हें सेहत के लिए खतरा पैदा करने वाली इस राह पर चलने से रोकने का काम मम्मी-पापा को ही करना होता है। इसके लिए आप उन्हें जंक फूड से होने वाले नुकसान प्यार से समझाएं। अगर उन्हें बाहर का खाना ज्यादा पसंद आता है तो घर में ही स्वाद का बदलाव कर कुछ अच्छा बनाकर खिलाएं और घर के खाने के फायदे भी बताएं। उन्हें समझाएं कि घर में बनाया गया खाना साफ-सुथरा और पौष्टिकहोता है जिसके कई सारे लाभ हैं। इसका एक फायदा यह है कि बच्चों में ऐसी आदतों के जड़ें जमाने से पहले ही वे उनसे बाहर आ जाएंगे। विशषज्ञों का मानना है कि खाने की आदतें बच्चों के व्यवहार को भी प्रभावित करती हैं। इतना ही नहीं बिगड़ता खानपान अनियमित दिनचर्या की भी एक बड़ी वजह बनता है। परिणामस्वरूप छोटे-छोटे बच्चों में भी आजकल डायबिटीज जैसी बीमारियां देखने को मिल रही हैं। इस तरह की आदतों का असर कई बार मोटापे या बच्चे के वजन कम होने के रूप में भी सामने आता है। खानपान की आदतें घर परिवार के माहौल के मुताबिक भी बनती हैं। इसलिए पहले घर के बड़े अपनी दिनचर्या और आदतों में बदलाव लाएं।

## हमेशा मनमानी ना करने दें

खानपान की आदतें स्वाद के साथ ही सेहत भी लिए हों, यह जरूरी है। इसलिए मनचाहा खाने की जिद करने वाले बच्चों को हर बार मनमानी ना करने दें। यदि आप घर में ही प्रोसेस्ड फूड लेकर नहीं आएंगे तो बच्चे कम से कम घर में तो बचे ही रहेंगे। बच्चों के खाने की चीजों में हरी सब्जियां और फल जरूर शामिल करें। हमेशा बच्चों की मनमानी को मान लेना सेहत ही नहीं बिगाड़ता बल्कि व्यवहार को भी उग्र बनाता है। कई बार देखने आता है कि कुछ बच्चे खाना नहीं खाने के लिए भी जिद करते हैं। समय रहते सचेत होना जरूरी है क्योंकि ऐसी आदतें आगे चलकर बच्चों के जीवन पर बुरा असर डालती है। यह चिंता का विषय है कि आज दुनियाभर में 10 प्रतिशत बच्चे ओवरवेट हैं। हमारे यहां भी ये आंकड़े तेजी से बढ़ रहे हैं।



# हम अकबर औरंगजेब के बारे में पढ़ते हैं लेकिन...

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने हाल ही में एक इंटरव्यू में इतिहास की किताबों में सुधार की जरूरत पर जोर दिया। वह अपनी नई फिल्म स्काई फोर्स के प्रमोशन के दौरान इस मुद्दे पर बात कर रहे थे। अक्षय ने कहा कि इतिहास की किताबों में भारतीय सैनिकों की वीरता की कहानियों को भी शामिल किया जाना चाहिए, क्योंकि अक्सर हमें अकबर और औरंगजेब जैसी शख्सियतों के बारे में पढ़ने को मिलता है, लेकिन हमारे असली नायक, जिनकी बहादुरी ने देश को बचाया है, उनकी कहानियां नदारद रहती हैं।

**जानबूझकर चुनता हूं ऐसी कहानियां**

एक इंटरव्यू के दौरान अक्षय ने कहा, हमारी किताबों में बहुत सारी चीजें नहीं हैं। मैं जानबूझकर उन किरदारों को चुनता हूं जो हमारी किताबों का हिस्सा नहीं हैं। मैं यही करना चाहता हूं। ये सभी अनजाने नायक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लोग इन नायकों के बारे में इसलिए नहीं जानते, क्योंकि कोई भी इनकी कहानी को गहराई से नहीं खोजता। अक्षय ने कहा, मैं इस प्रकार के किरदारों को चुनता हूं, क्योंकि ये कहानियां बहुत महत्वपूर्ण हैं।

**इतिहास की किताबों में सुधार की जरूरत**


अक्षय ने आगे कहा, इतिहास की किताबों में कई चीजें सुधारने की जरूरत है। हमें अकबर और औरंगजेब के बारे में तो पढ़ने को मिलता है, लेकिन हमारे खुद के नायकों के बारे में नहीं। इनका नाम भी किताबों में होना चाहिए। अभिनेता ने उन बहादुर सैनिकों का भी उल्लेख किया, जिन्हें परम वीर चक्र जैसे सम्मान मिले हैं। उन्होंने कहा कि उनकी साहसिक कहानियों को भी महत्व देना चाहिए। अक्षय ने कहा हमारे पास सेना से जुड़ी बहुत सारी कहानियां हैं, जिनमें से कई सैनिकों को परम वीर चक्र मिला है। मुझे लगता है कि इतिहास को ठीक करने की जरूरत है। साथ ही, ऐसे ही नायकों की कहानियां नई पीढ़ी को बताई जानी चाहिए।

**केओ आहूजा के किरदार में दिखेंगे अक्षय**

फिल्म स्काई फोर्स में अक्षय कुमार विंग कमांडर केओ आहूजा का किरदार निभा रहे हैं, जो भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर ओम प्रकाश तनेजा पर आधारित है। 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान ओम प्रकाश तनेजा ने दुश्मन के विमान और रनवे को नष्ट करके वीरता का परिचय दिया था, जिसके लिए उन्हें वीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

### ये सितारे भी फिल्म में हैं मौजूद

फिल्म में अक्षय के साथ वीर पहाडिया, निम्रत कौर और सारा अली खान भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का निर्देशन अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने किया है। यह फिल्म 24 जनवरी को रिलीज होने जा रही है।



# रश्मिका ने बढ़ाई फैंस की टेंशन, क्या 'छावा' के बाद ले लेंगी संन्यास?

रश्मिका मंदाना और विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' का ट्रेलर रिलीज हुआ। सोशल मीडिया पर फिल्म के ट्रेलर ने तहलका मचा दिया। ट्रेलर लॉन्च में नजर आने के बाद अभिनेत्री ने कहा कि वह इस प्रोजेक्ट से इतनी खुश हैं कि वह खुशी-खुशी रिटायर हो सकती हैं।

### मैं रिटायर भी हो सकती हूं

ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान रश्मिका ने फिल्म और अपने किरदार को लेकर अपना अनुभव साझा किया। अभिनेत्री ने इस दौरान फैंस को हैरान करने वाली बात कह दी। फिल्म की प्रशंसा करते हुए रश्मिका ने हंसते हुए कहा, मैं अभी निर्देशक लक्ष्मण सर से बात कर रही थी, मुझे लगता है कि इस रोल के बाद तो मैं रिटायर भी हो सकती हूं। अभिनेत्री ने कहा कि महारानी यसुबाई का किरदार निभाना किसी प्रिविलेज से कम नहीं। फिल्म और इसके ट्रेलर के बारे में और बात करते हुए, रश्मिका ने कहा, इस ट्रेलर को देखकर मेरा दिल भर आया, विक्की ने जो किया उसे देखकरज्वह लगभग भगवान जैसे दिखते हैं...वह छावा हैं। यह अविश्वसनीय है।

### चोटिल पैर के साथ ट्रेलर लॉन्च इवेंट में पहुंचीं अभिनेत्री

रश्मिका हाल ही में जिम में ट्रेनिंग करते हुए चोटिल हो गई थीं। अभिनेत्री 'छावा' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अभिनेत्री अपने चोटिल पैर के साथ पहुंचीं, जिसके बाद वह सुर्खियों में आ गईं। इस दौरान विक्की कौशल ने उन्हें स्टेज पर चढ़ने में मदद की, जिसके बाद फैंस उनकी तारीफ करने लगे।

छावा एक ऐतिहासिक एक्शन फिल्म है, जिसमें विक्की कौशल मुख्य भूमिका में हैं, जो मराठा राजा छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर केंद्रित है। यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज की मृत्यु के बाद उनके जीवन की घटनाओं को दर्शाती है। फिल्म में रश्मिका मंदाना ने महारानी येसुबाई की भूमिका निभाई है। उनके अलावा, फिल्म में आशुतोष राणा, दिव्या दत्ता, विनीत कुमार सिंह, डायना पेंटी और कई अन्य कलाकार भी शामिल हैं।

### रश्मिका मंदाना वर्क फ्रंट

रश्मिका मंदाना के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह धनुष और नागार्जुन अक्किनेनी स्टारर 'कुबेर' में भी मुख्य भूमिका निभाने वाली हैं। इसके अलावा वह सलमान खान के साथ 'सिकंदर' में भी नजर आएंगी।



# क्यों साउथ की फिल्में नहीं करना चाहती हैं सामंथा

सामंथा रुथ प्रभु की आखिरी बार विग्नेश शिवन की तमिल फिल्म काथुवाकुला रेंदु काधल में देखा गया था। इसके बाद वह बॉलीवुड वेब सीरीज सिटाडेल हनी बनी में नजर आईं। लेकिन सामंथा को जाने क्या हो गया है कि वह अब साउथ की फिल्में नहीं करना चाहती हैं। हालांकि, उनकी फिल्म रक्त ब्रह्मांड चर्चा में जरूर है। सामंथा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म रक्त ब्रह्मांड को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। सामंथा रूथ प्रभु की पिछले साल सिटाडेल हनी बनी आई थी। इस सीरीज में सामंथा बॉलीवुड अभिनेता वरुध धवन के साथ जमकर एक्शन करती नजर आईं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एक इंटरव्यू में, सामंथा ने खुलासा किया कि वह अपनी भूमिकाओं को लेकर काफी सेलेक्टिव रही हैं। यही वजह है कि वह ऐसी भूमिकाओं को टाल रही हैं, जो उन्हें चुनौती नहीं देती हैं। सामंथा ने तमिल फिल्में साइन ना करने का कारण बताते बुए कहा, कई फिल्में करना आसान है, लेकिन मुझे लगता है कि मैं अपने जीवन के उस मुकाम पर हूं, जहां हर फिल्म को ऐसा महसूस होना चाहिए कि यह आखिरी है। फिल्म में उस तरह का प्रभाव होना चाहिए। यही वजह है कि मैं खुद को इस तरह क की फिल्म करने के लिए तैयार नहीं कर सकती। सामंथा की आखिरी तमिल फिल्म 2022 की काथुवाकुला रेंडु काधल थी। सामंथा ने द फैमिली मैन 2, सिटाडेल- हनी बनी के साथ कई प्रोजेक्ट पर काम किया है और हाल ही में, वह रक्त ब्रह्मांड में दिखाई देने वाली हैं। सामंथा का कहना है कि इन प्रोजेक्ट में उन्हें कुछ अनोखा करने का मौका मिला। उन्होंने कहा, अच्छे कारण से वे (राज और डीके) ही हैं, जिन्होंने मुझे अधिक से अधिक चुनौतियों की चाहत के साथ बिगाड़ा है। जब मैं हर दिन काम पर जाती हूं, तो एक अभिनेता के रूप में किसी भूमिका को इतना अधिक देना बेहद संतोषजनक होता है। और अगर मुझे हर दिन वह एहसास नहीं होता है, तो मैं काम पर नहीं जाना चाहती।




# क्या सारा अली खान को डेट कर रहे हैं अर्जुन प्रताप बाजवा?

सारा अली खान की लव लाइफ तब से चर्चा में है, जब से उन्होंने सुशांत सिंह राजपूत के साथ केदारनाथ में डेब्यू किया था। पिछले साल उनके अभिनेता और मॉडल अर्जुन प्रताप बाजवा के साथ डेटिंग करने की अफवाह उड़ी थी। उन्हें केदारनाथ में उनके साथ देखा गया था। अब, एक साल बाद अर्जुन ने डेटिंग अफवाहों पर टिप्पणी करते हुए कहा, लोगों को जो लिखना है, वे लिखेंगे।

### डेटिंग की अफवाह पर बोले प्रताप बाजवा

हाल ही में एक साक्षात्कार में अर्जुन ने चल रहीं अफवाहों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि यह उनका काम है, जबकि वह सिर्फ खुद पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, तो, लोगों को जो भी लिखना है, वे लिखेंगे। यह उनका काम है। वे अपना काम कर रहे हैं। मैं सिर्फ अपने आप पर और मुझे क्या करना है, इस पर ध्यान केंद्रित करता हूं और यह वास्तव में मुझे परेशान नहीं करता है। इस बीच सारा ने अभी तक डेटिंग अफवाहों पर प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### कौन हैं प्रताप बाजवा

प्रताप बाजवा पंजाब में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य और राजनीतिज्ञ फतेह सिंह बाजवा के बेटे हैं। वह सिंह इज ब्लिंग में सहायक थे और उन्होंने बैंड ऑफ महाराजा फिल्म में काम किया है। अभिनेता और मॉडल होने के अलावा, वह फिटनेस के भी शौकीन हैं। वह एक प्रशिक्षित एमएमए फाइटर हैं।

### सारा अली खान की फिल्म


इस बीच सारा अली खान वीर पहाड़िया के साथ अपने पिछले रिलेशनशिप की अफवाहों के कारण चर्चा में हैं। दोनों ने हाल ही में रिलीज हुई फिल्म स्काई फोर्स में एक साथ काम किया था, जिसमें उन्होंने एक-दूसरे के पति-पत्नी का किरदार निभाया था। दर्शकों द्वारा उनकी शानदार केमिस्ट्री की तारीफ की जा रही है।



# वीर पहाड़िया ने स्काईफोर्स के लिए ली जान्हवी कपूर से सलाह

फिल्म स्काईफोर्स में वीर पहाड़िया बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रहे हैं। वीर अपने इंडस्ट्री के दोस्तों और करीब परिवार जान्हवी कपूर से टिप्स लेते रहते हैं। उन्होंने इस बारे में अब खुलकर बात की है। उभरते हुए अभिनेता ने अपने भाई की गर्लफ्रेंड से टिप्स लेने की बात स्वीकार की और कहा मैं उनसे कोई भी सलाह मांगने का मौका नहीं छोड़ता। उन्होंने कहा, मेरे सभी दोस्त अभिनेता हैं, मैं उनसे कोई भी सलाह लेने का मौका नहीं छोड़ता। और वह काफी अनुभवी हैं। तो हां, मैंने तो कई सारी चीजों को लेकर बात की है। अपनी आगामी फिल्म स्काईफोर्स को लेकर वीर पहाड़िया ने बात की है। उन्होंने कहा कि फिल्म गुंजन सक्सेना में भी जान्हवी ने एक कारगिल गर्ल का किरदार निभाया है, ठीक वैसे ही आगामी एक्शन फिल्म निभाने जा रहे हैं। इसके लिए उन्होंने जान्हवी कपूर से सलाह ली थी।

वीर पहाड़िया आगे कहते हैं, 'स्क्वाड्रन लीडर अज्जामद बोपय्या देवय्या का किरदार निभाने को लेकर मैं डर हुआ था।



# कभी चाय बेचकर रोजाना 50 रुपये कमाए, अब फिल्म के लिए ली 200 करोड़ की फीस

पैन इंडिया फिल्म केजीएफ ने साउथ अभिनेता यश को भारत ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में पहचान दिलाई। वह इस फिल्म से पैन इंडिया पैन इंडिया स्टार भी बना दिया। केजीएफ के बाद इसके दूसरे भाग ने तो दर्शकों के बीच यश की लोकप्रियता को आसमान तक पहुंचा दिया। दोनों फिल्मों ने कुल मिलाकर 1500 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की, जो अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली कन्नड़ फिल्मों में से एक है। इस सफलता ने यश को सुपरस्टार के रूप में स्थापित किया, लेकिन यहां तक पहुंचना यश के लिए आसान नहीं था। एक साधारण बस ड्राइवर के बेटे के रूप में शुरुआत करने वाले यश ने सफलता के लिए लंबा सफर तय किया। जब यश की उम्र सिर्फ 16 साल थी, तब उन्होंने अपने माता-पिता को घर छोड़ने और सिनेमा में अपना सपना पूरा करने के लिए मना लिया था। उन्हें एक कन्नड़ फिल्म में सहायक निर्देशक के तौर पर काम पर रखा गया था। हालांकि, बैंगलोर पहुंचने के दो दिन बाद ही इस प्रोजेक्ट को बंद कर दिया गया। इस बारे में बात करते हुए अभिनेता ने कहा, मैं अपने घर से भाग गया। जब मैं बेंगलुरु आया तो मैं पहुंचते ही डर गया। इतना बड़ा, डराने वाला शहर, लेकिन मैं हमेशा से ही एक आत्मविश्वासी लड़का था। मैं संघर्ष करने से नहीं डरता था। जब मैं बेंगलुरु पहुंचे, तो मेरी जेब में सिर्फ 300 रुपये थे। मुझे पता था कि अगर मैं वापस गया तो मेरे माता-पिता मुझे कभी यहां वापस नहीं आने देंगे।

### ऐसे शुरू हुआ यश का फिल्मी सफर

यश के पास सिर्फ 300 रुपये थे और वह बेनका ड्रामा ट्रूप में शामिल हो गए। यहां वह बैकस्टेज हैंड के तौर पर काम करते थे। यहां वह चाय परोसने जैसे छोटे-मोटे काम करते थे और 50 रुपये प्रतिदिन कमाते थे। थिएटर में अपनी कला को निखारने के साथ-साथ यश ने कॉलेज में भी दाखिला लिया। आखिरकार, उन्हें टीवी सीरीज नंदा गोकुला में अभिनय का मौका मिला, जहां उनकी मुलाकात अभिनेत्री राधिका पंडित (अब पत्नी) से हुई। 2007 में, यश ने रॉकी (2008) में मुख्य भूमिका निभाने से पहले, जांबाडा हुडुगी में सहायक भूमिका के साथ फिल्मों में कदम रखा।

### कई हिट फिल्मों में काम कर चुके हैं यश

आखिरकार यश को मोडालासाला में रोमांटिक कॉमेडी के साथ एक प्रमुख स्टार के रूप में सफलता मिली। अगले वर्ष उन्होंने किराटका की सफलता के साथ खुद को एक बैंकेबल स्टार के रूप में स्थापित किया। अगले कुछ वर्षों में उन्होंने मोगिना मनासु, ड्रामा, गुगली, मिस्टर एंड मिसेज रामचारी और मास्टरपीस जैसी हिट फिल्में दीं।

### केजीएफ से मिला स्टारडम

2018 में यश ने केजीएफ- चैप्टर 1 में अभिनय किया, जिसने 250 करोड़ की कमाई करके बॉक्स ऑफिस के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। यह अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली कन्नड़ फिल्म थी। यह रिकॉर्ड चार साल तक कायम रहा। उसके बाद केजीएफ- चैप्टर 2 ने 1250 करोड़ रुपये की शानदार कमाई करके इसे तोड़ दिया। यह फिल्म अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में से एक है और 1000 करोड़ रुपये से ज़्यादा की कमाई करने वाली इकलौती कन्नड़ फिल्म है।

कन्नड़ सिनेमा से बाहर भी यश की दुनिया केजीएफ से मिले नेशनल स्टारडम ने यश को कन्नड़ सिनेमा से बाहर निकलने में मदद की।

# स्पर्श श्रीवास्तव निभाएंगे नेगेटिव रोल

एनसी24 में नागा चैतन्य के साथ लापता लेडीज के अभिनेता नजर आने वाले हैं। लेकिन इस बार वह किसी हीरो के किरदार में नहीं बल्कि एक विलेन के रोल में नजर आएंगे। आइए जानते हैं यहां किस अभिनेता की बात हो रही है। नवंबर 2024 में, आधिकारिक तौर पर घोषणा की गई कि थंडेल अभिनेता नागा चैतन्य और विरुपाक्ष निर्देशक कार्तिक वर्मा दंडू ने एक अखिल भारतीय रहस्यवादी थ्रिलर के लिए हाथ मिलाया है, जिसका शीर्षक अस्थायी रूप से एनसी 24 रखा गया है। फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन चरण में है। जानकारी के अनुसार, कथित तौर पर इस फिल्म में लापता लेडीज में अपनी भूमिका के लिए मशहूर अभिनेता स्पर्श श्रीवास्तव को खलनायक की भूमिका के लिए चुना गया है।

